RNI NO. DELHIN/2012/48369
वर्ष 7 अंक 314
नई दिल्ली, सोमवार, 23 सितंबर, 2019
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



स्वरा भास्कर ने पूरा किया बॉलीवुड का अपना सपना

राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

# अमेरिका में मोदी-मोदी की गूंज

## दुनिया ने देखा भारत का जलवा

● ट्रंप बोले-भारत के लिए असाधारण काम कर रहे हैं मोदी, उनके नेतृत्व में भारत मजबूत हो रहा है

**एजेंसी।** ह्यूस्टन

**अमेरिका** के ह्यूस्टन में खचाखच भरे एनआरजी स्टेडियम में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे तो पूरा स्टेडियम मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा। हाउडी मोदी कार्यक्रम ने न सिर्फ अमेरिका और भारत का बल्कि पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। हाउडी मोदी कार्यक्रम में जब ट्रंप भी पहुंचे तो पूरी दुनिया को भारत की बढ़ती शक्ति का अहसास हुआ।

अमेरिकी राष्ट्रपति संभवत: पहली बार किसी दूसरे देश के नेता के लिए आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का भारतीय-अमेरिका समुदाय से परिचय कराते हुए उन्हें विशेष व्यक्ति बताया और कहाकि वह (ट्रंप) किसी परिचय के मोहताज नहीं है क्योंकि उनका नाम धरती पर हर व्यक्ति को पता है। प्रधानमंत्री ने कहाकि मैं उनके नेतृत्व, अमेरिका के लिए उनकी चाहत और हर अमेरिकी के लिए उनकी चिंता के कारण राष्ट्रपति ट्रम्प की प्रशंसा करता हूं। जब मैं ट्रंप से पहली बार मिला था तो उन्होंने मुझे बताया था कि भारत का व्हाइट हाउस में सच्चा मित्र है। उन्होंने कहाकि आज जो यहां माहौल है वह केवल अंकगणित तक सीमित नहीं है। हम यहां एक नई हिस्ट्री और नई कैमिस्ट्री बनते हुए देख रहे है।



ह्यूस्टन के एनआरजी स्टेडियम में जनसमूह का हाथ हिलाकर अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। साथ में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

वहीं अपने भाषण में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी को अमेरिका का सबसे बड़ा, सबसे सच्चा मित्र बताते हुए कहा कि वह भारत के लिए असाधारण काम कर रहे हैं। मोदी के नेतृत्व में भारत मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहाकि इस कार्यक्रम में आकर मैं रोमांचित हूं। मेरा सौभाग्य है कि मैं इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के साथ हूं। प्रवासी भारतीयों पर हमें गर्व है। ट्रंप ने कहाकि दोनों देशों के संबंध इतने मजबूत पहले कभी नहीं थे। हमारे साझा सपने हैं और भविष्य उज्ज्वल है। ट्रंप ने पिछले सप्ताह 69 वर्ष के हुए प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की बधाई भी दी। उन्होंने कहाकि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया मजबूत, फलता-फूलता और संप्रभु भारत देख रही है। ट्रंप ने भारतीय-अमेरिकियों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि हमारे देशों को पहले से कहीं ज्यादा समृद्ध बनाने के लिए मैं मोदी के साथ काम करने का इच्छुक हूं। उन्होंने कहा कि दोनों देश कट्टरपंथी इस्लामिक आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे।

दोनों नेताओं के मंच पर पहुंचे के बाद भारत और अमेरिका का राष्ट्रगान गाया गया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रविवार को एनआरजी स्टेडियम पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। यह पहली बार था जब ट्रंप और मोदी ने एक मंच पर आकर भारतीय मूल के 50,000 से अधिक अमेरिकियों ( **शेष पेज 10** )

# पीएम ने नया कश्मीर बनाने का किया वादा

● कश्मीरी पंडितों के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात

**एजेंसी।** ह्यूस्टन

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कश्मीरी पंडितों के 17 सदस्यों वाले एक प्रतिनिधिमंडल से यहां मुलाकात की और उन्हें एक नए कश्मीर के निर्माण का आश्वासन दिया। इस प्रतिनिधिमंडल में अमेरिका के अलग-अलग हिस्सों के प्रतिनिधि शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने मोदी के ह्यूस्टन पहुंचने के बाद उनसे मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से कहा, कश्मीर में नई हवा बह रही है और हम साथ मिलकर एक नया कश्मीर बनाएंगे, जो सबके लिए होगा। भारत सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को पांच अगस्त को खत्म कर दिया और इसे दो केंद्रशासित क्षेत्रों में बांट दिया। मोदी ने कश्मीरी पंडितों को 30 साल तक इंतजार करने के लिए शुक्रिया अदा किया। प्रधानमंत्री ने बाद में ट्वीट भी किया, कश्मीरी पंडितों से ह्यूस्टन में विशेष चर्चा हुई। इससे पहले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने ट्वीट किया कि कश्मीरी पंडितों ने



ह्यूस्टन में कश्मीरी पंडितों से मुलाकात करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

भारत की प्रगति के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए गए कदम का समर्थन किया है। प्रतिनिधिमंडल ने मोदी को एक मसौदा ज्ञापन भी दिया और उनसे आग्रह किया कि इस समुदाय को साथ लाने, क्षेत्र के विकास और कश्मीरी पंडितों की वापसी के लिए गृह मंत्रालय के तहत एक कार्यबल की स्थापना की जाए। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले सुरिंदर कौल ने कहा, प्रधानमंत्री ने हमसे कहा कि हम लोगों ने काफी कुछ झेला है और अब हम साथ मिलकर एक नए कश्मीर का निर्माण करेंगे। प्रधानमंत्री ने यहां दाउदी बोहरा समुदाय के प्रतिनिधिमंडल से भी मुलाकात की। इसके अलावा वह सिख समुदाय के लोगों से भी मिले।

# गिरा हुआ फूल खुद उठा कर मोदी ने सब को चौंकाया



**ह्यूस्टन।** स्वच्छता के प्रति देश में जागरूकता लाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यहां पहुंचने के बाद ऍएक ऐसी छोटी सी घटना हुई जिसने संदेश दिया कि उनकी कथनी और करनी में अंतर नहीं है। दरअसल यहां मोदी का स्वागत करने के दौरान उन्हें फूलों का एक गुलदस्ता दिया गया, जिसमें से एक फूल नीचे गिर गया और मोदी ने सभी को चौंकाते हुए खुद से उसे उठाया। हाउडी मोदी कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए मोदी जॉर्ज बुश अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर यहां शनिवार को पहुंचे। यहां एक अमेरिकी प्रतिनिधि मंडल ने उनका स्वागत फूलों के गुलदस्ते से किया। इसी दौरान एक फूल गुलदस्ते से गिर गया, जिसे मोदी ने खुद से उठाया। बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन लिंकन सेंटर में प्रधानमंत्री मोदी को ग्लोबल गोलकीपर्स अवॉर्ड से सम्मानित करेंगे। यह पुरस्कार उन्हें स्वच्छ भारत अभियान के नेतृत्व के लिए दिया जा रहा है। दो अक्टूबर, 2014 से शुरू किए गए इस कार्यक्रम के तहत करीब 10 करोड़ से ज्यादा शौचालयों का निर्माण भारत में हो चुका है।

## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $29.8^{0}$C (-4) |
| न्यूनतम | $23.7^{0}$C (-1) |

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 38,014 | |
| निफ्टी | 11,274 | |
| सोना | 38,390 | /10g |
| चांदी | 47,580 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सीबीआई ने राजीव कुमार का पता लगाने का अभियान तेज किया

**कोलकाता।** सीबीआई अधिकारियो ने कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त राजीव कुमार का पता लगाने के लिए अपना अभियान रविवार को तेज कर दिया। यह पुलिस अधिकारी करोड़ों रुपए के शारदा पोंजी घोटाले से जुड़े सम्मन से बच रहे है। सीबीआई की अलग...अलग टीमें अलीपुर बॉडीगार्ड लाइंस और कुमार के पार्क स्ट्रीट स्थित सरकारी आवास गईं। चूंकि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कुमार को प्रदान किया गया संरक्षण वापस ले लिया है, जांच एजेंसी के अधिकारियो ने कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त का पता लगाने के लिए अभियान तेज कर दिया। कुमार वर्तमान मे पश्चिम बंगाल के अतिरिक्त महानिदेशक(सीआईडी) है। कुमार का पता लगाने के लिए सीबीआई की विशेष अपराध शाखा की टीमें शनिवार को भवानी भवन स्थित सीआईडी कार्यालय के साथ शहर के विभिन्न हिस्सो मे गईं थी। अलीपुर जिला एवं सत्र अदालत ने शनिवार को कुमार की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। कुमार पर आरोप है कि उन्होने घोटाले की जांच मे जरूरी सबूत दबा दिए थे।

### जमशेदपुर में अल-कायदा का आतंकवादी गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड पुलिस के आतंकवाद रोधी दल ने जमशेदपुर से अल-कायदा के आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। एटीएस की पुलिस अधीक्षक विजयालक्ष्मी ने यहां पत्रकारों को बताया कि एक खुफिया सूचना के आधार पर एटीएस की टीम ने टाटानगर रेलवे स्टेशन के समीप मोहम्मद कलीमुद्दीन मुजाहिरी को पकड़ा। पुलिस ने बताया कि अल-कायदा के भारतीय संगठन के साथ सक्रिय मुजाहिरी युवाओं को जिहाद और आतंकवादी कृत्यों के लिए तैयार कर रहा था। एसपी ने बताया कि जमशेदपुर के मैंगो इलाके में आजाद नगर निवासी मुजाहिरी करीब तीन साल तक फरार रहा। पुलिस ने पहले उसकी संपत्ति जब्त की थी। प्रतिबंधित आतंकवादी समूह अल-कायदा के सक्रिय आतंकवादी मुजाहिरी को बिस्तुपुर पुलिस थाने में 25 जनवरी 2016 को दर्ज प्राथमिकी मे नामजद किया गया।

# प्याज 70 से 80 रुपए किलो, भंडारण की सीमा पर विचार

● उत्पादक राज्यों में भारी बारिश से आपूर्ति में कमी के कारण चढ़े दाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी और देश के अन्य हिस्सों में प्याज का खुदरा भाव 70 से 80 रुपए प्रति किलोग्राम की ऊंचाई पर पहुंच चुका है। ऐसे में केंद्र सरकार प्याज व्यापारियों के भंडारण की सीमा तय करने पर विचार कर रही है।

सूत्रों का कहना है कि प्रमुख प्याज उत्पादक राज्यों में मानसून की भारी बारिश से आपूर्ति प्रभावित हुई है जिसकी वजह से इसकी कीमतों में उछाल आया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में पिछले सप्ताह प्याज की खुदरा कीमत 57 रुपए किलो रही। वहीं मुंबई में यह 56 रुपए, कोलकाता में 48 रुपए और चेन्नई में 34 रुपए किलो थी। गुरुग्राम और जम्मू में प्याज 60 रुपए किलो पर पहुंच गया है। हालांकि, आंकड़ों के अनुसार पिछले सप्ताह के अंत तक प्याज के खुदरा दाम 70 से 80 रुपए किलो पर पहुंच गए। इससे पिछले सप्ताह यह 50 से 60 रुपए किलो थे। केंद्र सरकार ने प्याज की आपूर्ति बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इसके बावजूद प्याज के दाम चढ़ रहे हैं। एक सूत्र ने कहा, सरकार ने पिछले कुछ सप्ताह के दौरान घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और कीमतों पर अंकुश के लिए कई कदम उठाए हैं। लेकिन पिछले दो-तीन दिन में उत्पादक राज्यों में ( **शेष पेज 10** )



नई दिल्ली की आजादपुर मंडी में प्याज छांटते मजदूर

# चोरी के संदेह में विधवा को पीटकर मौत के घाट उतारा

● आरोपी मकान मालिक और बेटे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दक्षिणी** दिल्ली के महरौली में एक मकान मालिक और उसके बेटे ने 44 वर्षीय विधवा महिला की कथित तौर पर पीट-पीटकर कर हत्या दी। मकान मालिक को महिला पर चोरी का संदेह था। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि महिला की पहचान मंजू गोयल के रूप में हुई है और उनके दो बच्चे हैं, जो घटना के समय हरियाणा में थे। गोयल के भाई महेश जिंदल ने शनिवार को पुलिस को जानकारी दी कि महिला को तीन-चार लोगों ने पीटा है।

पुलिस की एक टीम जब घटनास्थल पर पहुंची तो जिंदल ने बताया कि उनकी बहन सतीश पहवा के यहां किराए पर रहती थी। शनिवार सुबह जिंदल की पत्नी को पहवा ने फोन किया और गोयल पर चोरी का इल्जाम लगाया था। इसके बाद जिंदल पहवा के घर पहुंचे और पाया कि उनकी बहन को पहवा और उनका बेटा पंकज तथा अन्य लोग मिलकर कथित तौर पर पीट रहे थे।

जिंदल इसके बाद अपनी बहन को लेकर घर आ गए, लेकिन उनकी बहन ने सीने में दर्द की शिकायत की। हालत बिगड़ने पर जिंदल ने घर पर डॉक्टर को बुलाया। हालांकि उसी शाम को महिला की मौत हो गई।

पुलिस उपायुक्त ने कहा, उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेज दिया गया है। 54 वर्षीय सतीश पहवा और उनके 29 वर्षीय बेटे पंकज को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# नेहरू की देन है पीओके: शाह



**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

● केंद्रीय गृह मंत्री ने महाराष्ट्र में पार्टी के चुनाव प्रचार अभियान का किया आगाज

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि यदि जवाहरलाल नेहरु ने बेवक्त पाकिस्तान के साथ संघर्षविराम की घोषणा नहीं की होती, तो पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) अस्तित्व में नहीं आता। शाह ने कश्मीर का भारत में एकीकरण नहीं करने को लेकर (प्रथम प्रधानमंत्री) नेहरू पर निशाना साधते हुए कहा कि इस मुद्दे से, तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू के बजाय देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को निपटना चाहिए था।

उन्होंने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को समाप्त करने के केंद्र के पांच अगस्त के फैसले पर और अगले महीने होने जा रहे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, मैं भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं से कहना चाहता हूं कि अनुच्छेद 370 (के ज्यादातर प्रावधान) समाप्त करने भर से हमारा काम समाप्त नहीं हो जाता। हमारा काम तो अब शुरू होता है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य ( **शेष पेज 10** )

# नंदनकानन में वायरस से चार हाथियों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** भुवनेश्वर

● ओडिशा सरकार ने असम और केरल के विशेषज्ञों से मांगी मदद

**ओडिशा** के नंदनकानन चिड़ियाघर में एक वायरस की वजह से चार हाथियों की मौत हो गई। ओडिशा सरकार ने इस वायरस से निपटने के लिए असम और केरल के विशेषज्ञों से सहायता मांगी है। इन हाथियों के बच्चों की मौत एंडोथेलियोट्रोफिक हर्प्स वायरस (ईईएचवी) की वजह से एक महीने के भीतर हुई है। ईईएचवी वायरस ज्यादातर हाथियों के 15 साल तक के बच्चों को प्रभावित करता है।

ओडिशा के वन एवं पर्यावरण मंत्री बी कारूखा ने शनिवार को बताया, राज्य सरकार ने असम और केरल के विशेषज्ञों से संपर्क किया है। वहां भी इसी तरह के वायरस ने हाथियों की जान ली थी। इस तरह के वायरस को फैलने को रोकने के लिए कोई टीका उपलब्ध नहीं है, इसलिए राज्य सरकार ने विशेषज्ञों से सहायता मांगी है। मंत्री ने बताया कि जेल के आठ हाथियों में से चार की मौत इस वायरस की वजह से हुई है। हाथियों को बचाने की कोशिश जा रही है। हालिया मौत शनिवार रात में हुई। एक मादा हाथी गौरी की मौत हुई। बचे हुए चार हाथियों में से तीन वयस्क हैं। मंत्री ने कहा कि ज्यादातर हाथी राज्य के अलग-अलग जंगल क्षेत्र से लाए गए हैं।

उनके रक्त के नमूने लिए जाएंगे ताकि इस वायरस को जंगल में फैलने से रोका जा सके। नंदनकानन चिड़ियाघर के उप निदेशक जयंत दास ने कहा कि चिड़ियाघर में हाथियों की जान बचाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसकी कोई जानकारी नहीं है कि वायरस से बाकी बचे हाथी प्रभावित हैं या नहीं।

# गेंदा, चमेली और गुलाब की खुशबू से महकेंगे लेह-लद्दाख

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**मोटी** कमाई वाले सुगंधित पौधों की खुशबू अब ऊंचे पर्वतों में बसे लेह-लद्दाख के किसानों तक पहुंच गई है। किसानों के बीच इसको लेकर बढ़ती दिलचस्पी को देखकर लद्दाख फार्मर्स एंड प्रोड्यूसर्स कॉपरेटिव लिमिटेड (एलएफपीसीएल), लेह एंड लद्दाख ने हाल ही में काउंसिल फॉर साइंटफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च (सीएसआईआर) पालमपुर-स्थित लैब, इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन बायोरिसोर्स टेक्नोलॉजी (आईएचबीटी) से सुगंधित पौधों जैसे गुलाब, गेंदा और मिंट की खेती के लिए एक समझौता किया है।

इस समझौते के तहत लेह के रनबीरपुरा, थिकसे में इन पौधों का तेल निकालने के लिए एक प्रसंस्करण इकाई भी लगाई जाएगी। सीएसआईआर-आईएचबीटी, पालमपुर के निदेशक डॉ. संजय



● मोटी कमाई वाले सुगंधित पौधों की खेती करेंगे पर्वतीय क्षेत्र के किसान

कुमार ने कहा कि लेह में इसकी स्थापना से जिले के स्थानीय किसानों को लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा ' चूंकि इस क्षेत्र में प्राकृतिक सिंचाई की सुविधा नहीं है और यह ज्यादा कमाई वाली सुगंधित पौधों की फसल जैसे गुलाब, चमेली, जंगली गेंदा, लैवेंडर और केसर की खेती के लिए अनुकूल है। लिहाजा सीएसआईआर-आईएचबीटी ने इस इलाके को इन फसलों की खेती के लिए चिह्नित किया है।

डॉ. कुमार ने कहा कि किसानों को जंगली गेंदा, चमेली और केसर के बीजों के संग कृषि तकनीक की जानकारी के साथ पूरी सूचना प्रदान की गई है, जो उन्हें सही ढंग से इसकी खेती करने में मदद करेगा।

यह परियोजना सीएसआईआर के एरोमा मिशन के तहत चलाई जा रही है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के पूर्व सलाहकार तथा एलएफपीसीएल के सीईओ डॉ. एमएल मंटू के मुताबिक सीएसआईआर के सहयोग से लेह और लद्दाख के बड़े इलाके में सुगंधित पौधों की खेती से किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिलेगा।

पीएसआईआर-आईएचबीटी के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. राकेश कुमार के मुताबिक लेह और लद्दाख क्षेत्र इसकी खेती के लिए उचित स्थान है। यहां उत्पादित पौधों

# आरपीएफ ने भर्ती किए 10,500 जवान, अब तक की सबसे बड़ी भर्ती

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**भारतीय** रेल ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) में 10,500 कर्मियों की भर्ती की है। इनमें से कांस्टेबल की 50 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित थीं। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया पिछले साल मई में शुरू हुई थी और हाल ही में समाप्त हुई है। कुल 10,500 कर्मियों में 1,120 उप-निरीक्षक, 8,619 कांस्टेबल और 798 सहायक कर्मी पद पर भर्ती हुए हैं। अधिकारी ने बताया कि आरपीएफ में महिला कांस्टेबल की संख्या महज 2.25 फीसदी है जिसे देखते हुए रेल मंत्रालय ने महिलाओं को सशक्त करने और इस बल में उनका प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए ज्यादा से ज्यादा महिलओं की भर्तियां करने को प्रमुखता दी। केंद्रीय भर्ती समिति के अध्यक्ष अतुल पाठक ने कहा, आरपीएफ की सबसे बड़ी भर्ती में हमें 82 लाख से ज्यादा आवेदन मिले। इनमें से 14.25 लाख आवेदन उप निरीक्षक पद के लिए मिले जबकि इस पद के लिए सिर्फ।,120 सीटें हैं। वहीं कांस्टेबल के लिए 59 लाख ( **शेष पेज 10** )

# रिश्वत लेने के आरोप में फायर इंस्पेक्टर सहित दो गिरफ्तार

## सोशल मीडिया पर मामले में एक ऑडियो हुआ था वायरल

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

जिले के सैक्टर-2 में तैनात दमकल अधिकारी (एफएसओ) सहित 2 लोगों को थाना सेक्टर 20 पुलिस ने भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वैभव कृष्ण ने बताया कि जनपद में एफएसओ फेज-वन के पद पर तैनात कुलदीप कुमार तथा फायर वेंडर अरविंद गुप्ता के बीच में रिश्वत लेने का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

उन्होंने बताया कि ऑडियो के जांच में सही पाए जाने के बाद दमकल अधिकारी कुलदीप कुमार तथा वेंडर अरविंद गुप्ता को हिरासत में लेकर जब पूछताछ की गई तो दोनों



एफएसओ कुलदीप कुमार

ने रिश्वत लेने और देने की बात कबूल की। उन्होंने बताया कि इस आधार पर थाना सेक्टर 20 में दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि फायर वेंडर ने दमकल विभाग से विभिन्न बिल्डरों के भवनों की एनओसी प्राप्त करने के लिए कूट रचित दस्तावेज प्रस्तुत किया तथा उन्हें रिश्वत देकर एनओसी प्राप्त कर ली। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान 13 ऐसे फायर वेंडर प्रकाश में आए हैं, जिन्होंने फर्जी दस्तावेज व रिश्वतखोरी के आधार पर फायर विभाग से विभिन्न भवनों के एनओसी लिया है। इस मामले में थाना सेक्टर 20 में अलग से सात प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस टीम इन सातों मामलों में भी जांच कर रही है जल्द गिरफ्तारियां होंगी। साथ ही पुलिस पिछले दिनों प्राप्त की गईं फायर एनओसी की जांच कराएगी ताकि पता लग सके की उक्त विभाग में भ्रष्टाचार किस हद तक हुआ है। एसएसपी ने दावा किया कि इस कार्रवाई से फायर विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा।

## गैंगस्टर बता यूट्यूब पर डाला आरडब्ल्यूए उपाध्यक्ष का वीडियो

**नोएडा।** सेक्टर डेल्टा-1 के आरडब्ल्यूए उपाध्यक्ष हर्ष भाटी का ढाई साल पुराना डांस वीडियो उनके लिए ही मुसीबत बन गया है। अपने जन्मदिन पर साथियों संग किए गए हर्ष के डांस के वीडियो को गांव खेरौली जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा के गैंगस्टर पपला गुर्जर उर्फ विक्रम का डांस बताकर यूट्यूब पर डाल दिया गया है। हाल में पपला गुर्जर के साथी उसे राजस्थान के एक थाने से छुड़ाकर ले गए हैं।

अब हर्ष और उनके साथ डांस कर रहे साथियों को डर है कि कहीं पुलिस उन्हें पपला गुर्जर और उसके गिरोह के सदस्य न समझ बैठे। हर्ष ने शनिवार को एसपी देहात से मिलकर मदद मांगी है। आरडब्ल्यूए के अन्य पदाधिकारियों और परिजनों के साथ शनिवार को हर्ष सूरजपुर स्थित पुलिस कार्यालय पहुंचे। उन्होंने बताया कि हर्ष इंजीनियर हैं, हालांकि अभी वह नौकरी नहीं करे हैं।

# बेगम हजरत महल छात्रवृत्ति योजना में आवेदन 30 तक

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

### ● सालाना 5 और 6 हजार छात्रवृति मिलेगी

केन्द्र सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय से सम्बद्ध मौलाना आज़ाद एजूकेशन फॉउडेशन द्वारा मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, पारसी व जैन अल्पसंख्यक युवतियों के लिये बेगम हज़रत महल छात्रवृति योजना में ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गये हैं। इसकी अन्तिम आवेदन तिथि 30 सितंबर है।



सरदार एस पी सिंह

यह जानकारी रविवार को फॉउडेशन के सदस्य व उत्तरप्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एस पी सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी की पहल पर इस बार गतवर्ष से भी ज़्यादा युवतियों को छात्रवृतियां दी जानी है। पात्र युवतियों को इसमें नवीं व दसवीं कक्षा में पांच हजार रुपए व ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा के लिए छह हजार वार्षिक छात्रवृत्ति सीधे उनके बैंक खाते में दिए जाएंगे। छात्राएं सीधे भी फॉउडेशन की साइट पर जाकर आवेदन कर सकती हैं।

उन्होंने कहा कि आगामी पांच वर्षों में दस लाख से भी अधिक युवतियों को छात्रवृति देने की योजना है। केन्द्रीय मंत्री व फॉउडेशन के अध्यक्ष मुख्तार अब्बास नकवी की सोच है कि बेहतर शिक्षित समाज के लिए युवतियों का शिक्षित होना अत्यन्त आवश्यक है। आज बच्चों को दिनी तालीम के साथ- साथ तकनीकी तालीम भी जरूरी है। इसके लिए लोगों में जानकारी होना भी आवश्यक है।

## संक्षिप्त समाचार

### जले बिटोड़े में हड्डियां मिलने से सनसनी

**गाजियाबाद।** कविनगर थाना क्षेत्र के रईसपुर गांव में रविवार को एक उपले के बिटोड़े में हड्डियां मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हड्डियों को जांच के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि गांव के बाड़े में ही ओम प्रकाश के दो बिटोड़े थे रविवार को किसी ने एक बिटोरे में आग लगा दी। गांव वालों ने किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन जब गांव वालों ने पास जाकर देखा तो उनमें हड़कंप मच गया। जले बिटोड़े में हड्डियां थी। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और हड्डियों को एकत्र करके जांच के लिए भेज दिया । पुलिस इस जांच में जुटी है कि हड्डियां आखिर किसकी है।



चिकित्सा शिविर में उपस्थित अतिथि।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर स्वास्थ्य शिविर लगाया

**गाजियाबाद।** अपनापन फाउंडेशन व तारा संस्थान के तत्वावधान में मदर इंडिया स्कूल सेक्टर 23 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में नेत्र व कान चिकित्सा शिविर लगाया गया। इस मौके पर इटावा के विधायक डेविड व भाजपा नेता बलदेव राज शर्मा ने अतिथि के रूप में भाग लिया। अशोक गोयल ने बताया कि शिविर में 567 लोगों के पंजीकरण हुए। इसमें 498 लोगों को निशुल्क दवाई दी गई साथ ही 280 लोगों को चश्मे व 40 लोगों को कान की मशीन दी गई। शिविर में 13 रोगी मोतियाबिंद के पाए गए जिन्हें ऑपरेशन के लिए चुना गया। शिविर के सफल संचालन के लिए त्यागी परिवार का आभार व्यक्त किया।



सैनी महासभा के अधिवेशन में सम्मानित प्रतिभावान छात्र।

### सैनी महासभा ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

**हापुड़।** रविवार को सैनी महासभा का आठवां अधिवेशन एवं प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा राव फूले एवं माता सावित्री फुले के चित्र के सम्मुख अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में समाज के सभी प्रतिभाओं का सम्मान किया गया साथ ही सभी को शिक्षित करने पर बल दिया गया। कार्यक्रम में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा राव फूले को भारत रत्न से सम्मानित करने की जोरदार मांग की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पंकज कुमार सैनी ने कहा कि सैनी समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए तभी समाज आगे बढ़ सकता है। शिक्षित व्यक्ति ही समाज को आगे ले जाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि सैनी महासभा छात्रों को सम्मानित करने का कार्य कर रही है।

## ससुराल पक्ष ने विवाहिता को घर से निकाला

**नोएडा।** दादरी में बेटी को जन्म देने से नाराज पति समेत ससुराल पक्ष ने विवाहिता को घर से निकाल दिया। मामले में पति समेत चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। नामजदों को गिरफ्तार नहीं होने पर पीड़िता और उसके परिजन पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय में पहुंचे और कार्रवाई की मांग की।

दिल्ली के गांव तंबूनगर निवासी संजय देवी ने बताया कि उन्होंने बेटी अन्नू की शादी 7 जून 2015 को दादरी कोतवाली क्षेत्र के गांव मायचा निवासी रविंद्र के बेटे मुनेंद्र के साथ की थी। शादी में अपनी हैसियत से अधिक दहेज भी दिया था।

संजय देवी ने आरोप लगाया कि छह माह पहले अन्नू ने एक बेटी को जन्म दिया। बेटी के जन्म के बाद से ही पति, सास और ससुर आदि अन्नू से नाराज रहने लगे। साथ ही बेटा नहीं होने पर उसे प्रताड़ित करने लगे। कुछ दिनों ससुरालीजनों ने अन्नू को मायके भेज दिया। इस पर उन्होंने सुसराल पक्ष से बात की तो वह अन्नू को साथ ले गए। आरोप है कि बीती 13 सितंबर की रात एक बार फिर ससुरालियों ने मारपीट कर अन्नू को घर से निकाल दिया।

## 22 करोड़ रुपए की राजस्व वसूली

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

जिलाधिकारी बीएन सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा पिछले ढाई साल से राजस्व वसूली को बढ़ाने के लिए कई तरह की कार्यवाही प्रचलित की गयी है, जिससे राजस्व वसूली को बढ़ाने में प्रशासन कामयाब भी हो रहा है।

उसी क्रम में एक बड़ी कार्यवाही करते हुए राजस्व विभाग द्वारा एक ही फर्म से 22.25 करोड़ वसूले गये हैं। यह राजस्व वसूली के इतिहास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है एवं जिलाधिकारी की राजस्व वसूली को बढ़ाने के संकल्प को दर्शाता है। ईटी इन्फ्रा डेवलैपर पर नोएडा प्राधिकरण के बकाए के क्रम में उक्त फर्म से रुपये 22.25 करोड़ वसूले गए।

प्रभारी अधिकारी संग्रह संजय कुमार मिश्रा व अभय कुमार सिंह व उनके सहयोगी अधिकारी उप जिलाधिकारी दादरी राजीव राय व तहसीलदार दादरी विनय प्रताप सिंह भदौरिया द्वारा ये वसूली सुनिश्चित की गई।

# अपात्र लाभार्थियों के खिलाफ एफआईआर

## प्रधानमंत्री आवास योजना : एजेंसी पर ठोका पांच लाख का जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सरकारी जमीन पर सहायता प्राप्त करने वाले चार अपात्र लाभार्थियों समेत संबंधित एजेंसी के छह सर्वेयरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। इतना ही नहीं जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने एजेंसी पर पांच लाख का जुर्माना भी लगाया है।

जिलाधिकारी ने सरकारी जमीन का सत्यापन कराने का अभियान चला रखा है । जांच रिपोर्ट आने के बाद जिलाधिकारी ने गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

डीएम ने बताया कि डासना में प्रधानमंत्री आवासीय योजना (शहरी) के अंतर्गत सरकारी जमीन पर सहायता ढाई लाख रुपए हासिल करने वाले चार लाभार्थियों अनीसा, बाबू, मेहरबान व सलीम तथा अपात्र होने के बावजूद ढाई लाख की सहायता लेने वाले आरिफ अली, रियाजुद्दीन, संजीदा, सगीरन, शाहआलम, अखलाक़ व फिरदोस के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

उन्होंने बताया कि संबंधित एजेंसी रुद्राभिषेक एंटरप्राइजेज के सर्वेयर सर्वेश, नीरज, जयपाल, रोहित व आशु के खिलाफ भी रिपोर्ट कराई है और कंपनी पर पांच लाख का जुर्माना लगाया है । इसके साथ ही आरोपियों से ली गई आर्थिक सहायता की रिकवरी के आदेश भी जिलाधिकारी ने दिए।

# सिफारिश पड़ी महंगी, कार का कटा चालान तो बाइक जब्त

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

सेक्टर-62 के पास चेकिंग के दौरान परिवहन विभाग ने बगैर रिफ्लेक्टर लगी कार को रोका और चालक से इस बाबत पूछताछ की। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर विभाग के पुलिसकर्मियों ने कार का चालान कर दिया। इस पर चालक एआरटीओ से बहस करने लगा।

वहीं, उसने अपने एक दोस्त को फोन कर मौके पर बुला लिया। दोस्त की मदद करने बाइक से पहुंचा युवक एआरटीओ को धौंस दिखाने लगा। तभी एआरटीओ अजय मिश्रा की नजर बाइक पर पड़ी, जिसमें नंबर ही नहीं था। पूछताछ करने पर पता चला कि युवक ने करीब ढाई महीने पहले बाइक खरीदी थी और अभी तक रजिस्ट्रेशन ही नहीं कराया। इस पर एआरटीओ ने युवक को अनुशासन और नियमों का पाठ पढ़ाते हुए बाइक जब्त कर डी पार्क में खड़ी करा दी। कार्रवाई के बाद दोनों युवकों को अपनी गलती का अहसास हुआ।

इसी तरह का एक वाक्या ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क में हुआ। जहां एक एआरटीओ प्रशांत तिवारी कागज नहीं मिलने पर वैन का चालान करने लगे तो चालक ने उन्हें रोक दिया।

इसके बाद उसने अपने परिचित को फोन किया तो वह सिफारिश के लिए कार से नॉलेज पार्क पहुंच गया। इससे पहले की वह कुछ कहता एआरटीओ ने कार की गलत नंबर प्लेट, शीशों पर काली फिल्म और प्रदूषण प्रमाण-पत्र मांगा तो वह कुछ भी नहीं दिखा सका।

इस पर एआरटीओ ने वैन समेत कार का भी 3500 रुपये का चालान कर दिया। साथ ही परिवहन विभाग की ओर से ओवरलोड और टैक्स जमा नहीं करने के आरोप में 7 वाहनों को जब्त किया गया है। सभी को सेक्टर-62 में खड़ा कराया गया है।

एआरटीओ प्रवर्तन प्रशांत तिवारी ने बताया कि 4 वाहनों को ओवरलोड में और 3 कैब का टैक्स जमा नहीं करने पर कार्रवाई की गई है। अलग-अलग जगहों पर दो लोग चालान नहीं करने की सिफारिश लेकर आए थे।

## सेवा सप्ताह के दौरान किया पौधरोपण

**नोएडा।** गांव सोरखा में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह के अंर्तगत जिलाध्यक्ष चमन अवाना के नेतृत्व में वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें जिला उपाध्यक्ष लोकेश यादव ने समस्त युवा साथी से आहवान किया कि अपने घर व पार्क, मंदिर में एक पौधा जरूर लगाएं एक पौधा एक संकल्प का नारा दिया। इस मौके पर धर्मेंद्र चौहान, कोशिंदर यादव, रवि नेताजी, बबलू यादव आदि कई लोग उपस्थित रहे।

# बलिदानियों की आत्म शांति तर्पण को महाश्राद्ध का आयोजन

## धर्म और राष्ट्र के लिये जान देने वाले ही हमारे वास्तविक नायक : मनोज सिन्हा

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

देश की आन-बान और शान के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले सैनिकों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध पक्ष के अंतिम रविवार को तर्पण -एक महाश्राद्ध का आयोजन किया गया। शहीद मेजर आशाराम त्यागी सेवा संस्थान के तत्वाधान में आयोजित सनातन धर्म चिंतन सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री मनोज सिन्हा मुख्य अतिथि अतिथि के रूप में शामिल हुए। समाजसेवी वीर सिंह त्यागी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इसका आयोजन प्रीतम फार्म गोविंदपुरम में किया गया ।

मनोज सिन्हा ने इस मौके पर कहा कि हम सबके लिए गर्व और सौभाग्य कि बात है



कार्यक्रम में काव्यपाठ करते कवि।

कि हमने सनातन धर्म और भारत राष्ट्र में जन्म लिया। हम विश्व के सर्वाधिक प्रकाशवान इतिहास के उत्तराधिकारी हैं। सनातन धर्म की महान परंपराओं ने हमें सत्य और न्याय की रक्षा करना सिखाया है और भारतवर्ष की मिट्टी ने हमको धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिये मर मिटने का जज्बा दिया है। करोड़ों हमारे सनातनधर्मी भाइयों ने आज तक हमारे लिये अपने प्राणों का बलिदान किया है और उन्ही के बलिदानों के कारण आज हम जीवित और आजाद है।

उन्होंने कहा कि वास्तव में धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिये बलिदान देने वाले ही हमारे वास्तविक नायक हैं। समय-समय पर उनका स्मरण करना और उन्हें श्रद्धासुमन समर्पित करना हमारा धार्मिक व राष्ट्रीय कर्तव्य है।

सम्मेलन में विचारक पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ ने कहा कि मोदी ने धारा 370 के कलंक को हटाकर अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी है। पहली बार देश में ठोस निर्णय लेने वाली सरकार है जो समझौता किए बगैर अपनी शर्तों पर काम कर रही है।

**Chola** Enter a better life

**चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनैंस कम्पनी लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालय** : प्रथम तल, 'डेयर हाउस' नंबर 2, एन.एस.सी. बोस रोड, चेन्नई-600 001

**शाखा कार्यालय** : प्लॉट नंबर 6, द्वितीय तल, मेट्रो पिलर नंबर 81 के सामने, पूसा रोड, करौल बाग, नई दिल्ली-110005

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने **चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनैंस कम्पनी लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना(एं) जारी की थीं, जिसमें/जिनमें निम्नवर्णित कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) से सूचना में वर्णित अनुसार बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार(रों) /गारंटर(रों) और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। कर्जदारों का ध्यान प्रत्याभूत आस्तियों के विमोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) की ओर आकृष्ट किया जाता है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार **चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनैंस कम्पनी लिमिटेड** की उपरिवर्णित बकाया राशि और उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार(रों) /गारंटर(रों) का नाम | प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | मांग सूचना तिथि एवं राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | (हमारी दिल्ली शाखा का एलसी नंबर **X0HEELD00002272331, X0HEELD00001598962** एवं **X0HEDHE00001394182)** नितिन गुप्ता (कर्जदार), पूजा गुप्ता, जय प्रकाश गुप्ता, मैसर्स जेपी केबल ऐण्ड वायर्स (सह-कर्जदार) **पता** : एफ-30, ब्लॉक-एफ, मानसरोवर पार्क, शाहदरा, दिल्ली-110032 | कम्पाउण्ड नंबर 30 परिमाप 150 वर्ग गज फ्रंट पोर्शन, ब्लॉक-एफ, खसरा नंबर 1096/322 एवं 1097/322 का हिस्सा, मौजा चंद्रावली, मानसरोवर पार्क, शाहदरा, नई दिल्ली-110032 | 26-06-2019 रू. 1,03,06,490.39/- (रू. एक करोड़ तीन लाख छह हजार चार सौ नब्बे तथा पैसे उन्तालीस मात्र) | 20-09-2019 |
| 2. | (हमारी दिल्ली शाखा का एलसी नंबर **X0HEDHE00001005151)** राहुल गुप्ता (कर्जदार), जुगेन्दर प्रसाद, मधु गुप्ता (कर्जदार) **पता** : सी-4/2, राणा प्रताप बाग, नई दिल्ली -110007 | राणा प्रताप बाग के नाम से मशहूर कालोनी, दिल्ली -110007 में स्थित सम्पत्ति नंबर सी-4/2, परिमाप 233.33 वर्ग गज। | 26-06-2019 रू. 1,97,58,365.65/- (रू. एक करोड़ सत्तानवे लाख अठ्ठावन हजार तीन सौ पैंसठ तथा पैसे पैंसठ मात्र) | 20-09-2019 |

स्थानः दिल्ली + एनसीआर
दिनांकः 23-09-2019

हस्ता./-, (प्राधिकृत अधिकारी)
वास्ते मैसर्स चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनैंस कम्पनी लिमिटेड

## गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर सीबीआई ने मारा छापा

**गाजियाबाद।** सीबीआई ने शनिवार देर रात गाजियाबाद रेलवे सटेशन पर छापा मारकर चीफ ऑफिस सुपरिटेंडेंट रफीक अहमद को गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक सुपरिटेंडेंट को एक वेंडर से तीन हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है । इस दौरान रेलवे स्टेशन पर हड़कंप मचा रहा ।

सीबीआई व रेलवे विजिलेंस की टीम ने संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन पर पहुंची पूरी प्लानिंग कर एक वेंडर से रिश्वत लेते हुए उसे दबोच लिया । सीबीआई सूत्रों के मुताबिक उसे तीन हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया है । सीबीआई की टीम यहां करीब करीब छह घंटे रेलवे स्टेशन पर रही और जांच पड़ताल करती रही । सीबीआई टीम रफीक के घर पर भी पहुंची और जांच पड़ताल की।

आरपीएफ के इंस्पेक्टर नायडू ने बताया कि रफीक को रात 11 बजे स्टेशन से सीबीआई टीम गिरफ्तार करके ले गई। सूत्रों का यह भी कहना है कि पूछताछ के लिए तमाम रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर समेत कई अधिकारियों को सीबीआई ने पूछताछ के लिए दिल्ली बुलाया है।

# लिफ्ट देकर लूटपाट करने वाले तीन शातिर चढ़े पुलिस के हत्थे

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

### ● नकदी, एटीएम कॉर्ड व अवैध हथियार बरामद

थाना सेक्टर 39 की पुलिस ने कार में लिफ्ट देकर लूट को अंजाम देने वाले तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके पास से नकदी, एटीएम कार्ड, लूट के पैसों से खरीदा गया करीब सवा तीन लाख रुपए का सामान लूट में प्रयोग होने वाली कार तथा अवैध हथियार बरामद किया है।

एसएसपी वैभव कृष्ण ने बताया कि रविवार को एक सूचना के आधार पर थाना सेक्टर 39 पुलिस ने डेविड शर्मा, मोहम्मद सादिक तथा राशिद को गिरफ्तार किया है। ये तीनों दिल्ली के करावल नगर के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि पकड़े गए बदमाशों के पास से पुलिस ने विभिन्न लोगों से लूटे हुए 60 हजार रुपए की नकदी, लूटे गए सामान बेचकर इकट्ठे गई 25,000 की नकदी लूट, विभिन्न जगहों से लूटे हुए 4 मोबाइल फोन, क्रेडिट कार्ड, 3 जोड़ी जूते, 2 जोड़ी चप्पल, तीन घड़ी, 18 शर्ट, 11 पैट, 2 चश्मा, सहित करीब सवा तीन लाख रुपए का सामान, लूट में प्रयोग होने वाली कार तथा अवैध हथियार बरामद किया है।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पकड़े गए बदमाशों ने पुलिस को बताया कि वे राहगीरों को कार में लिफ्ट देकर उनके साथ मारपीट करके, हथियार के बल पर लूट करते हैं। अधिकारी ने बताया कि बदमाशों ने दर्जनों वारदात करना स्वीकार की है।

## भंडारे के लिए नोएडा प्राधिकरण से ले सकते हैं फ्री में बर्तन

**नोएडा।** शहर में विभिन्न जगहों पर होने वाले भंडारों और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में अब थर्माकोल की प्लेट और प्लास्टिक के गिलास-चम्मच इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं है। आप नोएडा स्टेडियम जाकर वहां बने बर्तन भंडार से निशुल्क बर्तन ले सकते हैं।

प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने स्टेडियम में आयोजित समारोह में इस भंडार का उद्घाटन किया। डीजीएम एससी मिश्रा ने बताया कि इस भंडार में बर्तनों के कुल 2500 सेट हैं। हरेक सेट में स्टील की एक थाली, चम्मच और गिलास है। शहर में होने वाले विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों के लिए ये बर्तन अथॉरिटी की ओर से निशुल्क दिए जाएंगे। यह भंडार सप्ताह के सातों दिन सुबह 10 से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा।

# बंदरों के खौफ से घरों में कैद हुए लोग

## शिकायत के बाद भी अधिकारी नहीं ले रहे संज्ञान, कई हो चुके हैं जख्मी

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

लोनी में बंदरों का आतंक चरम सीमा पर है। हाल में ही बंदरों ने दर्जनों महिलाओं एवं बच्चों को घायल कर दिया था जिसकी शिकायत सभी घायलों द्वारा ग्राम प्रधान से की गई। ग्राम प्रधान द्वारा भी इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों से की जा चुकी है। आरोप है कि उसके बावजूद भी किसी अधिकारी का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है। यहां पर लोगों का घर से निकलना मुहाल हो गया है।



जानकारी के मुताबिक लोनी इलाके के टीला शाहबाजपुर गांव में बड़ी संख्या में बंदर हैं और आए दिन बंदर लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं। बंदर कई लोगों को काट चुके हैं। लोगों का कहना है कि बंदर एकत्र होकर आते हैं और एक साथ ही किसी ना किसी पर हमला कर देते हैं। उनके डर से लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि हाल में ही दर्जनों बंदरों ने कुछ लोगों को बुरी तरह घायल कर दिया। जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। सभी को दिल्ली के अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिलवाया गया है। लोगों का कहना है कि बंदरों का आतंक इलाके में लगातार बढ़ता ही जा रहा है।

उधर, ग्राम प्रधान ने बताया कि पहले यहां बंदर कम संख्या में थे लेकिन, अब धीरे-धीरे यह बढ़ते ही जा रहे हैं। अब बंदर पूरी टोली के साथ गांव में उत्पात मचाते हैं। इतना ही नहीं गांव के दो चार लोगों को रोजाना बंदर बुरी तरह जख्मी कर रहे हैं। जिसके डर से लोगों ने घर से निकलना भी अब बंद कर दिया है। यदि बच्चे भी स्कूल जाते हैं तो उन्हें भी कई लोग इकट्ठा होकर छोड़ने जाते हैं और जब स्कूल से आते हैं तो पहले ही अपने बच्चों को सुरक्षित लाने के लिए गांव के बाहर ही खड़ा होना पड़ता है। ग्राम प्रधान ने बताया कि इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों से कई बार की जा चुकी है। लेकिन उसके बावजूद भी इस तरफ किसी अधिकारी का कोई ध्यान नहीं है।

## निगम में असलहा के साथ प्रवेश बंद

**गाजियाबाद।** निगम बोर्ड बैठक में एक पार्षद द्वारा रिवाल्वर लेकर पहुंचने पर मचे हंगामे के बाद अब कोई भी असलहा लेकर निगम मुख्यालय में प्रवेश नहीं कर पाएगा। निगम में प्रवेश के लिए अब एक ही गेट होगा, जहां मैटल डिटेक्टर लगाया जाएगा। यहां दो पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी लगाई जाएगी।

मेयर आशा शर्मा ने बताया कि इस बंदोबस्त के लिए पुलिस से मदद ली जाएगी, ताकि लोग निगम में लाइसेंसी असलहा लेकर नहीं आए। इसके लिए एसएसपी को निगम की ओर से जल्द ही पत्र लिखा जाएगा। मेयर का कहना है कि काफी लोग निगम में असलहा लेकर आते हैं, इससे निगम में कोई अनहोनी हो सकती है। इसको रोकने के लिए यह फैसला लिया गया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 23 सितंबर 2019



## नए साल पर सौगात

# जनवरी से प्रगति मैदान और आईटीओ पर नहीं लगेगा जाम, समय से पहले बन जाएगी सुरंग

**गायत्री मनी।** नई दिल्ली

मथुरा रोड, प्रगति मैदान और भैरो मार्ग पर जाम में घंटों फंसे रहने वाले दिल्ली के लोगों के लिए नया साल राहत भरी खबर लेकर आएगा। सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी)ने प्रगति मैदान में बन रहे 1.2 किलोमीटर लंबी भूमिगत सुरंग के निर्माण कार्य को तेज कर दिया है। उम्मीद है कि यह तय समय सीमा से पहले जनवरी 2020 तक बनकर तैयार हो जाएगी। सूत्रों के मुताबिक इस क्षेत्र में लगने भारी जाम के मद्देनजर प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने पीडब्ल्यूडी से अगले साल तक जनवरी तक निर्माण कार्य पूरा करने को कहा है। जबकि इस परियोजना की समय सीमा 31 मार्च2020 तय की गई थी।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस तथा पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के मुताबिक इस इलाके में सफर करने वाले वाहन चालकों को 30-40 मिनट तक जाम में फंसना पड़ता है। फिलहाल पीडब्ल्यूडी ने अंडरपास का 60 फीसदी काम पूरा कर दिया है और 40 फीसदी काम शेष है। एक सरकारी अधिकारी के मुताबिक सुरंग और अंडरपास के निर्माण कार्य के सबसे महत्वपूर्ण हिस्से खुदाई, ले आउट तथा अन्य अहम कामों को पूरा कर लिया गया है। करीब 40 फीसदी काम शेष रह गया है और पीडब्ल्यूडी ने 1.2 किमी लंबी सुरंग के काम को अगले साल जनवरी तक पूरा करने के लिए निर्माण कार्य की रफ्तार तेज कर दी है। यह प्रगति मैदान में यह भूमिगत सुरंग मथुरा रोड पर इंटीग्रेटेड ट्रांजिट कॉरिडोर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का हिस्सा है और इस परियोजना की अनुमानित लागत 777 करोड़ रुपये है। भूमिगत सुरंग वाहन चालकों के लिए बड़ी राहत होगी और मथुरा रोड, प्रगति मैदान व भैरो मार्ग के टी प्वाइंट पर जाम में नहीं फंसना पड़ेगा।


निर्माणधीन टनल में कार्य करते लोग

- सुरंग इंडिया गेट को पुराना किला के पास से रिंग रोड को मिलाएगी।
- रिंग रोड पर सुरंग प्रगति मैदान थर्मल पावर स्टेशन के पास निकलेगी।
- सुरंग से नोएडा, गाजियाबाद, पूर्वी दिल्ली, सराय काले खां, जंगपुरा से इंडिया गेट की ओर सिग्नल फ्री आवाजाही होगी।
- परियोजना पूरी होने पर आईटीओ पर लगने वाला जाम खत्म होगा।
- सुप्रीम कोर्ट के पास भूमिगत यू टर्न बन रहा है। इससे भैरो मार्ग व सुंदर नगर की तरफ यातायात सिग्नल फ्री आ जा सकेगा।
- यू टर्न से प्रगति मैदान पार्किंग स्थल जाने की तरफ भी रास्ता होगा।

अधिकारियों के मुताबिक यह सुरंग राष्ट्रीय राजधानी में बनने वाले में अलग तरह की होगी। इसके निर्माण में नवीनतम तकनीक का इस्तेमाल किया गया है।

इसके अलावा मथुरा रोड को सिग्नल फ्री बनाया जाएगा। अभी इस मार्ग पर चार रेड लाइट सिग्नल, जो सुंदर नगरी और आईटीओ के बीच स्थित हैं और इस सुरंग के बनकर तैयार हो जाने के बाद मथुरा रोड सिग्नल और चार यू टर्न से मुक्त हो जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि भैरो मार्ग पर कभी न खत्म होने वाला जाम इस सुरंग के बन जाने के बाद अतीत की बात हो जाएगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक वाया आईटीओ 3.5 लाख वाहन इस रास्ते का इस्तेमाल करते हैं। भूमिगत टनल इंडिया गेट और रिंग रोड को पुराना किला के पास जोड़ेगा और यह प्रगति मैदान थर्मल पॉवर स्टेशन से गुजरेगा।

- 1.2 किलोमीटर लंबी होगी
- 60 फीसदी काम हो चुका है पूरा
- सितंबर 2019 है समयसीमा
- 777 करोड़ का है प्रोजेक्ट
- टनल पुराना किला से शुरू होकर रिंग रोड तक जाएगी।

# डेंगू को हराने के लिए बने दिल्ली के चैंपियनः मुख्यमंत्री

- 10 दोस्तों को फोन कर घर की जांच के लिए करें प्रेरित
- सिसोसिया, गोपाल राय समेत आप नेताओं ने चलाया अभियान



अपने आवास पर गमलों से पानी निकालते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल। घर में साफ सफाई करते गोपाल राय।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

डेंगू के खिलाफ महाअभियान के चौथे रविवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दस हफ्ते-दस बजे-दस मिनट अभियान को विस्तार दिए। अब इसमें दिल्ली के चैंपियन को भी जोड़ा गया। जिसके तहत मुख्यमंत्री ने सुबह दस बजे पहले अपने घर में जमा साफ पानी की जांच की। गमले व अन्य जगह जमा साफ को पानी बदला। फिर दस दोस्तों को फोन कर उन्हें भी घर में जमा साफ पानी की जांच के लिए प्रेरित किया।

भारी संख्या में लोग डेंगू के खिलाफ अभियान में शामिल हुए। साथ ही दिल्ली के चैंपियन बनें। लोगों ने पहले अपने घर की जांच की। फिर दस दोस्तों को फोन कर ऐसा करने को कहा। साथ ही इससे संबंधित फोटो और वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर साझा किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोगों से अपील की कि वे अपने 10 दोस्तों को फोन कर उनसे यह जांच करने को कहें कि कहीं उनके घर में डेंगू का लार्वा पनप तो नहीं रहा है। केजरीवाल ने 10 हफ्ते 10 बजे 10 मिनट के अभियान के तहत लोगों से यह अपील की है।

उन्होंने ट्वीट किया, आज, 10 मिनट तक अपने घर की जांच करने के बाद, मैंने अपने 10 दोस्तों को फोन किया और उन्हें उनके घरों की जांच करने को प्रेरित किया। इस बार हमें डेंगू को मात देनी ही होगी। नई दिल्ली के चैंपियन। ट्वीटर पर साझा की गई वीडियो में केजरीवाल अपने घर की जांच करते दिख रहे हैं। केजरीवाल ने लोगों से व्हाटस्एप पर भी यह संदेश भेजने को कहा है। वहीं दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने कहा कि मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि वे अपने दोस्तों से घरों की जांच करने की अपील करें। राय ने ट्वीट किया, एक और रविवार, और अपने घर में डेंगू के लार्वा की जांच करने का एक और दिन। लेकिन इस बार, मैंने एक और कदम उठाया। मैंने अपने 10 दोस्तों को फोन किया और उनसे उनके घर की जांच अच्छे से करने की अपील की।

उनके सहकर्मी राजेन्द्र पाल गौतम ने भी मच्छर-प्रजनन के खिलाफ एक उपाय के रूप में पानी के बर्तन की सफाई करते हुए उनकी तस्वीरें ट्वीट कीं। इस साल सात सितम्बर तक डेंगू के 122 मामले सामने आए हैं, जिनमें से 30 इसी महीने सामने आए। 52 मामले अगस्त में सामने आए थे। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) द्वारा दर्ज रिकॉर्ड के अनुसार पिछले साल डेंगू के 2,798 मामले सामने आए थे और इससे चार लोगों की जान चली गई थी।

### सेलीब्रिटी का भी मिल चुका है भरपूर साथ

दस हफ्ते, दस बजे दस मिनट अभियान को तमाम सेलिब्रिटी का भी सहयोग मिला है। साथ ही एलजी ने भी दिल्ली विकास प्राधिकरण और दिल्ली पुलिस को इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के निर्देश दिए हैं। कई सेलीब्रिटी इस अभियान के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सराहना कर चुके हैं।

# प्रदूषण के खिलाफ कामयाबी की दास्तां सुनाएंगे सीएम

## मुख्यमंत्री केजरीवाल डेनमार्क के कोपेनहेगन में सी 40 क्लाइमेट समिट में होंगे शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली के प्रदूषण को 25 प्रतिशत तक कम करने के लिए सरकार की ओर से किए गए सफल प्रयास की जानकारी दुनिया के सामने रखेंगे। इसके लिए अरविंद केजरीवाल 9-12 अक्टूबर के बीच डेनमार्क के कोपेनहेगन में आयोजित हो रहे सी 40 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने जाएंगे।

दुनिया के सबसे बड़े महानगरों में से एक होने के कारण मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री दुनिया को प्रभावित करने वाले जलवायु संकट पर विचार-विमर्श करने के लिए न्यूयॉर्क, लंदन, पेरिस, लॉस एंजिल्स और बर्लिन जैसे शहरों के नेताओं के साथ बैठक में शामिल होंगे।



मुख्यमंत्री दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए सरकार की ओर से किए गए प्रयास की विस्तृत जानकारी देंगे। जिससे दिल्ली के प्रदूषण को 25 प्रतिशत यक कम करने में अरविंद केजरीवाल सरकार को अभूतपूर्व सफलता मिली है।

चार साल पहले तक दिल्ली दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल थी। जिसके वायु प्रदूषण को अरविंद केजरीवाल के अथक प्रयास से कम करने में सफलता मिली। इस बैठक में मुख्यमंत्री बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए सरकार की ओर से किए गए प्रयास पर प्रकाश डालेंगे। जिससे जनरेटर सेट का चलन दिल्ली में लगभग बंद हुआ।

दिल्ली में औद्योगिक प्रदूषण में भारी कमी आई। 95 फीसद इंडस्ट्री के सीएनजी में सिफ्ट होने से औद्योगिक प्रदूषण में गिरावट आई। साथ ही दो थर्मल पावर प्लांट को बंद किया गया। सरकार के प्रयास से निर्माण स्थलों से होने वाले प्रदूषण में कमी देखने को मिली।

### दिल्ली में हरियाली का दायरा बढ़ा

पर्यावरण मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि यह भारत के लिए गर्व का विषय है। भारत के एक नेता दुनिया के सामने दिल्ली की सफलता की कहानी पेश करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वायु प्रदूषण पर भविष्य की कार्ययोजना पर शिखर सम्मेलन के दौरान भी बात करेंगे। ब्रीथ डीप्ली 'शीर्षक से एक सत्र में, शहर के नेता, विशेषज्ञ, और व्यापारिक नेता उन शहरों में चल रहे नए समाधानों पर चर्चा करेंगे। जिससे वायु गुणवत्ता में सुधार कर रहे हैं और स्वस्थ, अधिक न्यायसंगत और समृद्ध समुदायों का निर्माण कर रहे हैं। सीएम केजरीवाल के वायु प्रदूषण के समाधान के रूप में ऑड ईवन योजना के बारे में बोलने की भी संभावना है। वायु प्रदूषण से निपटने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार की प्रमुख योजना ऑड ईवन ने पहली बार जनवरी, 2016 में अंतरराष्ट्रीय जिज्ञासा उत्पन्न की थी।

## हमदर्दी का ढोंग कर रही है भाजपा : सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली।** आप मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने एक बयान जारी करते हुए भाजपा द्वारा दिल्ली में अनाधिकृत कॉलोनियों को लेकर आज चलाए गए अभियान पर पलटवार करते हुए कहा कि अनाधिकृत कॉलोनियों को पक्का करने का जो भाजपा ढिंढोरा पीट रही है, वह मात्र ढकोसला है, भाजपा की नियत ही नहीं है।

दिल्ली की अनाधिकृत कॉलोनियों को पक्का करने और कॉलोनी में रहने वाले लोगों को उनका मालिकाना हक देने की। अगर भाजपा सचमुच दिल्ली की अनाधिकृत कॉलोनियों को पक्का करना चाहती है तो हरदीप पुरी जी के 1 महीने का वादा करने के बाद अब 6 महीने का समय क्यों मांग रही है? उन्होंने यह भी कहा कि अभी तक दिल्ली की जनता के मन में एक असमंजस था कि दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों को पक्का करने की जिम्मेदारी दिल्ली सरकार की है या केंद्र सरकार की है। उन्होंने कहा दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों को पक्का करने में दोनों ही सरकार की भागीदारी है।

# बेखौफ बदमाशों ने की पुलिस पर फायरिंग

- जवाबी कार्रवाई के दौरान फरार हुए बदमाश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




राजधानी में बदमाशों के हौसले बढ़ते जा रहा है। अब आदमी तो क्या पुलिस को भी नहीं बख्श रहे है। ताजा मामला दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर के पास का है।

रविवार सुबह बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। दिल्ली पुलिस के डीसीपी ईस्ट जसमीत सिंह के मुताबिक बदमाशों को पकड़ने के लिए इलाके में पुलिस ने सादी वर्दी में ट्रैप लगाया हुआ था। दरअसल, जानकारी मिली थी कि कुछ बदमाश अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन के बाहर आकर सवारी बैठाकर लूटपाट करते हैं, इसी दौरान एक सफेद रंग की कार में आए बदमाश सवारी बैठाने की कोशिश कर रहे थे, तभी सादी वर्दी में तैनात पुलिसकर्मियों ने बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने जब जवाबी कार्रवाई की तो बदमाश गीता कॉलोनी तरफ भाग गए। उपायुक्त की मुताबिक पुलिस की तरफ से एक राउंड फायरिंग की गई है।

इस मामले में कोई घायल नहीं हुआ है। पुलिस ने गांधीनगर तक बदमाशों का पीछा भी किया था मगर वो भागने में कामयाब रहे।

पुलिस को शक है कि यह गैंग लूटपाट की घटनाओं में शामिल रहा है। ये लोग मेट्रो स्टेशन के आसपास कम रेट पर कैब बुक करते होंगे और मौका देखकर लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देते होंगे। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है और आसपास के थानों को अलर्ट कर दिया गया है।

बता दें कि दिल्ली-एनसीआर में बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ की खबरें सामने आती रहती हैं। शुक्रवार को ही दिल्ली के द्वारका के जाफरपुर कला इलाके में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया था।

## ऑस्ट्रेलियाई नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने रविवार को एक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक को कथित तौर पर 21 करोड़ रुपए के नशीले पदार्थों के साथ दिल्ली हवाई अड्डे पर पकड़ा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मोहम्मद उमर तुरे को सुबह लगभग साढ़े 11 बजे उस समय पकड़ा गया जब वह एयर इंडिया की उड़ान से मेलबॉर्न जाने के लिए इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचा था। अधिकारी ने बताया कि संदेह होने पर उसकी तलाशी ली गई और इस दौरान उसके पास से एम्फेटेमिन श्रेणी का सात किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यात्री को पूछताछ के लिए हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों के हवाले कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि बरामद नशीले पदार्थ का अनुमानित मूल्य 21 करोड़ रुपए है।

# लैंडफिल साइट के पास से थानों को हटाना चाहते हैं पुलिस अधिकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पुलिस अधिकारियों ने मांग की है कि गाजीपुर और भलस्वा पुलिस थानों को कम प्रदूषित इलाकों में स्थानांतरित किया जाए क्योंकि कचरा भराव स्थल (लैंडफिल साइट) से निकलने वाला धुआं सेहत के लिए नुकसानदेह है।



अधिकारियों ने दावा किया कि गाजीपुर पुलिस थाने के दो पुलिस अधिकारियों की 2013 से 2017 के बीच फेफड़ों के संक्रमण की वजह से मौत हो चुकी है। गाजीपुर पुलिस थाना जहां पूर्वी जिले में आता है वहीं भलस्वा डेयरी पुलिस थाना बाहरी उत्तरी जिले के तहत आता है। पूर्वी जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हमनें पुलिस मुख्यालय को लिखा है और उनसे अनुरोध किया है कि पुलिस थाने को उसकी मौजूदा जगह से किसी कम प्रदूषित इलाके में स्थानांतरित किया जाए। हालांकि, पुलिस मुख्यालय के सूत्रों ने कहा कि पुलिस थाने का स्थानांतरण व्यावहारिक विचार नहीं है। सूत्रों ने कहा कि सरकारी निकायों ने उन्हें जमीन दी है और वे अपने अधिकारक्षेत्र में आने वाले इलाके से बाहर पुलिस थाना नहीं खोल सकते। उन्होंने कहा कि उदाहरण के लिए गाजीपुर पुलिस थाना गाजीपुर के बाहर स्थानांतरित नहीं किया जा सकता क्योंकि इससे भ्रम फैलेगा और लोगों की पहुंच भी एक मुद्दा होगी। भौगोलिक सीमाओं के मद्देनजर, पुलिस थाने का स्थानांतरण आसान काम नहीं है।

हालांकि, उन्होंने जनवरी और अप्रैल में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किए गए वायु गुणवत्ता के सर्वेक्षण का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण में पाया गया कि कचरा भराव स्थल के नजदीक प्रदूषण ज्यादा है तथा पीएम 2.5 और पीएम 10 का स्तर तय सीमा से ज्यादा है।

## भाजपा ने शुरू किया अनुच्छेद 370 पर समर्थन हासिल करने का अभियान

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी और केन्द्रीय मंत्री अनुच्छेद 370 को लेकर केन्द्र के फैसले पर समर्थन हासिल करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में विभिन्न बुद्धिजीवियों और दिग्गज हस्तियों से मुलाकात कर रहे हैं। दिल्ली भाजपा नेता सतीश उपाध्याय ने कहा, इस अभियान का लक्ष्य बुद्धिजीवियों और अन्य क्षेत्र के दिग्गजों से मिलना तथा उन्हें 370 के प्रावधान हटाने की आवश्यकता और जम्मू-कश्मीर के लोगों को इससे होने वाले फायदा से अवगत कराना है।

# द्वारका इलाके में मुठभेड़ के बाद तीन बदमाश गिरफ्तार

- एक बदमाश के लगी गोली, कांस्टेबल बचा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



व्यापारियों को धमकी देकर वसूली करने वाले एक गैंग से मुठभेड़ के बाद द्वारका जिला के स्पेशल पुलिस स्टाफ ने सरगना समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

इस दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी है वहीं बुलेटप्रुफ जैकेट की वजह से पुलिसकर्मी की जान बच गई है। तलाश में इनके पास से दो पिस्टल, जिंदा कारतूस और चोरी की बाइक मिली है। आरोपियों की पहचान विक्की, नवीन और दीपक के रूप में हुई है। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त के अनुसार दीपक और कपिल सांगवान ग्रुप के बीच पैसों और फिरौती की रकम को लेकर झगड़ा चल रहा था। एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने विक्की को नजफगढ़ इलाके में घेर लिया। खुद को फंसा हुए देखते हुए विक्की ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। गोली कांस्टेबल कुलभूषण पर चलाई गई मगर बुलेटप्रूफ जैकेट से वजह से उनकी जान बच गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में विक्की के पैर में गोली लगी है।

## भारतीय भाषाओं पर ही नहीं बोलियों पर भी संस्कृत का प्रभाव : डॉ. भट्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली संस्कृत अकादमी दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित ''त्रिदिवसीय संस्कृत सम्मेलन के दूसरे दिन संस्कृत और विभिन्न उप भाषा एवं क्षेत्रीय भाषा, संस्कृत एवं पूर्वप्रान्त की भाषा और संस्कृत एवं दक्षिण भारतीय भाषाओं पर विभिन्न शोध पत्र प्रस्तुत किये गए।

सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अकादमी के सचिव डॉ. जीतराम भट्ट ने कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से सभी भारतीय भाषाओं पर संस्कृत के प्रभाव को आम लोगों के बीच ले जाना चाहते हैं। इसी लिए सभी भारतीय भाषाओं पर ही नहीं बोलियों पर भी विद्वान अपना अपना शोध पत्र प्रस्तुत कर रहे हैं । इस अवसर पर अकादमी की उपाध्यक्षा डॉ. कान्ता भाटिया ने कहा कि ये सम्मेलन आये हुये सभी शोधार्थियों को संस्कृत भाषा से निकली भाषाओं एवं बोलियों का आपस में परस्पर सम्बन्ध स्थापित करना चाहता है। द्वितीय सत्र में ''संस्कृत एवं पूर्वप्रान्त की भाषा'' विषय पर 8 शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये ।

इस सत्र की अध्यक्षता गोरखपुर विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रो0 मुरली मनोहर पाठक ने की सत्र का संचालन जामिया मीलिया विश्वविद्यालय के आचार्य डॉ. धन्जयमणि त्रिपाठी ने किया । संस्कृत एवं भोजपुरी भाषा, संस्कृत एवं ब्रजभाषा, संस्कृत एवं अवधी भाषा आदि भाषाओं पर लेख प्रस्तुत किये गये।

# रोज बसता-उजड़ता है यह स्कूल, फीस है बच्चों की मुस्कुराहट

## दुनिया की नजरों से दूर दिल्ली मेट्रो पुल के नीचे है 300 बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने वाला विद्यालय




**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

गरीबी और अन्य परिस्थितियों के कारण वंचित बच्चों के जीवन में शिक्षा की मिठास भरने के लिए लक्ष्मी नगर में रहने वाले एक दुकानदार यमुना बैंक इलाके में मेट्रो पुल के नीचे एक स्कूल चलाते हैं। रोज-रोज बसने उजड़ने वाला यह स्कूल 300 बच्चों की हंसी और मुस्कुराहट की वजह है जो तमाम मुश्किलों से लड़ते हुए यहां आते हैं।

राजेश कुमार शर्मा का यह फ्री स्कूल अंडर द ब्रिज (पुल के नीचे निःशुल्क स्कूल) 2006 से चल रहा है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश में हाथरस के रहने वाले शर्मा लक्ष्मी नगर में एक किराने की दुकान चलाते हैं। उन्होंने 13 साल पहले महज दो बच्चों के साथ अपने स्कूल की शुरुआत की थी। शर्मा को खुद गरीबी के कारण अपनी पढ़ाई बीच में छोड़नी पड़ी थी।

इस बात का दुख उन्हें आज भी है। इसलिए जब यमुना बैंक इलाके में घूमते हुए उन्होंने बच्चों को बिना शिक्षा के भटकते देखा तो उनके माध्यम से अपने सपने को जीने का फैसला किया। शर्मा (49) अपना स्कूल दो पालियों में चलाते हैं। सुबह 9-11 बजे तक लड़कों के लिए जिसमें 120 छात्र हैं। दोपहर दो बजे से शाम साढ़े चार बजे तक लड़कियों के लिए जिसमें 180 छात्राएं हैं। चार साल से 14 साल तक के इन बच्चों को शर्मा अकेले नहीं पढ़ाते हैं। आसपास के लोग भी उनकी मदद करते हैं। वे अपने खाली समय में आकर बच्चों को पढ़ाते हैं, उनके साथ सात ऐसे शिक्षक स्थाई रूप से जुड़े हुए हैं। वैसे तो स्कूल सड़क के शोरगुल से दूर है, और हर पांच मिनट पर आती मेट्रो ट्रेन की आवाज बच्चों को महसूस तक नहीं होती।

वे तो अपने सीमित संसाधनों वाले स्कूल में खुश हैं। उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे जमीन पर बोरियां बिछाकर बैठते हैं और सामान के नाम पर उनके पास सिर्फ पांच ब्लैकबोर्ड हैं। शर्मा के साथ जुड़े शिक्षक... लक्ष्मी चन्द्र, श्याम महतो, रेखा, सुनीता, मनीषा, चेतन शर्मा और सर्वेश बताते हैं कि वे अपने खाली समय में बच्चों को पढ़ाते हैं और उनकी मुस्कुराहट ही उनकी फीस है।शर्मा का कहना है कि उनके पास कभी कोई सरकारी प्रतिनिधि मदद की पेशकश लेकर नहीं आया। हां शुरुआत में कुछ एनजीओ जरुर आए थे, लेकिन उनमें से कोई सही नहीं लगा। वे लोग कहते कुछ और और करते कुछ और थे। उन्हें बच्चों की मदद करने से नहीं बल्कि उनके जरिए पैसे कमाने से मतलब था।

उनका कहना है कि हमें सिर्फ आसपास के लोगों से कुछ सहायता मिलती है। वह भी धन या स्कूल के सामान के रूप में नहीं। लोग यहां आते हैं खाने का सामान बांटने, कभी-कभी युवा अपना जन्मदिन मनाने आ जाते हैं। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के चेहरों पर खुशियां लाने के लिए यह काफी होता है।

उन्हें भी लगता है कि भले ही वे गरीब हैं, उनके पास मकान और गाड़ियां नहीं हैं, लेकिन वे भी समाज का हिस्सा हैं। मौसम की मार छोड़ दें तो शर्मा बिना किसी नागा के अपना स्कूल चलाते हैं। वह न सिर्फ बच्चों की पढ़ाई का ख्याल रखते हैं बल्कि उनकी उपस्थिति, अनुपस्थिति और उससे जुड़े कारणों पर भी गौर करते हैं।

अगर कोई बच्चा बिना किसी वजह के ज्यादा दिन स्कूल नहीं आता तो शर्मा उससे और उसके परिवार से मिलते हैं और उनकी समस्याएं सुलझाते हैं।

# वॉकथॉन से पैगाम...दिल की बीमारियों मौकापरस्त नेताओं से रहें सचेत

## विश्व हृदय दिवस पर आयोजित की गई वॉकथॉन-वॉक फॉर योर हार्ट

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**दिल** पर न जाने कितने ही गीत बने हैं। दिल से न जाने कितनों ने ही किसी से प्रेम किया। किसी भी काम को करने के लिए दिल से करने की सलाह दी जाती है। इसी दिल की जब जान पर बने आये तो फिर इसके लिए जागरूक होना भी जरूरी है। इसलिए दिल की बीमारियों के प्रति सचेत रहें। अपने दिल को सही रखें। दिल से सोचें और दिल की सुनें। चुनाव में भी दिल से वोट करें।

कुछ इस तरह का संदेश दिया गया विश्व हृदय दिवस पर मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में वॉकथॉन-वॉक फॉर योर हार्ट के जरिये। साथ ही यहां मतदान के प्रति भी इलेक्शन ताऊ ने लट्ठ लेकर खुद वॉक किया और मेरा वोट-मेरी जिम्मेदारी बताते हुये लोगों को वोट की कीमत बताई। उनके कुर्ते पर भी लिखा था-वोट दो एक को, वो भी किसी नेक को। इस मौके पर एशियाई खेलों की मुक्केबाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता और अर्जुन अवॉर्डी राजकुमार सांगवान, पीपल ऑफ द ईयर लिम्का बुक और भारत सरकार से पांच राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित डा. प्रदीप भारद्वाज, मिस यूनाइटेड नेशन-2017 अमीषा चौधरी, डायमेड मिस इंडिया एंड मिसेज इंडिया लिगेसी नेहा वर्मा गंडोत्रा ने वॉकथॉन को झंडी दिखाकर रवाना किया। आर्टेमिस अस्पताल की ओर से आयोजित इस वॉकथॉन में लोगों को स्वास्थ्यपरक आदतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अस्वास्थ्यकर आहार, शारीरिक निष्क्रियता और तम्बाकू सेवन आदि को त्यागने का भी संदेश यहां दिया।

अगर हम इन स्वास्थ्यप्रद आदतों को अपनाते हैं तो किसी भी शारीरिक खतरे को 80 फीसदी तक कम किया जा सकता है। इसके प्रति जागरुकता को लोगों ने पांच और दस किलोमीटर की दौड़ लगाई। कई क्षेत्रों से होकर यह वॉकथॉन वापस अस्पताल परिसर में पहुंची। यहां एक्सपर्ट की ओर से जानकारी दी गई कि दिल की बिमारी से भारत में प्रति वर्ष लगभग 1.7 मिलियन लोगों की मौत हो जाती है। दुर्भाग्यवश यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। जागरुकता से हम इसे रोक सकते हैं। हम अपने सामान्य जीवन शैली में थोड़ा बदलाव लाकर इस जोखिम को काफी हद तक कम कर सकते हैं। इस तरह के अभियान लोगों, परिवारों, समुदायों और सरकारों को दिल के स्वास्थ्य और संबंधित देखभाल के लिए एक जिम्मेदार कोशिश करने के लिए प्रेरित करता है।




गुरुग्राम में विश्व हृदय दिवस के मौके पर आयोजित वॉकथॉन में भाग लेते लोग।

### 1990 के बाद से दिल की बीमारियों 50 फीसदी वृद्धि

**चिकित्सकों** ने यह भी कहा कि 1990 के बाद से दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के मामलों में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इन बीमारियों के कारण होने वाली मौतों की संख्या में दो प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। इन रोगों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक बेहतर कोशिश की सख्त जरूरत है। सरकार के साथ-साथ निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को भी इस समस्या को दूर करने और इस वॉकथॉन की तरह ही अन्य पहल करने के लिए कदम उठाना चाहिए।

# समाज में महिलाओं के प्रति नजरिया बदलने की जरूरत : कृपलानी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**पद्मश्री** अवॉर्ड प्राप्त डॉक्टर अल्का कृपलानी ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने में पुरुषों की अहम भूमिका होती है। समाज में महिलाओं के प्रति नजरिया सम्मान पूर्वक होना चाहिए। रविवार को सोहना लायंस क्लब टाउंन ने स्थानीय राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में चिकित्सक और बेटी दिवस को महिला सहशक्तिकरण दिवस के रूप में मनाया।

इस अवसर पर समाज, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। जिसमें डॉक्टर अनुभूति अग्रवाल, डॉक्टर संगीता यादव, चांदनी बेदी, कृति मदान, सीमा गोयल व स्थानीय स्कूल की प्रधानाचार्य सुनील कुमारी मौजूद थीं। लायंस क्लब परिसर ने कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाई। चिकित्सा शिविर में करीब 200 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पारस अस्पताल गुरुग्राम में महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अल्का कृपलानी ने कहा कि आज महिलाओं को सशक्त बनाने की



जरूरत है। महिला अनेमिया जैसी बीमारियों की चपेट में अधिक आ रही हैं। महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति अधिक ध्यान देने की जरूरत है। क्योंकि महिलाओं को स्वास्थ्य जितना अच्छा होगा। वह परिवार उतना ही खुशियों से जीवन व्यतीत करने वाला मिलेगा। डॉक्टर कृपलानी ने कहा कि महिलाएं आज समाज सेवा से लेकर स्वास्थ्य, शिक्षा, साइंस और सेना के क्षेत्र में अधिक भागीदारी निभा रही हैं, लेकिन समाज में आज भी महिलाओं को अच्छी नजर से नहीं देखा जाता है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को जो नारा दिया उससे समाज में बेटियों को सम्मान मिला है, लेकिन अब बेटी बचाओ के साथ में बेटा समझाओ का संदेश समाज में जाना चाहिए। ताकि बेटी और महिलओं को सम्मान की दृष्टि से देखा जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### बैकों में सात दिनों तक लेन-देन का कार्य रहेगा प्रभावित

**गुरुग्राम।** बैंक कर्मियों का प्रतिनिधित्व करने वाली बैंक एम्पलाइज फेडरेशन ने 26 व 27 सितम्बर को अपनी लंबित पड़ी मांगों को लेकर हड़ताल की घोषणा की हुई है। जिसके कारण बैंक का कारोबार प्रभावित रहेगा और किसी प्रकार का कोई लेनदेन नहीं होगा। 28 सितम्बर को माह का चौथा शनिवार व 29 सितम्बर को रविवार का दिन होने के कारण बैंकों में अवकाश रहेगा। 30 सितम्बर को बैंकों में हाफ ईयरली क्लॉजिंग रहेगी और कार्य नहीं हो सकेगा। पहली अक्टूबर को ही बैंक खुलेंगे, जिसमें अधिकांश कर्मचारी अवकाश पर रह सकते हैं, क्योंकि वे लगातार अवकाश होने का लाभ उठा सकेंगे। दो अक्टूबर को गांधी जयंती के उपलक्ष्य में बैंकों में अवकाश रहेगा। इस प्रकार 25 सितम्बर के बाद बैकों में तीन अक्टूबर को ही कार्य शुरू हो पाएगा। जानकारों का कहना है कि 27 सितम्बर के बाद एटीएम से भी लेन-देन प्रभावित हो सकता है। इतने लंबे समय तक बैंकों में कारोबार न होने के कारण लोगों को अपनी जरुरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था कर लेनी चाहिए। अन्यथा उन्हें डिजिटल ट्रांजेक्शन करने के लिए सुपर मार्किट या मॉल्स आदि में जाना पड़ेगा।

### शिविर में 58 यूनिट रक्त एकत्रित



**शाहाबाद।** रक्तसेवक परिवार द्वारा गांव चढ़ूनी जाटान में रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें एमकेयर अस्पताल जिरकपुर से आई डॉक्टरों की टीम ने 58 यूनिट रक्त को सुरक्षित किया। परिवार के प्रधान गगन चंडोक ने बताया कि रक्त सेवक परिवार द्वारा ग्रामीण अचल में रक्तदान शिविर लगाने की मुहिम चला रखी है। क्योंकि ग्रामीण लोग अकसर रक्तदान शिविरों में रक्तदान करने से वंचित रह जाते है। उन्होंने बताया कि रक्त सेवक परिवार द्वारा यह 10वां रक्तदान शिविर लगाया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक परिवार द्वारा लगभग 800 यूनिट रक्त एकत्रित किया जा चुका है। इसके इलावा रक्त सेवक परिवार के सदस्यों द्वारा आपातकालीन स्थिति में लगभग 3300 यूनिट रक्तदान किया गया है। उन्होंने बताया कि इस शिविर में एमकेयर ब्लड बैंक से डा. निशा, सोनू कुमार, गुरदर्शन, सलविंदर सिंह, कंवरपाल, कपिल की टीम पहुंची। इससे पहले शिविर का आरंभ गांव के सरपंच बलकार सिंह, सुनील कुश, मा. सुरेश व जसबीर सिंह चढ़ूनी ने किया। सरपंच बलकार सिंह ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया। रक्त सेवक परिवार की ओर से मुख्यातिथि व रक्तदाताओं को स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अवशीश शर्मा, शुभम साहनी, जुगल किशोर जुनेजा, साहिल चड्ढा, अभिषेक सचदेवा, जयनाथ पांडे, योगेश, आयुष कालड़ा, कपिल यादव, सुखविंद्र सिंह कम्बोज सहित रक्तसेवक परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

### नाटक बैंड मास्टरए कलाकारों ने बटोरी वाहवाही

**कुरुक्षेत्र।** मल्टी आर्ट कल्चरल सेंटर की भरतमुनि रंगशाला में नाट्य बेला में नाटक बैंड मास्टर का मंचन किया गया। दिल्ली के पिपल्ज आर्ट कोलैक्टिव दल के कलाकारों द्वारा अभिनीत तथा इशु द्वारा निर्देशित नाटक बैंड मास्टर में ऐसे ही कुंठित लोगों पर कटाक्ष किया गया, जो निम्न जाति के कलाकारों को हमेशा निम्न दर्जे पर ही रखना चाहते हैं। नाटक मंचन से पूर्व मैक के क्षेत्रीय निदेशक नागेंद्र शर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि नाटक मंचन सदैव समाज को आईना दिखाने का कार्य करते हैं। समाज में घट रही घटनाओं को नाटक के माध्यम से प्रस्तुत करना वास्तव में कलाकार के लिए सराहनीय कार्य होता है। मंच का संचालन विकास शर्मा ने किया। नाटक की कहानी विनोद के इर्द गिर्द घूमती है। जिसमें दिखाया गया कि विनोद का पिता रघु बैंड मास्टर है जो अपनी टीम के साथ शादी-ब्याह में बैंड बजाता है। नाटक में नायक विनोद भी अपने पिता की तरह एक प्रसिद्ध बैंड मास्टर बनने की इच्छा रखता है। लेकिन ब्रास बैंड समुदाय की यह काफी हद तक असंगठित दुनिया निर्दोष विनोद का उपभोग करती है। एक दिन बैंड नाइट के दौरान उच्च जाति वर्ग के व्यक्ति द्वारा पिटाई किए जाने व अपमानित होने के बाद रघु बैंड मास्टर के रूप में काम करना छोड़ देता है। लेकिन विनोद का मन पढ़ाई में न लगकर बैंड मास्टर बनने की ओर ही लगा रहता है और वह दिल्ली चला जाता है। वहां भी विनोद का शोषण ही होता है और बैंड ग्रुप का मालिक उसके मेहनत के पैसे नहीं देता। एक ओर डीजे का चलन ज्यादा होने के कारण बैंड का क्रेज घटता जाता है। जिससे विनोद का मन खिन्न हो जाता है।

### नांगल चौधरी की बेटी पूनम शर्मा ने जीता कांस्य पदक




**नारनौल।** नांगल चौधरी के गांव गोलवा की की बेटी पूनम शर्मा ने नोएडा में आयोजित एशियन सैम्बों चैंपियनशिप में भाग लेकर भारत के लिए कांस्य पदक जीता है। पूनम शर्मा ने इस प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने का समाचार जैसे ही क्षेत्र में मिला लोग खुशी से झूम उठे। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में 23 देशों ने भाग लिया और नांगल चौधरी के गांव गोलवा समाजसेवी निवासी श्यामलाल शर्मा की बेटी पूनम शर्मा ने कड़ी मशक्कत के बाद भारत के लिए कांस्य पदक जीतकर देश को एक मुकाम दिलाया है। इससे पहले भी पूनम शर्मा चार बाद गोल्ड मेडल जीत कर इलाके व देश का नाम रोशन कर चुकी हैं। पूनम की इस उपलब्धी पर खुशी जताते हुए गांव के पूर्व सरपंच रामनिवास, हरियाणा खनिज निगम के पूर्व चेयरमैन चौधरी सत्यपाल दहिया, युवा नेता राजाराम गोलवा, प्रधान गोसेवक पंडित भवानीशंकर जोशी, नांगल चौधरी नगरपालिका उपचेयरमैन पति निहाल सिंह राजपूत समेत अनेक गणमान्य लोगों ने पूनम शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि चार बार गोल्ड मैडल जीतने वाली क्षेत्र की बेटी ने ना केवल इलाके बल्कि देश का नाम रोशन किया हैं। उन्होंने पूनम के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि पूनम आने वाले समय में अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए उस मुहाम को हासिल करेंगी, जिस पर पूरा देश उन पर नाज करेगा। देश के लिए कास्य पदक जीतने वाली पूनम शर्मा ने इस उपलब्धी के लिए अपने मुख्य राष्ट्रीय प्रशिक्षक डिप्टीराम शर्मा को देते हुए कहा कि कुशल मार्गदर्शन एवं अपने पिता श्यामलाल शर्मा व अपने परिवारजनों की हौसला अफजाई से उसने इस मुकाम को प्राप्त किया हैं।

# जन समर्थन से टिकट में कोई संदेह नहीं है : उमेश अग्रवाल



गुरुग्राम के सेक्टर-27 स्थित कम्युनिटी सेंटर में आयोजित आशीर्वाद समारोह में विधायक उमेश अग्रवाल, अनीता लूथरा अग्रवाल का स्वागत करते कार्यकर्ता।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**विधायक** उमेश अग्रवाल ने कहा कि पार्टी नेतृत्व जनभावनाओं के अनुरूप काम करता है। जिस प्रकार पूरे गुरुग्राम विधानसभा क्षेत्र के लोग उनके साथ एकजुट हो रहे हैं, उससे टिकट मिलने में कोई संदेह नहीं है। उन्होंने लोगों को चुनावों के दौरान चलने वाली अफवाहों से सचेत रहने के लिए भी सावधान किया। यह बात उन्होंने यहां सेक्टर-27 स्थित कम्युनिटी सेंटर में आयोजित आशीर्वाद समारोह में बोलते हुये कही।

विधायक उमेश अग्रवाल ने कहा कि न्यू गुरुग्राम कहे जाने वाले डीएलएफ, सुशांतलोक, आरडी सिटी और सरस्वती कुंज जैसी कॉलोनियों में बिल्डर, कालोनाजरों की मनमानी के चलते इन कालोनियों में रहने वाले लोगों को बिजली-पानी की सुविधा के लिए भी जूझना पड़ता था। उन्होंने कहा कि डीएलएफ जैसी कॉलोनियों में पानी का टैंकर माफिया काम कर रहा था, जबकि सुशांतलोक जैसी बड़ी कॉलोनी में आए दिन बिजली कनेक्शन कटने से पीने के पानी की आपूर्ति भी नहीं हो पाती थी। विधायक चुने जाने के बाद उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर पीने के पानी व बिजली की आपूर्ति सुचारु कराने का काम किया। विधायक उमेश अग्रवाल ने कहा कि उन्हें जब पहली बार डीएलएफमें टेंकर माफिया सक्रिय होने की जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल प्रभाव से डीएलएफ प्रबंधन व हुडा अधिकारियों की बैठक बुलाकर पानी की आपूर्ति की समस्या तुरंत दूर करने के निर्देश दिए। इसके लिए पानी के बूस्टर की क्षमता में भी बढोतरी की गई।

श्री अग्रवाल ने कहा कि सुशांतलोक में हुडा की ओर से बूस्टर तक पूरा पानी सप्लाई किया जा रहा था, लेकिन कालोनाइजर की रख-रखाव एजेंसी द्वारा बिजली का बिल अदा न किए जाने से वहां आए दिन बिजली आपूर्ति का कनेक्शन काट दिया जाता था। उन्होंने इस समस्या का समाधान भी प्राथमिकता से कराया। उमेश अग्रवाल ने कहा कि सरस्वती कुंज के 32 एकड़ जोहड़ में आस-पास की बहुमंजिला इमारतों (सोसाइटी) का सीवर का पानी ज्यादा जा रहा था। उन्होंने स्थानीय लोगों व अधिकारियों की बैठक बुलाकर इस सीवर के पानी को बंद कराया।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष इस समस्या को रखकर इस जोहड़ को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करना मंजूर कराया। इस जोहड़ की चार दीवारी की जा चुकी है और जनता के आशीर्वाद से एक बार फिर विधायक चुने जाने के बाद इसे पर्यटन के रूप में इसे पूरी तरह विकसित करा दिया जाएगा।

## स्वास्थ्य एवं जागरुकता शिविर का आयोजन

**गुरुग्राम।** एड्स एचआईवी एड्स नियंत्रण की लक्षित हस्तक्षेप परियोजना (टी आई) के अन्तर्गत आज जिला रेडक्रॉस सोसायटी, टीआई गुरुग्राम द्वारा स्वास्थ्य एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 50 महिलाओं और पुरुषों की स्वास्थ्य जांच की गई।

इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी, टीआई, गुरुग्राम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर कम सचिव महेश गुप्ता ने एड्स एक खतरनाक जानलेवा बीमारी है जो कि एचआईवी के जरिए फैलती है और विभिन्न प्रकार की जानकारी से अवगत कराया। उन्होनें कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर लगाने से समाज को नया और विशेष संदेश दिया जाएगा। शिविर में नशामुक्त होने की जानकारी भी दी गई।

# बोधराज सीकरी का जनसंपर्क अभियान में स्वागत, सहयोग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सुशांत** लोक के निवासियों ने एक जनसम्पर्क कार्यक्रम में पूरे गर्मजोशी से समाजसेवी बोधराज सीकरी का स्वागत किया। उन्हें आगामी चुनाव के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने भाजपा से उनके टिकट की दावेदारी का भी समर्थन किया। इस मौके पर भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पीएन सिंह भी उपस्थित थे।

उन्होंने बोधराज सीकरी का स्वागत किया और कहा कि वे समाज सेवा से सक्रिय राजनीति में आकर गुरुग्राम के मतदाताओं को एक बेहतर विकल्प देने के लिए सीकरी को धन्यवाद देते हैं। योगा परिवार के सदस्यों ने सीकरी के चैरिटेबल डिस्पेंसरी के माध्यम से गरीब परिवारों के स्वास्थ्य के लिए उनके योगदान को सराहा। सीकरी द्वारा समाज सेवा से लोग काफी प्रभावित थे। लोगों का कहना था कि राजनीति में पढ़े-लिखे लोगों की कमी है। ऐसे में सीकरी उन लोगों के सामने एक अच्छा विकल्प बनकर आए हैं। समाजसेवी के रूप में उन्होंने गुरुग्राम की समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास किया। इस दौरान सीकरी गुरुग्राम वासियों के जीवन से जुड़े और धीरे-धीरे उनके चहेते बन गए। सीकरी यहां लोगों के प्यार और सम्मान से अभिभूत हो गए। उन्होंने लोगों को समर्थन के लिए धन्यवाद कहा और विभिन्न स्थानीय समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा मैं गुरुग्राम को स्वच्छ, सुंदर और विकसित करने के लिए काम करूंगा। गुरुग्राम को गुरुग्राम वासियों के आधुनिक जीवन की सभी सुविधाओं की पूर्ति के योग्य बनाने की जरूरत है।



गुरुग्राम के सुशांत लोक स्थित पार्क में लोगों को संबोधित करते बोधराज सीकरी।

# अवैध रूप से शराब की पार्टी करने वाले धरे गए

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**रविवार** देरत रात भोंडसी थाना पुलिस ने निजी फार्म हाउस में चल रही शराब पार्टी पर छापामारी करते हुए छह युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से शराब, बीयर व डीजे सैट बरामद किया है। पुलिस ने फार्म हाउस मालिक सहित करीब 40 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शनिवार रात भोंडसी थाना पुलिस को सूचना मिली कि भारत यात्रा केन्द्र मार्ग पर बना जैन फार्म हाउस के अंदर शराब की पार्टी चल रही है। पार्टी में 40 से 50 लोग शामिल हैं।

पुलिस की सूचना पर आबकारी विभाग के डीटीसी सोमदत्त ने जैन फार्म हाउस में छापामारा। छापे के दौरान फार्म हाउस में डीजे संचालक हम्माद निवासी जाकिर नगर ओखला दिल्ली, सामान की रखवाली कर रहा सोहन निवासी गढ्डा कॉलोनी थाना टिहरी गढवाल उत्तराखंड, पार्टी का आयोजक पंकज शर्मा निवासी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश और शराब परोस रहे दो युवक अकरम निवासी ज्योति कॉलोनी शाहदरा और मनीष निवासी शिवपुरी आशा नगर यमुनानगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को देख अन्य युवक मौके से रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। पार्टी संचालक पंकज शर्मा ने पुलिस को बताया कि पार्टी करने की अनुमति फार्म हाउस मालिक ने उन्हें दी थी। एसआई श्योरन लाल ने बताया कि मौके पर 11 बोतल बीयर, 50 शराब के अध्धा, 15 बीयर की खाली बोतल व पांच अंग्रेजी शराब की बोतल बरामद कीं। जिनका लाइसेंस मांगने पर कोई भी आरोपी पेश नहीं कर सका। जांच अधिकारी ने बताया कि देर रात में अधिक आवाज में डीजे बजाकर शोर किया जा रहा था। उन्होंने बताया पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला जर्द कर लिया है।



भोंडसी थाना पुलिस द्वारा फार्म हाउस में अवैध शराब परोसकर पार्टी करने के आरोप में गिरफ्तार आरोपी।

## शहर के कर्मठ, समाजसेवा को समर्पित लोगों का सम्मान आज

**गुरुग्राम।** समाजसेवा के क्षेत्र में कर्मठ और समर्पित लोगों को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मान समारोह यहां सिविल लाइन स्थित अग्रवाल धर्मशाला में सोमवार 23 सितम्बर 2019 की शाम साढ़े छह बजे होगा।

कैनविन फाउंडेशन संस्था के अध्यक्ष, सम्मान समारोह के आयोजक एवं भाजपा जिला सचिव नवीन गोयल ने इस कार्यक्रम को लेकर बताया कि पर्दे के पीछे रहकर आज अनेकों लोग समाजसेवा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। वे या तो अपने बुजुर्गों से प्रेरणा लेकर या दूसरे समाजसेवियों से या फिर खुद की इच्छा से समाज की सेवा में जुटे हैं। ऐसे लोगों को समाज में सम्मान भी मिलना चाहिए।

# नैतिक विश्व का आध्यात्मिक जीवन दर्शन का ज्ञान दे रहा है ब्रह्मकुकारी : ओम बिरला

## नैतिक पतन रोकने के लिए आध्यात्मिकता जरूरी

## राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**ब्रह्माकुमारीज** संस्था समूचे विश्व को आध्यात्मिकता द्वारा एक नया जीवन दर्शन देने का कार्य कर रही है। यह बात देश के लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ब्रह्माकुमारीज के भोड़ाकलां स्थित ओम शान्ति रिट्रीट सेन्टर में युवाओं के लिए आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये।

उमंग-उत्साह जीवन के लिए अमृत विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज द्वारा युवाओं को दिया जा रहा मार्ग दर्शन समाज में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन लाने का कार्य कर रहा है। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की विशेष भूमिका होती है। ओम बिरला ने कहा कि वर्तमान समय नैतिक पतन को रोकने का कार्य केवल आध्यात्मिकता के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत का युवा स6पूर्ण विश्व के लिए मार्ग दर्शन का कार्य करेगा। आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत नौजवान ही स्वर्णिम विश्व का निर्माण कर सकता हैं। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था व्यक्तिगत रूप से भी चरित्र निर्माण का कार्य कर सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित कर रही है।

मदर डेयरी के प्रबन्ध निदेशक संग्राम सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी राष्ट्र की समृद्धि उसके नागरिकों की सम्पन्नता पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि अगर हम अपने मन को सकारात्मक उद्देश्य के लिए समर्पित करते हैं तो सफलता स्वत: ही हमारे कदमों में आती है।



# गुरुग्राम में भाजपा की टिकट, एक अनार सौ बीमार

## गुरुग्राम विस सीट से भाजपा की टिकट पाने को कई नेताओं ने किया आवेदन

## सभी कर रहे हैं अपनी टिकट पक्की होने की दावेदारी

पायिनयर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की टिकट का मतलब एक अनार सौ बीमार वाली कहावत हो गया है। एक तरह से यह हॉट सीट बन गई है। दिल्ली के निकट होने के चलते सभी की निगाहें यहां की टिकट पर ज्यादा टिकी हैं। सभी आवेदक नेताओं का दावा है कि टिकट उनकी जेब में है, जबकि टिकट किसे मिलेगी, यह अभी तक साफ नहीं हो पाया है। नेताओं में एक-दूसरे को अपनी ही पार्टी में नीचा दिखाने की भी होड़ लगी है।

विधानसभा चुनावों की घोषणा हो गई है। अब 29 दिन चुनाव होने में शेष रह गये हैं। अभी तक गुरुग्राम सहित प्रदेश में भाजपा की ओर से किसी भी नेता को उम्मीदवार नहीं बनाया गया है। पार्टी के भीतर मंथन चल रहा है। पार्टी के हरियाणा प्रभारी समेत अन्य वरिष्ठ नेता यहां कार्यकर्ताओं को चुनाव की तैयारियों के बहाने नब्ज टटोल रहे हैं। बात करें गुरुग्राम विधानसभा सीट से टिकट की, तो यहां कई नेताओं ने टिकट के लिए अपना प्रोफाइल जमा कराया है। कोई काफी लंबे समय से तो कोई पिछले लगभग एक माह से चुनाव की तैयारियों में लगा है। टिकट पाने के लिए नेताओं में समाजसेवा की भी होड़ लगी है। उन्हें टिकट मिले या न मिले, लेकिन यह अच्छी बात है कि जनता को काफी फायदा हो रहा है। कभी जागरुकता के बहाने तो कभी सुविधा के बहाने, जनता को कुछ न कुछ मिल ही रहा है। यानी चुनाव से पहले ही नेताओं द्वारा पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है।

उम्मीदवार बनने के बाद चुनाव के खर्च की शर्त निभानी होगी। विधानसभा चुनाव में खर्च की सीमा 85 लाख रुपये है। यह सीमा सुप्रीमकोर्ट की ओर से तय की गई है। हालांकि चुनाव आयोग इस खर्च को बढ़ाने पर भी विचार कर रहा है। चुनाव खर्च की सीमा से कई गुणा पैसा तो नेता अभी तक खर्च कर चुके हैं।

### फील्ड में काम कर रहे हैं नेता

**विधायक** उमेश अग्रवाल ने पूर्व में धार्मिक आयोजनों पर करोड़ों खर्च कर किया है, वहीं अब वे शहर में कार्यक्रम करके सामाजिक संस्थाओं और आमजन के बीच जा रहे हैं। जूट के बैग आदि वितरित करके वे प्लास्टिक फ्री मुहिम चला रहे हैं। नवीन गोयल की ओर से कई एजेंडे लेकर काम किया जा रहा है। वे ग्रीन, क्लीन और फिट गुरुग्राम का एजेंडा लेकर चल रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने और भी कई कार्यक्रम शुरू कर रखे हैं। जीएल शर्मा ने भी जूट के बैग वितरण का कार्य शुरू किया। यानी जनता से जुड़ने के लिए इनमें होड़ लगी है।

### टिकट पाने को नेता बहा रहे पसीना

**बात** करें भाजपा की टिकट मिलने की और नेताओं द्वारा टिकट पाने के लिए छटपटाहट की तो हर नेता खुद की टिकट पक्की मानकर चल रहा है।

गुरुग्राम में भाजपा की टिकट पाने को इस समय वर्तमान विधायक उमेश अग्रवाल, जिला सचिव नवीन गोयल, हरियाणा डेयरी विकास प्रसंघ लिमिटेड के चेयरमैन जीएल शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रवीण वशिष्ठ, बोधराज सीकरी सब नेताओं से आगे हैं। वे शहर में अपना प्रचार जोरों-शोरों से कर रहे हैं।

इन नेताओं में भी सबसे आगे उमेश अग्रवाल, नवीन गोयल और जीएल शर्मा हैं। इन तीनों के प्रचार का अगर आकलन करें तो शहर के हर कोने, गली-मोहल्ले में इनकी प्रचार सामग्री लगी रही है। हालांकि अब आचार संहिता लग चुकी है। इसलिए इसे हटाया भी जा रहा है। इन तीनों नेताओं ने अपने प्रचार के लिए अलग-अलग तरह के कार्य शुरू कर रखे हैं।

# टिकट के लिए बसपा नेताओं के बीच जमकर चले लाठी-डंडे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**बल्लभगढ़** की चावला कॉलोनी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में रविवार को आयोजित बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन के कुछ युवकों द्वारा कार्यकर्ताओं पर जमकर लाठी-डंडे चले। कार्यक्रम में बसपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सतीश मिश्रा भी मौजूद थे। मारपीट होते देख मिश्रा कार्यक्रम को छोड़कर पिछले दरवाजे से निकल कर चले गए। मारपीट करने वाले लोग बसपा पर बाहरी व्यक्ति को टिकट देने का आरोप लगा रहे थे। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर जमकर हंगामा होता रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के आते ही लाठी डंडे चला रहे युवक मौके से फरार हो गए।

सूत्रों के मुताबिक बसपा ने पृथला विधानसभा क्षेत्र से सुरेंद्र वशिष्ठ को अपना प्रत्याशी घोषित किया है, जिसके कारण सुरेंद्र वशिष्ठ ने रविवार को चावला कॉलोनी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम में उन्होंने बसपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सतीश मिश्रा को विशेष तौर पर आमंत्रित किया था। कार्यकर्ता सम्मेलन के पृथला के अलावा जिले के अन्य इलाकों से भी काफी संख्या में कार्यकर्ता हिस्सा लेने के लिए आए थे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी सीपी सिंह, डॉ. महेश, प्रदेश सचिव मनोज चौधरी व जिला अध्यक्ष रतिराम मौजूद थे। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे आमंत्रित अतिथि मंच पर पहुंच गए।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सतीश मिश्रा के मंच पर पहुंचते ही कुछ युवक पार्टी के समर्थन में नारेबाजी करते हुए मंच के निकट पहुंच गए। जो टिकट के एक दावेदार के समर्थक और रिश्तेदार बताए जाते हैं। मंच के पास पहुंचते ही इन युवकों ने बसपा जिंदाबाद की जगह मुर्दाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। जिस पर सम्मेलन में हंगामा शुरू हो गया। हंगामा होने पर सम्मेलन में अफरा-तफरी मच गई। तभी पार्टी के कार्यकर्ता उन्हें बाहर निकालने लगे। इस बीच कुछ और युवक वहां डंडे लेकर आए और पार्टी कार्यकर्ताओं को पीटना शुरू कर दिया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने झंडे लगे डंडों से बचाव शुरू कर दिया। हंगामा करने वालों का आरोप था कि पार्टी ने पृथला विधानसभा के टिकट को क्षेत्र के बाहरी व्यक्ति को बेच दिया है, जो कार्यकर्ता पार्टी के लिए काम कर रहे हैं, उनकी अनदेखी कर बाहरी व्यक्ति को टिकट दी गई है। करीब दस मिनट तक जमकर डंडे चलते रहे। सूचना मिलने पर वहां पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस को देखकर हमलावर युवक वहां से फरार हो गए। इस हमले में दो कार्यकर्ता भी घायल हो गए हैं। उधर, सम्मेलन में हंगामा होने पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सतीश मिश्रा अपना भाषण दिए बिना ही धर्मशाला के पिछले दरवाजे से गाड़ी में सवार होकर निकल गए। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विवाहिता की फांसी के फंदे पर लटकाकर हत्या, मामला दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**यहां के** गांव दौलताबाद में रहने वाली एक महिला की रहस्यमय हालत में फांसी के फंदे से लटककर मौत हो गई। ससुराल वाले इसे आत्महत्या का मामला बता रहे हैं। जबकि मायके वालों का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न कर पाने पर ससुराल वालों ने फांसी के फंदे से लटका कर हत्या की है। पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

थाना सेक्टर 17 में दर्ज मामले के मुताबिक होडल के गांव भुलवाना में रहने वाले राकेश ने अपनी शिकायत में कहा है कि उसने अपनी 20 वर्षीय बेटी मधु का विवाह दौलताबाद निवासी करण के साथ किया था। विवाह के दौरान उसने काफी दान-दहेज भी दिया था, लेकिन ससुराल वाले इससे संतुष्ट नहीं थे। विवाह के कुछ समय बाद ही ससुराल वालों ने दहेज की मांग को लेकर मधु को परेशान करना शुरू कर दिया। मधु के बताने पर उसने कई बार ससुराल वालों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उनके व्यवहार में जरा भी परिवर्तन नहीं आया। शुक्रवार को ससुराल वालों ने सूचना दी कि मधु की हालत खराब है। यहां आने पर पता चला कि मधु ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है।

पीड़ित व्यक्ति का आरोप है कि मधु ने खुद आत्महत्या नहीं की, बल्कि ससुराल वालों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी हत्या की है।

शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मृतका के पति करण, ससुर बलिराम, सास बालन, जेठ कृष्ण और जेठानी मधु के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## यमुना नदी से महिला का शव बरामद, हत्या की आशंका

यमुना नदी में गांव मोहना के पास रविवार की दोपहर को एक महिला का शव पानी में बहता हुआ जा रहा था। लोगों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को नदी से निकलवा लिया। मृतका की पहचान नहीं हो पाई। महिला की हत्या कर शव नदी में फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक रविवार की दोपहर मोहना गांव के निकट यमुना नदी में एक महिला का शव बहता हुआ जा रहा था। महिला के शव को देख यमुना पुल से गुजरने वाले लोगों की भीड़ लग गई। इस बारे में किसी ने पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई और लोगों की मदद से शव को नहर से बाहर निकाल लिया, जिसे पहचान के लिए बीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। युवती की उम्र करीब 25 वर्ष के आस-पास बताई जा रही है। महिला के दोनों हाथ रस्सी से पीछे बंधे हुए थे। जबकि उसके शरीर से पत्थर भी बंधा हुआ मिला है। महिला ने गले में मंगलसूत्र व पैरों में बिछुए भी पहन रखे हैं। इससे पता चलता है कि मृतका विवाहित थी। पुलिस को संदेह है कि अज्ञात लोगों ने महिला की हत्या करने के बाद शव की पहचान छिपाने के लिए नदी में फेंक दिया है। जांच अधिकारी एएसआई समय सिंह ने बताया कि मृतका की पहचान के लिए आसपास के राज्यों की पुलिस सम्पर्क किया जा रहा है। पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट आने पर मृत्यु के कारणों का पता चल सकेगा।

# एचएसएससी परीक्षा: दूसरे दिन बैठे 40 हजार छात्र

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**हरियाणा** स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एचएसएससी) के क्लर्क पद के लिए तीन दिवसीय परीक्षा का आयोजन किया है। दो दिनों में 60 हजार छात्रों ने परीक्षा दी। दूसरे दिन रविवार को करीब 40 हजार लोगों ने परीक्षा दी। इस दौरान 82 परीक्षा केंद्रों में सुबह और शाम दो पारियों में परीक्षा हुई।

हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के क्लर्क पद के लिए सरकार की तरफ से तीन दिवसीय परीक्षा शनिवार से शुरू हुई है। पहले दिन करीब 20 हजार छात्रों ने परीक्षा दी थी। जबकि रविवार को 40 हजार छात्रों ने परीक्षा दी, जो दो शिफ्टों में हुई। जिले में करीब 82 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। सभी परिक्षार्थियों की जांच बारीकी से की गई। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल मौजूद रहे। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम थे। जिला शिक्षा अधिकारी सतेन्द्र कौर ने बताया कि हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन की तीन दिवसीय परीक्षा के तीन दिनों में करीब एक लाख तक बच्चे परीक्षा देंगे। परीक्षा हॉल में सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जा रही है।

# संक्षिप्त समाचार

## झज्जर ने फरीदाबाद को तीन विकेट से हराया



**फरीदाबाद।** रावल क्रिकेट मैदान पर इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 14 क्रिकेट मैच में झज्जर ने फरीदाबाद को तीन विकेट से पराजित कर दिया। फरीदाबाद और झज्जर के बीच मैच 50-50 ओवर का था। फरीदाबाद ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 50 ओवर में 10 विकेट पर 107 रन बनाए। फरीदाबाद के बल्लेबाज सोमांश सिंह ने 23 रन, आलोक यादव ने 23 रन, जतिन ने 18 रन, आर्यन ने 13 रन बनाए। झज्जर की ओर से गेंदबाजी करते हुए गौरीश ने तीन विकेट और सम्मी ने 2 विकेट, शान, ईशु और आदित्य ने 1-1 विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए झज्जर की टीम ने 37.1 ओवर में सात विकेट पर 108 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए यश ने 27 रन, परम ने 26 रन, वैभव ने 13 रन, ईशु ने 12 रन बनाए। फरीदाबाद की ओर से गेंदबाजी करते हुए सोमांश सिंह ने चार विकेट, प्रद्युम्न और यश ने 1-1 विकेट ली। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के प्रेसिडेंट रजत भाटिया ने टीम को जीत की शुभकामनाएं दीं। डीसीए फरीदाबाद टीम के बीसीसीआई लेवल ए कोच ह्यपवन अधाना भी उपस्थित थे।

## यूनिफार्म और स्टेशनरी देख छात्रों के चेहरे खिले



**फरीदाबाद।** शिरडी साईं सेवा मायी परिवार के सदस्यों ने तिकोना पार्क स्थित छात्रवास में रहने वाले गरीब बच्चो के लिए लंगर सेवा के साथ यूनिफार्म और स्टेशनरी वितरित की। छात्रवास में रहने वाले छात्र लंगर के साथ यूनिफार्म और किताबे, पेंसिल पाकर बेहद खुश हुए। शिरडी साईं सेवा मायी परिवार की सदस्य शम्मा गोला ने बताया कि सदस्यों ने 25 हजार की किताबें और कॉपियां और यूनिफार्म बच्चों में बांटीं। इससे छात्रों के चेहरे खिल गए। उन्होंने बताया कि शिरडी साईं सेवा मायी परिवार की तरफ से लंगर सेवा शुरू की गई थी, लेकिन इस लंगर सेवा के दौरान उन्हें छात्रवास में रहकर पढ़ाई करने वाले छात्रों के बारे में पता चला, तो उन्होंने वहां रविवार को लंगर सेवा करने की ठानी। लेकिन लंगर बांटने के दौरान उन्हें छात्रों की परेशानियां सुनीं, तो उन्होंने उन्हें यूनिफार्म और स्टेशनरी बांटी। उन्होंने बताया कि उनकी तरफ से एक दिन बीके सिविल अस्पताल और दो दिन स्कूल और एक दिन छात्रावास में लंगर सेवा लगाई जाती है। शम्मा ने बताया कि उनकी संस्था से सीए कुनाल मलिक भी जुड़े हैं। वह बच्चों को काउंसिलिंग करेंगे और बच्चों को समय मिलने पर इंग्लिश का ज्ञान देंगे। उन्होंने बताया कि नई सदस्य डॉ. सैलजा मोहंती बच्चों को हेल्थ के टिप्स दिया करेंगी। वह सेक्टर 27 में क्लीनिक चलाती हैं। इस मौके पर परिवार के सदस्य सोनिया खत्री, कमल खतरी, राजीव थूसू, हरविन्द्र, रीना शर्मा, सौरव, अशोक मेहंदीरत्ता, कोनकना रॉय, रितू मल्हौत्रा, विनीता मालिनी, ललिता मल्होत्रा, विवेक शर्मा, दीपक भाटिया, काजल, कृष्णा राज के अलावा करीब 100 सदस्य शिरणी सेवामयी परिवार से जुड़े।

## एसआरएस के अनिल जिंदल से ईडी करेगी पूछताछ

**फरीदाबाद।** नीमका जेल में बंद एसआरएस ग्रुप के चेयरमैन अनिल जिंदल व निदेशकों से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम सोमवार को पूछताछ शुरू करेगी। ईडी ने 12 सितंबर को अदालत से पूछताछ की मंजूरी ली थी। अदालत ने जेल के अंदर पूछताछ की मंजूरी दी। रियल एस्टेट, जूलरी, सिनेमा सहित अन्य कारोबार से जुड़े एसआरआस ग्रुप के चेयरमैन अनिल जिदल, निदेशक नानक चंद तायल, बिशन बंसल, विनोद कुमार गर्ग, देवेंद्र अधाना, राजेश सिगला से मनी लांड्रिग मामले में पूछताछ की जाएगी। अदालत से मिली मंजूरी के मुताबिक ईडी 27 सितंबर तक आरोपितों से जेल में जाकर पूछताछ कर सकती है।

## किशोरी ने चलाई पानी की मोटर, मौत

**फरीदाबाद।** बीके चौक के निकट राहुल कॉलोनी में बिजली की मोटर से करंट लगने पर युवती की मौत हो गई। युवती की पहचान 16 वर्षीय फिजा के रूप में हुई है। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम न कराने की मांग को लेकर हंगामा कर दिया। पुलिस ने उन्हें समझाकर शांत किया और पोस्टमॉर्टम कराकर शव सौंप दिया। एनआइटी-3 चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि फिजा सुबह घर पर पानी की मोटर चलाने का प्रयास कर रही थी, तभी उसे करंट लग गया। इससे वो अचेत हो गई। परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने फिजा को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से पुलिस के पास सूचना गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में ले लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए बादशाह खान अस्पताल भिजवा दिया। कॉलोनी की महिला एवं पुरुष एकत्र होकर बादशाह खान अस्पताल पहुंच गए और शव बिना पोस्टमॉर्टम वापस देने की मांग करने लगे। पुलिस ने साफ कहा कि बिना पोस्टमॉर्टम शव वापस नहीं दे सकते। इस पर उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। एनआइटी-3 चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने उन्हें समझाकर शांत किया। इसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा सका।

## ईकोग्रीन कर्मियों को सफाई नहीं करने देंगे : यूनियन

**फरीदाबाद।** नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन ने रविवार को चेतावनी दी है कि वे ईकोग्रीन के कर्मचारियों को अब शहर की सड़कों की सफाई नहीं करने देंगे। यूनियन ने साफ कर दिया कि ईकोग्रीन को सफाई के मामले में काम नहीं करने दिया जाएगा। जबकि ईकोग्रीन के प्रोजेक्ट हेड रवि त्रिवेदी ने कहा कि किसी ने काम रोका, तो पुलिस की मौजूदगी में हम काम करेंगे। गौरतलब है कि नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन ने 27 से 30 अगस्त तक अपनी मांगों के मुद्दे पर हड़ताल की थी। इस हड़ताल में ईकोग्रीन में कर्मचारी भी शामिल हुए थे। अधिकाश मांगें मनी जाने पर सफाई कर्मचारी यूनियन ने हड़ताल खत्म कर दी थी। किंतु मानी हुई मांगों पर अमल न होने पर उन्होंने फिर हड़ताल कर दी है।

# ससुरालियों ने युवक को पीटकर बंधक बनाया

**फरीदाबाद।** घरेलू विवाद को लेकर ससुराल वालों ने भगत सिंह कॉलोनी स्थित एक युवक की दुकान पर धावा बोल दिया। ससुराल वालों ने मारपीट करते हुए युवक को अपनी कार में डाल लिया और उसका अपहरण कर बंधक बना लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

थाना शहर बल्लभगढ़ में दर्ज मामले के मुताबिक गांव पन्हैड़ा कलां निवासी रविंद्र ने अपनी शिकायत में कहा है कि उसके भाई जितेंद्र की शादी करीब 11 साल पहले गांव नंगला जोगियान गांव निवासी संगीता के साथ हुई थी। जितेंद्र की पिछले कुछ समय से संगीता के साथ अनबन चल रही है। इस पर संगीता के पिता ने जितेंद्र को फोन कर संगीता को नंगला जोगियान छोड़कर जाने के लिए कहा था। 21 सितंबर की सुबह जितेंद्र अपनी पत्नी को लेकर भगत सिंह कॉलोनी स्थित दुकान पर जाने की बात कहकर आया था।

रविंद्र का कहना है कि जब वह सुबह साढ़े नौ बजे दुकान पर पहुंचा, तो दुकान बंद मिली। पड़ोसियों ने बताया कि जितेंद्र को उसके ससुराल वाले मारपीट करने के बाद अपनी कार में डाल कर ले गए हैं। आरोप है कि जितेंद्र को उसके ससुराल वालों ने बंधक बना लिया है। मामले का पता चलते ही उसने पुलिस को शिकायत दे दी। चावला कॉलोनी पुलिस चौकी प्रभारी बलबीर सिंह का कहना है कि ससुराल वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# हमलावरों ने भाई को बचाने स्कूल पहुंचे छात्र के हाथ-पैर तोड़े

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**बल्लभगढ़** के मिल्क प्लांट रोड पर स्थित डीएवी स्कूल में पढ़ने वाले एक छात्र का बीच-बचाव करवाने को लेकर बाहरी युवकों से विवाद हो गया। छात्र उनसे बचकर किसी तरह स्कूल में जा घुसा। पता चलने पर छात्र का भाई वहां पहुंचा, तो कार व बाइक पर सवार होकर आए एक दर्जन से ज्यादा युवकों ने उसे घेर लिया। आरोपियों ने लोहे के सरियों व डंडों से उसके हाथ-पैर तोड़ दिए और मौके से फरार हो गए। घायल युवक को गंभीर हालत में सर्वोदय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने 15 हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

थाना शहर बल्लभगढ़ में दर्ज मामले के मुताबिक अहीरवाड़ा निवासी दीपांशु डीएवी स्कूल में 12वीं कक्षा का छात्र है। शुक्रवार दोपहर स्कूल में पढ़ने वाले अक्षत व आर्यन का स्कूल में दीपू और हिमांशु सहित अन्य छात्रों से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। छुट्टी के बाद अक्षत और आर्यन ने बाहर से कुछ युवकों को बुला लिया और उन्हें पीटने की तैयारी कर ली, लेकिन इसी बीच छात्र दीपांशु व अंकित बीच-बचाव को लेकर बोल पड़े। जिसके कारण बाहर से आए हुए युवक बुरी तरह भड़क गए और उन्होंने दीपांशु और अंकित की डंडों से पिटाई करनी शुरू कर दी।

दोनों हमलावरों से पीछा छुड़ाकर किसी तरह स्कूल में घुसने में कामयाब हो गए। दीपांशु ने अपने परिजनों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद उनके परिजन स्कूल पहुंचे। जहां अभी बातचीत चल ही रही थी, तभी दीपांशु का बड़ा भाई भूपेंद्र यादव जो डीएवी कॉलेज का छात्र है, वह घटना की सूचना मिलने पर स्कूल की ओर चल पड़ा। जब वह स्कूल के पास पहुंचा, तभी लोहे के सरिए और पिस्तौल लेकर कार और बाइक पर सवार होकर आए एक दर्जन से युवकों ने भूपेंद्र यादव पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में भूपेंद्र के दोनों हाथ, दोनों कंधे, दोनों पैर समेत शरीर के अन्य हिस्सों की हड्डियां टूट गई हैं। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। जांच अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि अक्षत, दीपक, उर्फ तोता, आर्यन, मनीष कपासिया, विक्रांत उर्फ बकरा व संजीव कपासिया समेत 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# विपुल ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**हरियाणा** के उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अब से लेकर चुनाव तक सभी कार्यकर्ता आराम छोड़ कर एक ईमानदार सरकार और विकासोन्मुखी सरकार के लिए अथक मेहनत करें। ताकि हरियाणा में विकास की जो गाड़ी चल पड़ी है, वो रुकने ना पाए। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद में होने वाले विकास कार्यों के लिए आप सभी ने जो सहयोग दिया है, उसके लिए सभी का आभार व्यक्त करते हैं।

हरियाणा में चुनावी बिगुल बज चुका है। चुनाव को देखते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेक्टर 16 स्थित सागर सिनेमा में एक बैठक का आयोजन किया। इसमें फरीदाबाद मंडल के शक्ति केंद्र प्रमुख, पालक, पन्ना प्रमुख व महिला मोर्चा की सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत से जिताने के लिए बैठक की। विधानसभा चुनाव प्रभारी राजकुमार बोहरा ने सभी से अपील की कि संगठन से जुड़े सभी कार्यकर्ता अपने अपने मोहल्ले-पड़ोस में लोगों को भाजपा की नीतियों से अवगत करवाकर दुनिया के सबसे बड़े संगठन से जुड़ने की अपील करें। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रवीण चौधरी, गीता सिंह महिला मोर्चा अध्यक्ष, चेयरमैन मुकेश शास्त्री, पार्षद छत्रपाल, पार्षद नरेश नंबरदार, विजय शर्मा मेंबर खादी बोर्ड, बशीर अहमद, नरेश अग्रवाल, बालकिशन चौहान, संजय मल्होत्रा, मनीष राघव, जीतेन्द्र गर्ग, हरिकिशन चौहान, राजकुमार छिब्बर आदि मौजूद रहे।

## सीवर जाम के खिलाफ लोगों ने किया प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** एनआइटी पर्वतीय कालोनी भाग एक में कई दिनों से सीवर जाम से परेशान लोग रविवार को सड़कों पर उतर आए। बिष्ट स्कूल से लेकर पर्वतीय कालोनी डिस्पोजल के चारों तरफ सीवर का पानी जमा है। इस मुद्दे पर लोगों ने रोष प्रदर्शन किया। लोग नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए डिस्पोजल चौक से होते हुए वार्ड की पार्षद ललिता यादव के निवास तक गए। अर्जुन सिंह, शंकर पांडेय, आनंद सिंह बिष्ट, ध्रुव सिंह रावत तथा तिलक राज शर्मा ने रोष जताया कि उन्होंने पार्षद ललिता यादव को समस्या से अवगत कराया है, मगर वह भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाईं। ललिता यादव ने माना कि समस्या गंभीर है। लोगों की शिकायत जायज है। नगर निगम कर्मचारियों की हड़ताल खत्म होते पर इस समस्या का समाधान होगा।

# वाईएमसीए ने मनाया छात्रों का 'प्रवेश दिवस'

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने रविवार को अपने पहले बैच (1969-1973) का 'प्रवेश दिवस' मनाया, जिसे 22 सितंबर को तत्कालीन वाईएमसीए इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में शुरू किया गया था। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के एलुमनाई एवं कॉर्पोरेट अफेयर सेल द्वारा पूर्व छात्र संघ 'मॉब' के सहयोग से आयोजित किया गया था।

संस्थान की सफलता और गौरव के स्वर्ण जयंती उत्सव को मनाने के लिए काफी संख्या में भूतपूर्व विद्यार्थी पहुंचे। इनमें से काफी विद्यार्थी कनाडा, अमेरिका और इटली सहित विदेशों तथा देश के भिन्न हिस्सों से हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे। भूतपूर्व विद्यार्थियों ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार से भी मुलाकात की तथा विश्वविद्यालय में चल रहे कार्यक्रमों, सुविधाओं तथा भावी योजनाओं की जानकारी ली। भूतपूर्व विद्यार्थियों में कई जाने-माने उद्यमी तथा कारपोरेट जगत के बड़े पदाधिकारी शामिल थे। उन्होंने कुलपति के साथ अपने अनुभव साझे किये तथा वाईएमसीए को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने भूतपूर्व विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर रूप से आयोजित करने की आवश्यकता है। ताकि उनका विश्वविद्यालय के प्रति जुड़ाव बना रहे। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग भी उपस्थित थे।

# सरकारी स्कूल के निर्माण में घोटाले का आरोप

**फरीदाबाद।** बार एसोशिएशन के पूर्व प्रधान एवं न्यायिक सुधार संघर्ष समिति के अध्यक्ष एडवोकेट एलएन पाराशर ने स्कूल निर्माण में घोटाले का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि संत नगर स्थित एक सरकारी स्कूल के निर्माण में 35 करोड़ रुपये खर्च करने का दावा किया गया। रविवार को वे मौके पर गए, तो देखा कि स्कूल में इतने पैसे नहीं लगे हैं और जब उन्होंने जानकारी हासिल की, तो बताया गया कि गलती से किसी अखबार में 35 लाख की जगह 35 करोड़ रुपये लिख दिया गया था।

पाराशर ने कहा कि स्कूल में 35 लाख भी नहीं लगे हैं और यहां भी अधिकारियों ने बहुत बड़ा गोलमाल किया गया। पाराशर ने कहा कि हरियाणा सरकार विकास के लिए जो धनराशि देती है, उस धनराशि में से अधिकतर पैसे भ्रष्ट अधिकारी और निर्माण से जुड़े ठेकेदार खा जाते हैं। इससे पहले सेहतपुर और धौज के स्कूलों की आवाज उठा चुके एलएन पाराशर ने कहा कि फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी बनने की राह में भ्रष्ट अधिकारी ही रोड़ा अटका रहे हैं, जो धनराशि आती है, उसे अधिकारी डकार रहे हैं। पाराशर ने कहा कि यही हालत शहर की सरकारी अस्पतालों की है, जहां अधिकतर गरीब लोग जाते हैं, लेकिन वहां उनका ठीक से इलाज नहीं होता और मजबूरी वश उन्हें निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है। पाराशर ने कहा कि संत नगर के इस स्कूल में घोटाले की बू आ रही है और वे जिला उपायुक्त को से शिकायत करके जांच की मांग करेंगे।

## शिविर में 150 लोगों ने रक्तदान किया

**फरीदाबाद।** शहीद भगत सिंह सेवा सदन द्वारा नीलम-बाटा रोड स्थित वैश्य भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रहे स्व. विकास चौधरी के भाई युवा कांग्रेसी नेता गौरव चौधरी मौजूद रहे। करीबन 150 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शहीद भगत सिंह सेवा सदन के पदाधिकारियों ने आए हुए सभी अतिथियों व रक्तदाताओं का फूल-मालाओं से स्वागत किया।

गौरव चौधरी ने रक्तदाताओं की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को एक साल में तीन बार रक्तदान करना चाहिए। ताकि उसके द्वारा दिया गया रक्त किया जरूरतमंद के काम आ सके। उन्होंने कहा कि वह शहीदों का सम्मान करते हैं तथा शहीदों के परिवारों का दुख भलि-भांति समझते है।

# किक बॉक्सिंग: हरियाणा ने जीते 44 मेडल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**तेलंगाना** में संपन्न राष्ट्रीय कैडेट्स एवं जूनियर किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 18 स्वर्ण पदक, 14 रजत पदक एवं 12 कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में भी दूसरा स्थान हासिल किया है।

यह प्रतियोगिता 17 से 20 सितंबर तक तेलंगाना के करीमनगर स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित की गई, जिसमें हरियाणा की 42 सदस्यीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 18 स्वर्ण पदक, 14 रजत पदक एवं 12 कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में भी दूसरा स्थान हासिल किया है। हरियाणा किक बॉक्सिंग संघ के संस्थापक महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया कि पदक जीतने वाले खिलाड़ियों ने विभिन्न इवेंट्स खेलते हुए स्वर्ण पदक जितने वाले खिलाड़ी मोनल कुकरेजा, अरुण बैंसला, गार्गी भाटिया, ओम तेवतिया, अंशु गहलावत, अनुराग सहारन, योगिता, गौरव कुमार, कानव, मोहित कुमार, पवित्र छाबरा, परिवेश धनकर, आरव शर्मा, मेधांश सिंह एवं हरविंदर कौर, रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ी दीपांशी मालिक, प्रतिज्ञा, यशिका, राहुल, प्रिंस, सुमित कुमार, पवित्र छाबरा, आरव शर्मा, अंश मेंहदीरत्ता, अरुण बैंसला, कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ी तन्वी चौधरी, योगिता, कुणाल, अश्लेषा तायल, नितिन, मुकेश, पियूष भाटी, परिवेश धनकर, प्रणव शर्मा, हेरमोइनी भाटिया हैं। प्रदेश की टीम के साथ प्रशिक्षकों में सचिन गोला, भगीरथ शर्मा एवं रेफरी के तौर पर सीमा सैनी, दीपक कुमार, मुकुल एवं नेहा सैनी गए थे। संतोष कुमार अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

# गलतियां दोहराईं तो टूट जाएगा पाक: राजनाथ

## ● रक्षा मंत्री ने पड़ोसी देश को दी चेतावनी

एजेंसी। पटना




**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को 1965 और 1971 की गलतियों को न दोहराने की चेतावनी देते हुए रविवार को कहा कि जिस तरह से वहां मानवाधिकार का उल्लंघन हो रहा है और आतंकवाद पनप रहा है, उससे इस मुल्क को खंड खंड होने से कोई नहीं रोक सकता। भाजपा द्वारा यहां आयोजित जन जागरण सभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने अनुच्छेद 370 और 35 ए को 'नासूर' की संज्ञा देते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर में आतंकवाद इसी के कारण पनपा और इस राज्य को लहू-लुहान किया। उन्होंने कहा कि वास्तव में जम्मू कश्मीर की आबादी के तीन चौथाई से अधिक लोग इस प्रावधान को निरस्त करने के पक्षधर थे।

राजनाथ ने कहा, भाजपा जो वादे करती है उन्हें पूरा करती है। हमारे इरादे अच्छे थे और इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि हमारे गठबंधन सहयोगियों ने भी हमारे इस कदम का पूरे दिल से समर्थन किया। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में जम्मू कश्मीर का नजारा बदल जाएगा और वह धरती का फिर से स्वर्ग होगा। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी गतिविधियों में लिप्त रहने वालों को स्वतंत्रता सेनानी कहे जाने पर राजनाथ ने कहा कि जो आतंकवादी हैं वह विशुद्ध रूप से आतंकवादी हैं उन्हें स्वतंत्रता सेनानी नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने कहा, देखते हैं कि वे यहां (भारत में) कितने आतंकवादी भेज सकते हैं। उनमें से कोई भी वापस नहीं लौट पाएगा।

राजनाथ ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि 1965 और 1971 को दोहराने की गलती नहीं होनी चाहिए नहीं तो खमियाजा भुगतना पड़ेगा और अगर इसे दोहराया गया तो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का क्या होगा यह विचार पड़ोसी देश को कर लेना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर यही सिलसिला चलता रहा, जैसा कि बलोच और पख्तून समुदाय के लोगों के मानवाधिकार का उल्लंघन हो रहा है और वहां आतंकवाद पनप रहा है, तो इससे पाकिस्तान को खंडखंड होने से कोई नहीं रोक सकता। सिंह ने केहा, वह अपने आप खंडखंड हो जाएगा। उसे किसी और को तोड़ने की जरूरत नहीं है।

उन्होंने पड़ोसी देश को जम्मू-कश्मीर के घटनाक्रम के मद्देनजर सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने के खिलाफ आगाह किया और कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत तभी शुरू होगी जब वह आतंकवाद को बढ़ावा देना बंद कर देगा। उन्होंने कहा कि उसे यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और केवल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के बारे में बातचीत हो सकती है। सभा को केंद्रीय मंत्रियों रविशंकर प्रसाद और नित्यानंद राय तथा बिहार के उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी सहित भाजपा के कई अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।



भोपाल में केन्द्र से फण्ड की मांग करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता

# उपग्रह मानचित्रण के जरिए जल्द पुरातात्विक स्थानों, कलाकृतियों का केंद्रीय डेटाबेस बनेगा

**नई दिल्ली।** सरकार पुरातात्विक महत्व के स्थानों और कलाकृतियों का केंद्रीय विरासत डेटाबेस तैयार करने के लिए उपग्रह मानचित्रण और दस्तावेजीकरण की सुविधा स्थापित करने की योजना बना रही है। यह जानकारी रविवार को सूत्रों ने दी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) इस डिजिटल डेटाबेस को टाटा ट्रस्ट की मदद से स्थापित करेगा। टाटा यह मदद कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत करेगा। इस डाटा को भारत में ही भारी सुरक्षा के बीच रखा जाएगा और क्लाउड आधारित प्रौद्योगिकी से इस तक पहुंच होगी।

एएसआई जल्द ही टाटा ट्रस्ट के साथ सहमति पत्र पर दस्तखत करेगा। इससे अगले दस साल में उपग्रह मानचित्रण और दूर संवेदी तकनीक की मदद से अज्ञात पुरातत्व महत्व के स्थलों एवं प्राचीन कलाकृतियों की खोज कर उनका दस्तावेजीकरण किया जाएगा। इस तकनीक से दस्तावेजीकरण इन कलाकृतियों की बेहतर जानकारी पैदा करने और उन्हें सुरक्षित रखने में मदद करेगी। यूनेस्को समझौते में कलाकृतियों का दस्तावेजीकरण करना अहम बिंदु है और इसके लागू होने से सांस्कृतिक संपत्तियों का अवैध आयात-निर्यात और मालिकाना हक हस्तांतरित करने पर रोक लगेगी।

पहले चरण में गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश के पुरातात्विक स्थलों का उपग्रह मानचित्रण होगा। सूत्रों ने बताया समझौते से सांस्कृतिक विरासत डेटाबेस तैयार करने में मदद मिलेगी जिसका उद्देश्य इनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यह मौजूदा कलाकृतियों और स्मारकों के लिए संदर्भ की तरह भी काम करेगा।

संस्कृति मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, उपग्रह मानचित्रण के जरिए पहचान किए गए पुरातात्विक स्थलों का सत्यापन पेशेवर पुरातत्वविद करेंगे और विस्तृत अध्ययन की संभावना का आकलन करेंगे। कलाकृतियों का भी दस्तावेजीकरण उच्च तकनीक की मदद से किया जाएगा जिसमें उनका इतिहास, पुरातत्व, कला इतिहास, उनकी उत्पत्ति और अन्य जानकारी दर्ज होगी। इसी मंत्रालय के अंतर्गत एएसआई काम करता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुरातात्विक संस्थान में उपग्रह दूर संवेदी प्रयोगशाला के साथ ही इसपर आधारित पाठ्यक्रम तैयार किए जाएंगे।

# श्रीनगर में साप्ताहिक बाजार में विक्रेताओं ने स्टॉल लगाए

एजेंसी। श्रीनगर

**यहां** साप्ताहिक बाजार में बड़ी संख्या में विक्रेताओं ने स्टॉल लगाए जबकि कश्मीर में लगातार 49वें दिन मुख्य बाजार और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। केन्द्र ने गत पांच अगस्त को जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को हटाने का निर्णय लिया था। अधिकारियों ने बताया कि घाटी के ज्यादातर हिस्सों से सरकारी वाहन नदारद रहे लेकिन अंतर-जिला मार्गों पर निजी कार और कुछ यात्री कैब को चलते हुए देखा जा सकता था। स्कूलों को फिर से खोले जाने के राज्य सरकार के प्रयास अब तक सफल नहीं हुए है। घाटी में लैंडलाइन टेलीफोन सेवाएं बहाल हो गई है जबकि कश्मीर के ज्यादातर हिस्सों में मोबाइल टेलीफोन सेवाएं और इंटरनेट सेवाएं गत पांच अगस्त से ही स्थगित है। अधिकांश अलगाववादी नेताओं को एहतियातन हिरासत में लिया गया है जबकि दो पूर्व मुख्यमंत्रियों उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती समेत मुख्यधारा के नेताओं को या ता हिरासत में या नजरबंद रखा गया है। एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री और श्रीनगर लोकसभा सीट से सांसद फारूक अब्दुल्ला को विवादास्पद जन सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार किया गया है।

# अनुप्रिया लाकड़ा: ओडिशा ने दी पहली महिला आदिवासी पायलट

एजेंसी। नई दिल्ली

**ओडिशा** के आदिवासी बहुल जिले मलकानगिरी तक जाने का तरीका खोजें तो पता चलता है कि वह इलाका हवाई संपर्क तो बहुत दूर की बात है, रेल मार्ग तक से नहीं जुड़ा है और ऐसे में अगर वहां की किसी आदिवासी लड़की के हौंसलों की उड़ान उसे कमर्शियल पायलट बना दे तो बात हैरानी की हदों से कहीं आगे निकल जाती है।

मलकानगिरी का इलाका माओवाद से प्रभावित है और पुलिस कांस्टेबल की बेटी अनुप्रिया लाकड़ा इस क्षेत्र की पहली आदिवासी महिला पायलट हैं। 2012 में भुवनेश्वर के एक प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थान को छोड़कर पायलट प्रशिक्षण संस्थान में पढ़ाई करने वाली अनुप्रिया जल्दी ही अपनी पहली कमर्शियल उड़ान के लिए तैयार हैं और अपने समुदाय की बहुत सी लड़कियों के सपनों को पंख देने वाली हैं।

ओडिसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने लोगों से कहा है कि वह अपनी बेटियों को अनुप्रिया जैसा बनाएं। उन्हें बड़े सपने देखने के लिए खुला आसमान दें और फिर उनके सपनों को पूरा करने की प्रेरणा और हौंसला भी दें।

अब ओडिशा की बात करें तो इसकी कुल आबादी 4.2 करोड़ है, जहां 22.95 प्रतिशत आदिवासी आबादी है। राज्य का मलकानगिरी जिला आदिवासी बहुल इलाका है, जहां आदिवासियों की आबादी 57.4 प्रतिशत है। ओडिशा में साक्षरता की दर 73 प्रतिशत है, लेकिन इनमें आदिवासी महिलाओं की साक्षरता दर मात्र 41.20 प्रतिशत है। इन तमाम आंकड़ों में अनुप्रिया की उपलब्धि उसके कठिन परिश्रम और सीमित संसाधनों के बावजूद आसमान को छू लेने की जिद की कहानी बयान करती है।

ओडिशा पुलिस में कांस्टेबल मारिनियस लाकड़ा और जमाज यासमीन लाकड़ा के यहां जन्मी अनुप्रिया ने मलकानगिरी में एक कान्वेंट से मैट्रिक की पढ़ाई की और उसके बाद निकटवर्ती कोरापुट जिले के सेमिलिगुडा से उच्चतर माध्यमिक स्तर की शिक्षा ग्रहण की। भुवनेश्वर के एक सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज में अनुप्रिया को दाखिला मिला तो उसके माता पिता को लगा कि अब लड़की जल्द इंजीनियर बनकर अपने पैरों पर खड़ी हो जाएगी। उन्हें उस समय भी अपनी बच्ची की उपलब्धि पर गर्व होता था, लेकिन उनकी बेटी के जहन में कुछ और ही सपने आकार ले रहे थे। उसे पायलट बनना था और उसने इंजीनियरिंग कॉलेज में कुछ महीने गुजारने के बाद अपना रास्ता बदल लिया और भुवनेश्वर के ही सरकारी उड्डयन प्रशिक्षण संस्थान (गति) में दाखिला ले लिया।

लाकड़ा के पिता के लिए अपनी बेटी को गति में पढ़ाना आसान नहीं था और अकसर रूपए पैसे की तंगी उसके रास्ते की दीवार बनती नजर आती थी, लेकिन कुछ अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति और कुछ अपनों की मदद की बदौलत अनुप्रिया इस मुश्किल रास्ते पर आगे बढ़ती चली गईं और ढेरों परीक्षाएं पास करके कमर्शियल पायलट का लाइसेंस हासिल करने में कामयाब रही। अनुप्रिया की मां जमाज ने विमान को बस आसमान में उड़ते हुए ही देखा है और अब वह यह सोचकर रोमांचित हैं कि उनकी बेटी विमान उड़ाएगी।

आदिवासी नेता और ओडिशा आदिवासी कल्याण महासंघ के अध्यक्ष निरंजन बिसी ने बताया कि लाकड़ा ओरांव जनजाति से हैं और वह मलकानगिरी से ही नहीं बल्कि पूरे ओडिशा की पहली महिला हैं, जो मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल करने में सफल रही हैं। वह एक ऐसे जिले से आती हैं, जहां के लोगों ने अब तक रेलवे लाइन नहीं देखी और अब वह अपनी बिटिया को आसमान में परवाज करते देखेंगे। उनका कहना था कि एक स्थानीय लड़की का विमान उड़ाना पूरे आदिवासी समाज के लिए गौरव की बात है।


जबलपुर में घर में मिले मगरमच्छ को बांधकर ले जाते हुए लोग

## देश में सिर्फ 2.5 प्रतिशत कॉलेज पीएचडी कराते हैं

**नई दिल्ली।** मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा कराए गए अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण के मुताबिक देश में केवल 2.5 प्रतिशत कॉलेज पीएचडी कार्यक्रम संचालित करते हैं और सबसे ज्यादा विज्ञान वर्ग के छात्र पीएचडी के लिए नामांकन कराते हैं। देश में पीएचडी करने वाले छात्रों की संख्या ।,69,170 है, जो कुल पंजीकृत छात्रों का 0.5 प्रतिशत से भी कम है। इस वार्षिक सर्वेक्षण के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों को तीन श्रेणियों में बांटा गया- विश्वविद्यालय, कॉलेज और स्वतंत्र संस्थान। 2018-19 के सर्वेक्षण में कुल 962 विश्वविद्यालय, 38179 कॉलेज और 9190 स्वतंत्र संस्थान शामिल हुए। सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक, केवल 2.5 प्रतिशत कॉलेज पीएचडी कार्यक्रम संचालित करते हैं और 34.9 प्रतिशत कॉलेज परास्नातक स्तर तक के कार्यक्रम संचालित करते हैं। पीएचडी स्तर पर सबसे ज्यादा छात्र विज्ञान वर्ग के हैं और इसके बाद इंजीनियरिंग तथा प्रौद्योगिकी वर्ग का स्थान है। दूसरी ओर परास्नातक स्तर पर सबसे अधिक छात्र सामाजिक विज्ञान वर्ग के हैं।

# वीआईपी पास बेचने को लेकर वैश्विक यात्रा कंपनी के खिलाफ बीएसएफ ने शिकायत की

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की शिकायत पर एक वैश्विक आनलाइन यात्रा कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। बीएसएफ ने कंपनी पर आरोप लगाया है कि वह पंजाब स्थित अटारी...वाघा सीमा पर होने वाले लोकप्रिय रिट्रीट समारोह के लिए आगंतुकों को वीआईपी पास बेचकर उनसे धोखाधड़ी कर रही थी। यह जानकारी अधिकारियों ने रविवार को दी।

बीएसएफ ने इस महीने के शुरू में पंजाब पुलिस से की गई शिकायत में कहा है कि बहुराष्ट्रीय घोटाले जैसे कृत्य ने उसकी छवि धूमिल की है क्योंकि प्रतिदिन होने वाले रिट्रीट समारोह को मुफ्त में देखा जा सकता है। बीएसएफ ने साथ ही यह भी कहा कि बीएसएफ कर्मी यह सुनिश्चित करने के लिए पूरा प्रयास करते हैं कि लोग एक पैसा खर्च किए बिना इस समारोह का आनंद उठाएं।

पुलिस ने शिकायत को एक प्राथमिकी में तब्दील कर दिया है और इसमें वैश्विक आनलाइन यात्रा एजेंसी एक्सपीडिया ग्रुप , उसकी सहयोगी इकाइयों और अन्य पर कथित धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया है। इसका सबसे पहले पता 31 अगस्त को पंजाब के सीमांत जिले अमृतसर के अटारी में चला था। इस विषय पर एक्पीडिया डाट कॉम को ईमेल किया लेकिन उसने उसका कोई जवाब नहीं दिया।

घटना उस समय प्रकाश में आई जब दिल्ली की एक महिला और तीन अन्य ने 31 अगस्त को बीएसएफ के एक जवान से सम्पर्क किया और कहा कि उसके पास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चार वीआईपी पास हैं और प्रतएक पास की कीमत 1500 रुपए है। उन्होंने बताया कि जवान को कुछ गड़बड़ी महसूस हुई और उसने अपने कमांडरों को सूचित किया जिन्होंने इस मामले की एक विवेचना शुरू की।

बीएसएफ ने अपनी शिकायत में कहा, एक्पीडिया समूह कंपनी एक वैश्विक ट्रैवेल टेक्नोलॉजी है और वह संयुक्त अटारी जांच चौकी आने वाले यात्रियों को आकर्षित करने के लिए एक्पीडिया डाट कॉम, चीपटिकेट्स डाट कॉम और टैक्सीबाजार जैसी सहयोगी कंपनियों का इस्तेमाल कर रही है और उनसे अवैध रूप से धनराशि वसूल कर उन्हें अनधिकृत वीआईपी पास या वाउचर मुहैया करा रही है। बीएसफ ने अपनी शिकायत में कहा कि यह एक बहुराष्ट्रीय घोटाला है जिसका संचालन विभिन्न आनलाइन कंपनियां कर रही हैं। बीएसएफ ने कहा कि यह भी पता चला है कि ए वेबसाइट प्रति व्यक्ति 41 अमेरिकी डालर (करीब 2900 रुपए) का एक पैकेज मुहैया कराती हैं जिसमें अमृतसर से अटारी तक का टैक्सी किराया, रिट्रीट समारोह के दौरान बैठने के लिए एक वीआईपी पास और पेय पदार्थ शामिल है।

## प्रधानमंत्री विदेशों में भारत का प्रतिनिधित्व करते वक्त सम्मान पाने के हकदार हैं: थरूर

**पुणे (महाराष्ट्र)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री जब भारत के प्रतिनिधि के तौर पर विदेश यात्रा करते हैं, उस वक्त वह सम्मान पाने के हकदार होते हैं। लेकिन जब वह (प्रधानमंत्री) देश में होते हैं, तब लोगों को उनसे सवाल करने का अधिकार है। थरूर मोदी सरकार के कटु आलोचक माने जाते हैं। देश की एक भाषा (हिंदी) होने संबंधी विवाद पर केरल से लोकसभा सदस्य ने कहा कि वह त्रि-भाषा फार्मूला (बहुभाषी संचार क्षमताओं को बढ़ावा देने) के पक्ष में हैं। उन्होंने महाराष्ट्र के पुणे जिले में ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस द्वारा आयोजित एक सत्र में यह बात कही। थरूर ने कहा, प्रधानमंत्री विदेशों में सम्मान पाने के हकदार हैं क्योंकि (वहां) वह हमारे राष्ट्र के प्रतिनिधि होते हैं। लेकिन जब वह भारत में होते हैं, हमें उनसे सवाल करने का अधिकार है। देश की एक भाषा होने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि हिंदी, हिंदुत्व और हिन्दुस्तान को बढ़ावा देने की भाजपा की विचारधारा देश के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा, हमें त्रि-भाषा फार्मूले को आगे बढ़ाने की जरूरत है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश की एक भाषा होने संबंधी अपनी टिप्पणी से पैदा हुई बहस के बीच बुधवार को कहा था कि उन्होंने देश में अन्य स्थानीय भाषाओं पर हिंदी थोपे जाने की बात कभी नहीं कही, बल्कि दूसरी भाषा के रूप में इसके (हिंदी के) इस्तेमाल की हिमायत की है। थरूर ने मॉब लिंचिंग (भीड़ हत्या) की घटनाओं को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि यह हिंदुत्व और भगवान राम का अपमान है।

# एनआरसी मुद्दे ने बंगाल में बदला राजनीतिक विमर्श

**कोलकाता।** एनआरसी की परछाई बंगाल को तेजी से राजनीतिक युद्ध क्षेत्र में परिवर्तित करती जा रही है जहां तृणमूल कांग्रेस को भाजपा पर बढ़त दिख रही है। भाजपा शासित असम में पंजी से काफी संख्या में बंगाली हिंदुओं का नाम गायब रहने का लाभ टीएमसी उठा सकती है। राज्य में पिछले वर्ष से घुसपैठियों को निकाल बाहर करने के लिए एनआरसी लागू करने की मांग बढ़ती जा रही है। राज्य की 2000 किलोमीटर से ज्यादा लंबी सीमा बांग्लादेश के साथ लगती है।

बहरहाल असम में अंतिम एनआरसी सूची के प्रकाशन में 19.6 लाख लोगों के नाम गायब रहे जिसमें करीब 12 लाख हिंदू और बंगाली हिंदू हैं। इससे राज्य में राजनीतिक विमर्श काफी बदल गया है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के मुद्दे पर आक्रामक है और इसे भगवा दल का बंगाल विरोधी कदम बता रही है। टीएमसी के महासचिव पार्थ चटर्जी ने कहा, असम एनआरसी से 12 लाख बंगालियों और हिंदुओं का नाम गायब होना क्या दर्शाता है? यह दर्शाता है कि यह बंगालियों को निशाना बनाने का हथियार है। भाजपा खुद को हिंदुओं और हिंदू अधिकारों का शुभचिंतक बताती है, उसे बताना चाहिए कि किस तरह से हिंदुओं और बंगालियों के नाम सूची से गायब हो गए।

चटर्जी ने कहा, आंकड़े साबित करते हैं कि उनका मुख्य निशाना बंगाली थे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने कई बार कहा कि यह प्रक्रिया पूरे देश में चलेगी। वह एक अक्टूबर को यहां मुद्दे पर एक सेमिनार को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस हफ्ते इस मुद्दे पर दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात की थी और वह इस प्रक्रिया के खिलाफ मजबूत जनमत तैयार कर रही हैं। टीएमसी सुप्रीमो ने यहां 12 सितम्बर को एनआरसी के खिलाफ रैली का नेतृत्व किया था। पश्चिम बंगाल विधानसभा ने पिछले महीने एनआरसी के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया था जिसमें बनर्जी ने इसे बंगाल में नहीं लागू करने का संकल्प जताया।

टीएमसी के सांसद सुदीप बंदोपाध्याय ने कहा कि पंजी ने न केवल लोगों को विभाजित कर दिया है बल्कि लोगों को अपने ही देश में शरणार्थी बना दिया है। बंदोपाध्याय ने कहा, भाजपा ने कहा है कि अगर वह सत्ता में आती है तो बंगाल में भी एनआरसी लागू करेगी। इसलिए बंगाल के लोग सचेत हैं कि उनके लिए क्या अच्छा है और क्या बुरा है। पार्टी को पहले बताना चाहिए कि बंगालियों एवं हिंदुओं को सूची से बाहर क्यों रखा गया।

बहरहाल, असम में करीब 12 लाख हिंदुओं को अंतिम एनआरसी सूची से बाहर रखे जाने के कारण भगवा दल को विचित्र स्थिति में ला दिया है। पार्टी का कहना है कि पहले नागरिकता (संशोधन) विधेयक को लागू किया जाएगा जिसमें हिंदू शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता दी जाएगी और फिर मुस्लिम घुसपैठियों को बाहर निकालने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। राज्य भाजपा के अध्यक्ष दिलीप घोष ने पीटीआई- भाषा को बताया, अवैध बांग्लादेशी मुसलमान राज्य और देश के निवासियों के लिए खतरा हैं। 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान लाखों लोग वहां से भागकर भारत आ गए थे और वे खासकर बंगाल और पूर्वोत्तर हिस्से में रहने लगे। घोष ने कहा, बंगाल में हम पहले नागरिकता विधेयक लागू करेंगे और फिर एनआरसी। राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए तृणमूल कांग्रेस भय का माहौल पैदा करने का प्रयास कर रही है।



पटना में आरजेडी नेता तेजस्वी यादव बिहार के पूर्व मंत्री रमानी राम को पार्टी की सदस्यता की स्लिप देते हुए

# भाजपा को अगले साल जनवरी तक मिलेगा नया अध्यक्ष

**एजेंसी।** नई दिल्ली

● भाजपा संविधान के मुताबिक, 50 प्रतिशत राज्य का चुनाव संपन्न होने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव शुरू किया जा सकता है।

**केंद्र** में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की कमान अगले साल जनवरी तक पूरी तरह जे पी नड्डा के हाथ में आना अब लगभग तय माना जा रहा है। ऐसी उम्मीद है कि भाजपा के संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद नड्डा को पूर्ण रूप से यह जिम्मेदारी सौंप दी जाएगी। अभी वह भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष हैं।

भाजपा के संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया में बूथ स्तर का चुनाव 11 सितंबर से शुरू हो गया है। मंडल, जिला और राज्यों के अध्यक्षों का चुनाव 15 दिसंबर तक पूरा किया जाना है। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया में करीब एक माह का समय लगेगा। ऐसे में पार्टी अध्यक्ष के नाम पर जनवरी तक मुहर लग जाएगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राष्ट्रीय चुनाव प्रभारी राधा मोहन सिंह ने बताया, पार्टी के संगठनात्मक चुनाव के तहत बूथ स्तर का चुनाव 11 सितंबर से प्रारंभ हो गया है और यह 30 सितंबर तक पूरा होगा। उन्होंने बताया कि इसके बाद 11-31 अक्तूबर तक मंडल स्तर के चुनाव होंगे। 11-30 नवंबर तक जिला स्तर के चुनाव और।-15 दिसंबर तक राज्य स्तर के चुनाव होंगे। सिंह ने बताया, 15 दिसंबर के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया शुरू होगी जब राज्यों के अध्यक्षों एवं राष्ट्रीय प्रतिनिधियों का चयन हो जाएगा। इसके बाद ही मतदाता सूची तैयार होगी। महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में विधानसभा चुनाव के कारण संगठनात्मक चुनाव नहीं हो रहे हैं और पार्टी के संगठन से जुड़ी चुनावी प्रक्रिया में 33 राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं।

भाजपा संविधान के मुताबिक, 50 प्रतिशत राज्य का चुनाव संपन्न होने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव शुरू किया जा सकता है। अध्यक्ष का चुनाव एक निर्वाचक मंडल करता है जिसमें जिला इकाइयों द्वारा निर्वाचित सदस्य, सभी विधायकों द्वारा अपने में से चुने गए 10 प्रतिशत सदस्य, प्रदेश से राष्ट्रीय परिषद में उक्त राज्य में लोकसभा सदस्य के बराबर निर्वाचित सदस्य तथा पार्टी सांसदों द्वारा अपने में से चुने गए 10 प्रतिशत सदस्य शामिल हैं। गौरतलब है कि अमित शाह के 2019 के लोकसभा चुनाव में जीत के बाद मोदी सरकार में गृह मंत्री का दायित्व संभालने के कारण पार्टी के नए अध्यक्ष की कवायद शुरू हुई। इस दौरान अमित शाह राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हुए हैं जबकि जे पी नड्डा को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा ने संगठनात्मक चुनाव की दृष्टि से देशभर में 10,36,166 बूथ बनाए हैं जबकि पूरे देश में।,979,94 शक्ति केंद्र हैं। गौरतलब है कि 2014 में जब अमित शाह बीजेपी अध्यक्ष बने तब राजनाथ सिंह का दो साल का कार्यकाल बचा हुआ था। राजनाथ सिंह के केंद्रीय मंत्रिमंडल में चले जाने के बाद अगस्त 2014 में अमित शाह को अध्यक्ष बनाया गया था।

अमित शाह जनवरी 2016 में भाजपा अध्यक्ष के रूप में फिर से निर्विरोध चुन लिए गए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत सभी शीर्ष नेताओं ने अध्यक्ष पद के लिए शाह के नाम का प्रस्ताव किया था। नामांकन में किसी अन्य नेता का नाम आगे नहीं किया गया। शाह का चुनाव तीन वर्ष के पूर्ण कार्यकाल के लिए हुआ था। अमित शाह का कार्यकाल जनवरी 2019 में पूरा हो गया था। इसके बाद शाह के कार्यकाल को लोकसभा चुनाव तक बढ़ा दिया गया था। लोकसभा चुनाव में शाह ने गांधीनगर से चुनाव में जीत हासिल की। उन्हें मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में गृह मंत्री बनाया गया। ऐसी स्थिति में पार्टी के वरिष्ठ नेता जे पी नड्डा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया।

## मप्र में विकसित होंगी बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएंः कमलनाथ

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश में बेतहरीन चिकित्सा सुविधाएं विकसित की जाएंगी, ताकि लोगों को इलाज के लिए दूसरे राज्यों में जाना नहीं पड़े। कमलनाथ ने शनिवार को यहां नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज परिसर में 150 करोड़ रुपए की लागत से तैयार 220 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का लोकार्पण किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में प्रदेश को पूरे देश में अव्वल बनाने के लिए सरकार विशेष प्रयास कर रही है। जबलपुर में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनने से पूरे महाकौशल अंचल के लोगों को उच्च-स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले नौ माह में कृषि क्षेत्र को उन्नत बनाने और किसानों को बेहतर लाभ देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, हम कृषि क्षेत्र में विकास की नई संभावनाओं को साकार कर रहे हैं। वहीं प्रदेश में रोजगारोन्मुखी निवेश को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे हमारे नौजवानों को रोजगार मिलेगा और वे पूरी ऊर्जा के साथ प्रदेश के विकास में अपना योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि नौजवानों को रोजगार और उनके बेहतर भविष्य के साथ किसानों का कल्याण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



पटना में रविवार को ओणम समारोह के दौरान एक मंदिर में फूलों की रंगोली बनाती हुई महिलाएं

# असम के आंगनवाड़ी केंद्रों में 19.96 लाख फर्जी लाभार्थी पता चले

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**असम** के आंगनवाड़ी केंद्रों में सत्यापन के दौरान करीब 19.96 लाख फर्जी लाभार्थी पाए गए। यह खुलासा सूचना के अधिकार के तहत मिले जवाब में हुआ। असम में कुल 62,153 आंगनवाड़ी हैं, जिनमें 5,94,296 गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं सहित कुल 36,24,973 लाभार्थी पंजीकृत हैं।

केंद्र सरकार ने सभी राज्य सरकारों को आंगनवाड़ी में पंजीकृत लाभार्थियों का सत्यापन करने का निर्देश दिया है। यह एक तरह से ग्रामीण बाल देखभाल केंद्र हैं, जिनकी स्थापना सरकार ने छह साल से कम उम्र के बच्चों में कुपोषण की समस्या से निपटने और गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं की पोषाहर जरूरतों को पूरा करने के लिए की है। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत आवेदन का जवाब देते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बताया कि 19.96 लाख फर्जी लाभार्थियों (बच्चे, गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाएं) के नाम असम सरकार ने हटाए हैं जबकि अन्य राज्यों से रिपोर्ट का इंतजार है। मंत्रालय ने आगे बताया कि लाभार्थियों की पहचान आधार नंबर की मदद से गई, जिसे सेवा हासिल करने के लिए पहचान के तौर इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि पारदर्शिता एवं दक्षता लाई जा सके। आरटीआई जवाब के मुताबिक, जिन लाभार्थियों के पास आधार कार्ड नहीं है, उनकी मदद क्षेत्रीय कार्यकारी करेंगे। जब तक आधार कार्ड नहीं बन जाता, तब तक उन्हें वैकल्पिक पहचान पत्र के आधार पर आंगनवाड़ी सुविधाएं मिलती रहेंगी। अधिकारियों ने कहा कि फर्जी लाभार्थियों की पहचान करना सतत प्रक्रिया है और केवल असम से ही इस संबंध में रिपोर्ट मिली है। उन्होंने बताया कि फर्जी लाभार्थियों की पहचान स्मार्टफोन के जरिए भी जा रही है। इसके लिए एकीकृत बाल विकास सेवाएं- साझा अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर (आईसीडीएस-सीएएस) ऐप विकसित किया गया है। अब तक 1.2 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों में स्मार्ट फोन वितरित किए गए हैं।

# चंबल के पूर्व डकैत मोहर सिंह ने प्रधानमंत्री से लगाई प्राचीन मंदिरों की दुर्लभ धरोहर बचाने की गुहार

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कभी** चंबल के बीहड़ों में आतंक का पर्याय रहे दस्यु सरगना मोहर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मध्य प्रदेश के मुरैना में स्थित नौवीं शताब्दी के क़रीब 200 मंदिरों का जीर्णोद्धार कराने की अपील की है।

मुरैना के महगांव निवासी 92 वर्षीय मोहर सिंह ने मोदी को लिखे एक पत्र में कहा है कि उनके पूर्वजों द्वारा बनवाए गए मंदिरों को एक-एक करके गिरते हुए नहीं देखा जाता। मोहर सिंह ने कहा कि उन्होंने छह सितंबर को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर बटेश्वर स्थित इन मंदिरों के जीर्णोद्धार का काम फिर से शुरु कराने की अपील की है। पूर्व दस्यु ने कहा, उन्हें उम्मीद है कि वे हमारी बात को सुनेंगे। उल्लेखनीय है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की मध्य प्रदेश इकाई के तत्कालीन प्रमुख के के मोहम्मद ने 2005 में उत्खनन कराकर जमींदोज हो चुके 80 मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया था। उनकी अगुवाई में यह काम 2013 तक चला लेकिन, उनके सेवानिवृत्त होने पर काम बंद हो गया, जो तमाम प्रयासों के बाद अब तक शुरु नहीं हो पाया।

मोहम्मद ने बताया कि मुरैना से महज पांच मील की दूरी पर मितावली, पढ़ावली और बटेश्वर गांव के आसपास ऐतिहासिक महत्व के अनेकों स्थल हैं। इनमें मितावली स्थित प्रतिहार कालीन चौंसठ योगिनी मंदिर भी है। मोहम्मद सहित अन्य इतिहासकारों का दावा है कि संसद भवन का डिजाइन आठवीं शताब्दी में निर्मित इसी मंदिर की प्रतिकृति है। उन्होंने बताया कि गुर्जर प्रतिहार काल में शासन सत्ता के केन्द्र में रहे ए तीनों गांव, तीन किमी के दायरे में हैं। उन्होंने इन स्थलों का जीर्णोद्धार कर इस क्षेत्र को टूरिस्ट सर्किट बनाने वाली योजना को बटेश्वर से शुरु किया था। लेकिन उनके सेवानिवृत्त होने के बाद योजना का काम आगे नहीं बढ़ा। मोहम्मद के अनुसार, बटेश्वर में 200 मंदिरों के अवशेष मौजूद हैं और इनमें से सिर्फ 80 मंदिरों का जीर्णोद्धार हो सका। उन्होंने बताया कि, इनमें अधिकांश शिव मंदिर हैं।

मोहर सिंह ने कहा कि 45 साल पहले जयप्रकाश नारायण के आह्वान पर हमने बंदूक और बीहड़ को छोड़ दिया था। तब से हम बटेश्वर, मितावली और पड़ावली में स्थित इन मंदिरों के आसपास ही रहे। अब 92 साल की उम्र में इन मंदिरों को एक एक कर गिरते नहीं देख सकते। पत्र में मोहर सिंह ने स्वयं को गुर्जर प्रतिहार वंश से ताल्लुक रखने वाला बताते हुए कहा है कि उनके पूर्वजों गुर्जर प्रतिहारों द्वारा नौवीं शताब्दी में इन मंदिरों को बनवाया गया था।

# राजस्थान में बड़े पैमाने पर राजनीतिक नियुक्तियों की तैयारी

**एजेंसी।** जयपुर

**राजस्थान** की कांग्रेस सरकार राज्य में बड़े पैमाने पर राजनीतिक नियुक्तियों की तैयारी में जुट गई है। नियुक्तियों की यह प्रक्रिया अगले महीने राज्य की दो विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव से पहले पूरा कर लिए जाने की संभावना है।

पार्टी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने राजनीतिक नियुक्तियों की प्रक्रिया की पुष्टि करते हुए कहा कि विभिन्न पदों पर नियुक्तियों के लिए 15 अक्तूबर तक प्रभारी मंत्रियों से नाम लिए जाएंगे। पांडे के साथ साथ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, नियुक्तियों की सूची को अंतिम रूप देंगे। पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी की मुहर लगने के बाद ए नियुक्तियां की जाएंगी। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि यह प्रक्रिया अगले महीने विधानसभा की दो सीटों पर उपचुनाव से पहले पूरा किए जाने की उम्मीद है। राज्य की खींवसर व मंडावा विधानसभा सीट के लिए 21 अक्तूबर को उपचुनाव होना है। इसके बाद नवंबर में राज्य की 52 नगरपालिकाओं के 2455 वार्डों के लिए चुनाव होना है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार राजस्थान लोक सेवा आयोग, राज्य महिला आयोग, अल्पसंख्यक आयोग, किसान आयोग, अनुसूचित जनजाति आयोग, राजस्थान सफाई कर्मचारी आयोग, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, समाज कल्याण बोर्ड, राज्य क्रीड़ा परिषद, समाज कल्याण बोर्ड तथा जन अभाव अभियोग निराकरण समिति जैसे दर्जनों ऐसे संगठन हैं जहां इस तरह की राजनीतिक नियुक्तियां करती हैं। एक अनुमान के अनुसार हर जिले में ऐसे तीन दर्जन संगठनों, समितियों तथा बोर्डों में सैंकड़ों नियुक्तियां होती हैं। यानी राज्य के 33 जिलों में हजारों की संख्या में राजनीतिक नियुक्तियां की जानी हैं।

# राजस्थान में तंबाकू जनित बीमारियों के बढ़ने से विशेषज्ञ चिंतित

**एजेंसी।** बीकानेर

**राजस्थान** में तंबाकू सेवन व धूम्रपान से होने वाली बीमारियों के बढ़ते प्रकोप पर विशेषज्ञों ने चिंता जताई है। एक रपट के अनुसार राज्य में इन बीमारियों से हर साल 77, 000 लोग असमय काल के मुंह में जा रहे हैं। आल इंडिया इंस्टीटयूट आफ मेडिकल साइंस (एम्स) जोधपुर के कैंसर सर्जन व वायॅस आफ टोबैको विक्टिम्स (वीओटीवी) के पैटर्न डा. अमित गोयल ने यहां भाषा को बताया कि राजस्थान में इस समय 13.2 प्रतिशत लोग धूम्रपान के रूप में तंबाकू का सेवन करते है, जिसमें 22.0 प्रतिशत पुरुष, 3.7 प्रतिशत महिलांए शामिल है। ग्लोबल एडल्ट टबैको सर्वे (जीएटीएसः 2017-18) के अनुसार राज्य में 14.1 प्रतिशत लोग चबाने वाले तंबाकू उत्पादों का इस्तेमाल करते हैं जिनमें 22.0 प्रतिशत पुरुष व 5.8 प्रतिशत महिलाए हैं। इस रपट के अनुसार राजस्थान में तंबाकू व अन्य धूम्रपान उत्पादों के सेवन से होने वाली बीमारिएं से हर साल 77 हजार लोगों की मौत होती है। डा.गोयल के अनुसार, राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत इम्पेक्ट इंडिया फाउंडेशन की ओर से जुटाए गए आंकड़ों के मुताबिक भारत-पाक सीमा से सटे प्रदेश के तीन सीमावर्ती जिलों बीकानेर, बाड़मेर व गंगानगर में कैंसर जैसी बीमारियों के रोगियों की संख्या सबसे अधिक है। इसके अलावा हनुमानगढ़, चूरू, झुंझनुं, फलौदी, जैसलमेर, धौलपुर, भरतपुर, पोकरण, बालोतरा, शाहजहांपुर, टोंक, सवाईमाधोपुर, बहरोड़ व पाली जिले में भी ओरल कैंसर रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ी है।



गया में रविवार को फाल्गु नदी में 'पतृ पक्ष' के दौरान अपने पूर्वजों के उद्धार के लिए 'तर्पण' अनुष्ठान करते हुए लोग

# एनआईटी, केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित 10 संस्थान हेफा फंडिंग के लिए कायम नहीं कर सके सहमति पत्र

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**देश** के चार एनआईटी और चार केंद्रीय विश्वविद्यालयों सहित 10 उच्च शिक्षण संस्थान, प्रयोगशालाओं तथा अन्य आधारभूत ढांचे के विकास के लिए उच्च शिक्षा वित्तीय अभिकरण (हेफा) से वित्त पोषण संबंधी सहमति पत्र कायम नहीं कर सके हैं। मंत्रालय ने इन संस्थाओं को प्रक्रिया तेज करने को कहा है।

सूत्रों ने बताया, हेफा के तहत अभी वित्त पोषित 78 परियोजनाएं हैं। इनमें से 40 परियोजनाएं ऐसी हैं जिनमें सहमति पत्र की प्रक्रिया हो गई है, निविदा कार्य हो गया है और इनसे संबंधित संस्थाओं ने बिल भी सौंप दिए हैं। उन्होंने बताया कि 10 परियोजनाएं ऐसी हैं जिसमें सहमति पत्र हो गया है, निविदा हो गई है लेकिन फंडिंग नहीं हुई। इसमें झारखंड स्थित केंद्रीय विश्वविद्याल, चार एनआईटी शामिल हैं। मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ऐसे संस्थान जिन्हें फंडिंग नहीं प्राप्त नहीं हुई हैं, उनमें 3 नए आईआईटी शामिल हैं। इनके लिए 667.46 करोड़ रूपए की लागत रखी गई हैं लेकिन राशि आवंटित नहीं हुई है। इनमें 4 एनआईटी भी शामिल हैं जिनके लिए 307.42 करोड़ रूपए की लागत हैं और अभी राशि जारी नहीं हुई है। इसमें एक केंद्रीय विश्वविद्यालय भी शामिल है। गौरतलब है कि मंगलवार को उच्च शिक्षा वित्तिय अभिकरण (हेफा) द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक बुलाई गई थी। इसमें मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक और राज्य मंत्री संजय धोत्रे मौजूद थे।

सूत्रों ने बताया कि चार एनआईटी और चार केंद्रीय विश्वविद्यालयों सहित 10 उच्च शिक्षण संस्थान, प्रयोगशालाओं तथा अन्य आधारभूत ढांचे के विकास के लिए उच्च शिक्षा वित्तीय अभिकरण (हेफा) से वित्त पोषण संबंधी सहमति पत्र कायम नहीं सके हैं। इसमें सिलचर स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय, विश्वभारती विश्वविद्यालय भी शामिल हैं। गौरतलब है कि सहमति पत्र या समझौता कायम होने के बाद संस्थान हेफा से रिण के लिए आवेदन कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, केरल विश्वविद्यालय ने बैठक में बताया कि उसने पिछले सप्ताह ही सहमति पत्र कायम किया है जबकि सिलचर विश्वविद्यालय ने 24 सितंबर तक समझौता करने की बात कही है। विश्व भारती विश्वविद्यालय ने अक्तूबर तक का समय मांगा है। गौरतलब है कि आईआईटी, एनआईटी, एम्स, केंद्रीय विश्वविद्यालय, आईआईएसईआर जैसी संस्थाओं में शोध एवं नवोन्मेष को बढ़ावा देने एवं उससे जुड़ी आधारभूत संरचना के वित्त पोषण के लिए हेफा का एक फंडिंग एजेंसी के रूप में गठन किया गया है।

## क्विक न्यूज

### कमल हासन की पार्टी उपचुनाव नहीं लड़ेगी

**चेन्नई।** मक्कल निधि मय्यम (एमएनएम) प्रमुख कमल हासन ने तमिलनाडु विधानसभा की दो सीटों पर 21 अक्टूबर को होने वाले उपचुनाव को अन्नाद्रमुक और द्रमुक का भ्रष्ट राजनीतिक तमाशा और सत्ता संघर्ष करार देते हुए रविवार को कहा कि उनकी पार्टी इसमें हिस्सा नही लेगी। एमएनएम ने लोकसभा चुनाव-2019 से चुनावी राजनीति की शुरुआत की थी और कई सीटों पर तीसरे स्थान पर रही। हासन ने कहा कि वह नानगुनेरी और विक्रवंडी उपचुनाव के नाम पर भ्रष्ट राजनीतिक तमाशों का हिस्सा नही बनना चाहते। यहां जारी बयान मे हासन ने कहा, यह बहुत स्पष्ट है कि उपचुनाव सत्तारूढ़ दल और पहले शासन करने वाली पार्टी के बीच सत्ता संघर्ष के अलावा कुछ नही है। वे अपनी ताकत और पद बचाने के लिए ऐसा कर रहे हैं। अभिनेता से राजनेता बने हासन ने कहा कि एमएनएम तेजी से तमिलनाडु के लोगो का समर्थन हासिल करने की कोशिश कर रही है और वर्ष 2021 में सरकार बनाएगी, पुराने और बेकार हो चुके राजनीतिक दलो को हटाएंगे और उनका भ्रष्टाचार खत्म कर बेहतर प्रशासन मुहैया कराएंगे, लोग जिसके हकदार हैं।

### आरएसएस के विजयादशमी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे एचसीएल के चेयरमैन शिव नाडर

**नागपुर।** एचसीएल के संस्थापक-चेयरमैन और पद्म भूषण से सम्मानित शिव नाडर आठ अक्टूबर को होने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के विजयादशमी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे, जो संघ के मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। संघ के एक पदाधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। आरएसएस का यह सालाना कार्यक्रम है जिस पर राजनीतिक विश्लेषकों की नजर रहती है क्योंकि विजयादशमी पर आरएसएस प्रमुख के भाषण में संघ के साथ-साथ उससे जुड़े संगठनों का आने वाले समय का एजेंडा सामने आता है।

# समय की मांग है सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ मुहिम

● सरकार जल्द तय करे मानकः भूरे लाल


**एजेंसी।** नई दिल्ली

**एक** ही बार प्रयोग में आने वाले (सिंगल यूज) प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करने के लिए मोदी सरकार ने आगामी दो अक्तूबर से देशव्यापी जनांदोलन शुरू करने की घोषणा कर दी है। उच्चतम न्यायालय के आदेश पर गठित पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण प्राधिकरण के अध्यक्ष भूरे लाल ने सरकार की इस मुहिम को समय की तात्कालिक और अनिवार्य मांग बताते हुए नसीहत दी है कि सिंगल यूज प्लास्टिक की श्रेणी में कौन से उत्पाद आते हैं, इनके विकल्प क्या हैं और इनका प्रयोग किस प्रकार बंद हो, इस बारे में अविलंब मानक एवं दिशानिर्देश तय करे। इस मुद्दे पर भूरे लाल से भाषा के पांच सवाल और उनके जवाब :

**सवाल : सिंगल यूज़ प्लास्टिक से क्या अभिप्राय है और अचानक इसके इस्तेमाल को रोकने की ज़रूरत सरकार को क्यों महसूस हुई ?**

जवाबः अंतरराष्ट्रीय मानकों के मुताबिक भारत में 51 माइक्रोन से अधिक मानक वाले प्लास्टिक कैरी बैग के इस्तेमाल की छूट है, क्योंकि यह बायोडिग्रेडेबिल है। हालांकि भारत सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में अभी तक मानक तय नहीं किए हैं, लेकिन इतना तय है कि रोजमर्रा की जिंदगी में इस्तेमाल हो रहा प्लास्टिक पर्यावरण के लिए अत्यधिक घातक हैं, इसलिए सरकार ने इन्हें रोकने की मुहिम, माकूल समय पर शुरु की है। अगर हम दिल्ली की ही बात करें तो बवाना, नरेला, नांगलोई, हिरणकूदना सहित दिल्ली के अन्य इलाकों से अभी हमने लगभग 70 हजार टन प्लास्टिक कचरा बवाना स्थित शोधन संयंत्र भेजा है। दो दिन पहले ही हमने बाढ़ नियंत्रण विभाग से 8000 टन प्लास्टिक कचरा आनंद विहार से उठवाया तथा नगर निगम ने करीब 800 टन कचरा उठाया। ए एक महानगर का हाल है। सोचिए, देश और दुनिया के बाकी हिस्सों में स्थिति कितनी भयावह होगी।

**सवालः सिंगल यूज प्लास्टिक की श्रेणी में थर्माकोल और पानी की बोतल के अलावा कौन-कौन से उत्पाद आते है ?**



जवाबः अभी अधिकारिक तौर पर यह तय नहीं किया गया है कि कौन से प्लास्टिक उत्पाद एकल प्रयोग के दायरे में हैं। फौरी तौर पर हम यही मान सकते हैं कि प्लास्टिक से बनी वे सभी वस्तुएं जिन्हें हम एक ही बार इस्तेमाल कर पाते हैं, सिंगल यूज प्लास्टिक हैं और इनका माइक्रोन स्तर 51 से बहुत अधिक होने के कारण ये पर्यावरण सहित समस्त जीव जगत की सेहत के लिए बेहद घातक हैं।

**सवालः मेडिकल क्षेत्र में खासकर मरीज़ों को चढ़ाई जाने वाली दवा की बोतल, दवाओं के पैक और अन्य सर्जिकल उत्पाद सिंगल यूज प्लास्टिक के ही बने होते है। इस पर रोक लगाने के बाद चिकित्सा क्षेत्र पर क्या बुरा असर नहीं पड़ेगा? चिकित्सा क्षेत्र के लिए इसके क्या विकल्प हो सकते हैं?**

जवाबः चिकित्सा क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक का लगभग पूरी तरह से शोधन होता है। इसलिए वहां उतनी चिंता की बात नहीं है, जितनी अन्य क्षेत्रों से निकलने वाले प्लास्टिक से है।

**सवालः सरकार ने अब तक सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प नहीं बताए हैं, खासकर पानी की बोतल का। क्या ऐसे में दो अक्तूबर से सरकार जो जनांदोलन शुरू कर रही है, वह कारगर तौर पर कामयाब हो पाएगा ?**

जवाबः एकल प्रयोग और बहु उपयोग का फर्क अभी तय नहीं हो पाया है। केन्द्र सरकार को इसे स्पष्ट करना है। जहां तक विकल्प का सवाल है, तो तकनीकी विशेषज्ञों से सरकार ने जल्द विकल्प बताने को कहा है। उद्योग जगत को भी अपनी शोध विकास इकाइयों के माध्यम से इस दिशा में तत्काल कारगर पहल शुरु करना चाहिए। जनांदोलन की मुहिम इस दिशा में मददगार साबित होगी। सरकार की पहल स्वागत योग्य है।

**सवालः सिंगल यूज़ प्लास्टिक का बहुत बड़ा बाज़ार है। ऐसे में पहले से ही कठिन दौर से गुज़र रही अर्थव्यवस्था पर सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक से आर्थिक संकट और अधिक नहीं बढ़ जाएगा ?**

जवाबः क्या अर्थव्यवस्था, समूची जैविक व्यवस्था से ज्यादा जरूरी है? आखिर अर्थव्यवस्था है किसके लिए? इस चिंता को छोड़िए, विकल्प मिल जाएंगे। पहले प्लास्टिक का संग्रहण बंद कर इसके पुन:प्रयोग की व्यवस्था बनाने पर जोर देने की जरूरत है। पहले कागज का लिफाफा चलता था और झोला चलता था, जूट का बैग चलता था। पहले मरीजों को चढ़ाई जाने वाली बोतलें कांच की होती थी, खाने वाली दवा, प्लास्टिक की बेहद पतली छिल्ली युक्त कागज के पैक में होती थी और सिरींज सहित तमाम सर्जिकल सामान सिंगल यूज प्लास्टिक का नहीं था क्योकि स्टरलाइज करके इसका बारंबार उपयोग होता था। यह सदियों पुरानी बात नहीं है बल्कि महज कुछ साल पहले तक यह प्रक्रिया अपनाई जा रही थी। ये सब फिर से इस्तेमाल में आ जाएंगे। इसमें कोई परेशानी की बात नहीं है। प्लास्टिक के संग्रहण में सिंगल यूज प्लास्टिक की सबसे बड़ी हिस्सेदारी है और प्लास्टिक कचरे के लगातार ऊंचे होते ए पहाड़ समूची दुनिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती हैं। इसलिए प्लास्टिक कचरे पर नियंत्रण करना ही एकमात्र विकल्प है।

## ममता की राजनीति

### मोदी-शाह से मुलाकात पर उठे सवाल

**तृणमूल** कांग्रेस अध्यक्ष व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की छवि पूरे भारत में निरंतर विद्रोही, जनता के लिए संघर्षशील नेता, न्याय की समर्थक तथा अवस्थापना पर सवाल उठाने वाली रही है। आंदोलनकारी आक्रामक शैली से उन्होंने राजनीति में अपना स्थान बनाया है। जनता उनको अडिग नेता मानती है। वे कांग्रेस से अलग हुईं, वामपंथी सरकार गिराई तथा भाजपा नीत राजग सरकार में अपने सिद्धान्तों पर शामिल व उससे अलग हुईं। वे विपक्ष की अग्रणी नेता हैं जिन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनके सहायक अमित शाह की आक्रामक शैली का वैसा ही जवाब दिया। लेकिन पत्थर लेकर निपटने के बजाय वे अपने धुर विरोधियों से संदेश लेकर मिलने गईं जो उनको बंगाल से उखाड़ने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। शायद उन्होंने अपने दृष्टिकोण में नरमी बरती है तथा स्वयं को किस्मत के सहारे छोड़ दिया है। हालांकि, बात केन्द्र-राज्य संबंध बेहतर बनाने की है। उन्होंने मित्रता के प्रतीक पीले फूल भी दिए जो पिछले 15 महीनों से बंगाल में 'जय श्रीराम' व 'जय मां काली' की प्रतियोगिता में नहीं खिल पाए थे। कोलकाता पुलिस कमिश्नर राजीव कुमार पर सीबीआई का शिकंजा कसने के बाद उन्होंने जिस तरह रास्ता बदला उससे सवाल उठता है कि क्या वे शारदा चिट फंड घोटाले की आग बुझाने तथा अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए दुश्मनी छोड़ने को तैयार हैं। मोदी व शाह से उनकी बैठकों को स्वार्थी या अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारना कहा जा सकता है।


दीदी में रातोंरात आया बदलाव उनकी राजनीति के अनुकूल नहीं है। एनआरसी का घोर विरोध करने के बाद अब उन्होंने इसे असम समझौते का हिस्सा माना है तथा स्वयं को राज्य तक सीमित रखते हुए कहा है कि बंगाल



में इसकी आवश्यकता नहीं है। आश्चर्यजनक रूप से उन्होंने अपने 'विरोध' को 'बाहर छूटे असली नागरिकों के प्रति चिन्ता' में बदल दिया। अमित शाह का विमान उन्होंने लोकसभा चुनाव प्रचार में बंगाल में उतरने नहीं दिया था तथा मोदी को 'बिग जीरो', 'सर्वाधिक भ्रष्ट व्यक्ति' व 'दंगा बाबू' तक कहा था। मोदी अब उनके 'प्रधानमंत्री' हैं, जबकि उनके शपथ ग्रहण में उन्होंने भाग नहीं लिया था तथा इसे लोकतंत्र के लिए खतरनाक बताया था। मोदी को राज्य में एक खनन ब्लाक का संयुक्त रूप से उद्घाटन के प्रस्ताव का अर्थ उनके साथ मंच का साझा करना तथा साथ में भाषण देना है। तृणमूल नेता से ऐसी उम्मीद नहीं थी। अचानक बदले इस घटनाक्रम से तृणमूल सदस्य भी आश्चर्यचकित हैं। यदि मान लिया जाए कि कुमार बहुत कुछ जानते हैं, पर क्या यह इतना अधिक है कि दीदी अपनी विश्वसनीयता दांव पर लगा दें? कोलकाता में राजीव कुमार के समर्थन में धरने पर बैठते हुए उन्होंने इसे संवैधानिक स्वतंत्रता पर हमले के खिलाफ राष्ट्रीय अभियान की तरह पेश किया था। यदि वे मोदी-शाह को बंगाल में एनआरसी न लागू करने पर समझाने में सफल हुई हों तो भाजपा को बदले में क्या मिलेगा? यह समझना कठिन है कि 2021 में विधानसभा चुनाव के पहले वे क्या विमर्श पेश करेंगी। ऐसा नहीं लगता कि लोकसभा में सफलता के बाद अब भाजपा, विधायकों पर दागी बता कर निशाना लगाना और उनको अपनी पार्टी में शामिल करना बंद कर देगी। क्या 'मां, माटी, मानुष' की ममता की विचारधारा बंगाल की एकमात्र अन्य पार्टी तृणमूल कांग्रेस को एकजुट नहीं रख सकेगी? हालांकि, पहले भी ममता बनर्जी उलट-पुलट वाली राजनीति करती रही हैं, पर वर्तमान कदम से उनको वोटों का भारी नुकसान हो सकता है। इससे उबरना कठिन होगा। क्या वे प्रभावशाली चुनावी नेता के बजाय केवल सिद्धान्तकार बनने से संतुष्ट होंगी?

# हिंसा भरी दुनिया में गांधी जी का संदेश

हिंसा से भरी वर्तमान दुनिया में गांधीजी का संदेश फैलाना न केवल उभरते टकराव, बल्कि इस ग्रह की प्रकृति तथा परिस्थितिकी तंत्रों का भारी विनाश रोकने के लिए आवश्यक है।



**आर के पचौरी**
लेखक जलवायु परिवर्तन-पर अंतरशासकीय समिति के पूर्व अध्यक्ष हैं)



विडंबना है कि निरपराध लोगों की हत्या के सर्वाधिक जघन्य आतंकी अपराध 11 सितंबर, 2011 को अमेरिका में हुए। न्यूयार्क स्थित वर्ड ट्रेड सेंटर के ट्विन टावर्स में 3000 लोगों को मारने के लिए दो अपहृत विमानों का प्रयोग आतंकियों द्वारा किया गया, जबकि एक अन्य विमान से पेंटागन को निशाना बनाया गया तथा एक और विमान पेंसिलवानिया में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। इस जघन्य घटना के केवल तीन सप्ताह बाद हमने इस धरती पर अहिंसा का व्यवहार करने वाले महानतम मानव महात्मा गांधी का जन्म दिवस मनाया। यह वर्ष निश्चित रूप से विशेष है जब गांधीजी का 150वां जन्म दिवस मनाया जाएगा।

गांधीवादी दर्शन में अहिंसा, दूसरों द्वारा समुदाय के शोषण का निषेध तथा धरती ग्रह पर सभी मनुष्यों व अन्य प्रजातियों का सम्मान बहुत अच्छी तरह समाहित है। इन विषयों पर उनका दृष्टिकोण इस उद्धरण से स्पष्ट है- 'जनता की राय ही समाज को शुद्ध व स्वस्थ बनाए रख सकती है। मेरा दावा है कि मानव सोच या मानव समाज सामाजिक, राजनीतिक या धार्मिक कहे जाने वाले कठोर खांचों में विभाजित नहीं है। सभी क्रियाओं व प्रतिक्रियाओं से मानवजाति की निरंतर प्रगति होती है। इससे आध्यात्मिकता का विकास होता है। सभी अधकचरे विचार मानव शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले अपचे भोजन की तरह होते हैं जिनका इलाज होना चाहिए। अधकचरे विचारों से आत्मा बरबाद हो जाती है, जिसका कोई इलाज नहीं है। मानवजाति प्रेम के नियमों से संचालित है। यदि हिंसा या घृणा से हम संचालित होते तो बहुत समय पहले समाप्त हो गए होते। इसके बावजूद विडंबना है कि तथाकथित सभ्य लोग और देश इस प्रकार व्यवहार करते हैं जैसे समाज का आधार हिंसा हो।'

गांधीवाद ने अपनी समग्र प्रकृति के चलते अहिंसा पर जोर दिया है। इसमें स्पष्ट रूप से जोर दिया गया है कि मनुष्य दूसरे मनुष्य का शोषण न करे तथा अपनी आवश्यकताओं को किसी तरह दूसरे मनुष्य या अन्य प्राणियों की आवश्यकता से अधिक न समझे। गांधीजी ने बहुत स्पष्ट रूप से इस बारे में दो टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा था, 'समाज के बारे में निर्णय इस आधार पर किया जा सकता है कि वह जानवरों के साथ कैसा व्यवहार करता है। यह धारणा गलत है कि मनुष्य अन्य प्राणियों का मालिक या उनसे श्रेष्ठ है। इसके उलट जीवन में बेहतर चीजें मिलने के कारण मानव जाति अन्य सभी प्राणियों की ट्रस्टी है।'

सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से अहिंसा की गांधीजी की अवधारणा सीधे मानव समाज पर लागू होती है। इसमें इस ग्रह के परिस्थितिकी तंत्रों व संसाधनों को नुकसान न पहुंचाना शामिल है जो प्रकृति हमें देती है। इन संसाधनों पर सभी जीव पलते-बढ़ते तथा निर्भर रहते हैं। आज मानव समाज की बढ़ती भौतिक मांग धरती की जैव-विविधता को भारी नुकसान पहुंचा रही है। मानव द्वारा पैदा जलवायु परिवर्तन के कारण खतरा बढ़ रहा है तथा समुद्रों में भारी प्रदूषण हुआ है। इसके गंभीर परिणाम न केवल पानी के नीचे रहने वाले प्राणियों में, बल्कि व्यापक रूप से धरती के अन्य क्षेत्रों में भी दिख रहे हैं।

आज जनता का एक हिस्सा विश्वास करता है कि शायद इन समस्याओं से

**11 सितंबर, 2001 के बाद हम लगातार आतंकी हमलों की विभीषिका की आशंका में जी रहे हैं। ऐसा लगता है कि संयुक्त राष्ट्रसंघ समेत विश्व समुदाय दुनिया के अनेक हिस्सों में हिंसा रोकने में विफल रहा है। यमन में युद्ध जारी है जिसमें बच्चों समेत अनेक निरपराध लोग मारे गए हैं। कुछ महाशक्तियों के हस्तक्षेप के बावजूद सीरिया में टकराव जारी है।**

निपटने के लिए कुछ नहीं किया जा सकता है क्योंकि मानव समाज उपभोक्तावादी रास्ते पर इतनी दूर तक जा चुका है कि वस्तुओं व सेवाओं की उसकी मांग घटाई नहीं जा सकती है। अब सारी दुनिया से स्पष्ट प्रमाण मिल रहे हैं कि धरती के परिस्थितिकी तंत्रों पर मानव समाज का प्रभाव बहुत बढ़ गया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस देश में जनता से सिंगल-यूज़ प्लास्टिक की चुनौती से निपटने का आह्वान किया है क्योंकि हम विकसित देशों की आंख बंद कर नकल कर रहे हैं। विकसित देश भौतिक वस्तुओं एवं उत्पादों की बढ़ती मांग के कारण विभिन्न प्रकार का कचरा भारी मात्रा में पैदा करने के जिम्मेदार हैं।

इसी कारण पॉल जे. क्रुटजेन जैसे वैज्ञानिकों ने वर्तमान कालखंड को भूगर्भीय युग होलोसीन के बजाय एंथ्रोपोसीन कहते हैं जिसकी शुरुआत 11,700 वर्ष पहले हुई थी। गांधीजी का यह कथन पूरी तरह सही है- 'भौतिक आराम की लगातार तलाश तथा उससे मिलने वाले परिणाम एक बुराई है। मैं कहना चाहता हूं कि यदि हम अपने द्वारा पैदा आराम के बोझ से दबना और उनका गुलाम नहीं बनना चाहते हैं तो यूरोपीय लोगों को अपना दृष्टिकोण बदलना होगा।' लगभग 50 वर्षों से मानव गतिविधियां परिस्थितिकी तंत्रों की जैविक-क्षमता से आगे निकल गई हैं और वह उनकी बढ़ी गतिविधियों का बोझ उठाने में अक्षम है। इसलिए आवश्यकता आमूल परिवर्तन करने की है ताकि उस विनाशकारी उपभोक्तावादी संस्कृति में तेजी से निर्णायक बदलाव किया जाए जो आधुनिक समाज पर भारी पड़ रही है। इस संस्कृति के चलते कुछ लोगों द्वारा शोषण के कारण सारी मानवजाति का भविष्य खतरे में पड़ गया है। यही स्थिति उपनिवेशवाद के समय थी।

हम देशों और समुदायों पर निहित स्वार्थी तत्वों का प्रभुत्व देख रहे हैं। समृद्ध व शक्तिशाली लोग कच्चे माल, ऊर्जा व विरल खनिज तत्वों को अन्य स्थानों से ला रहे हैं और इस मामले में विभिन्न देशों व समुदायों के बीच संबंध औपनिवेशिक काल जैसे बन गए हैं। इसलिए जरूरी हो गया है कि संपूर्ण मानव समाज गांधीवादी सिद्धान्तों की दिशा में आगे बढ़े, एक समुदाय दूसरे समुदाय के खिलाफ हिंसा न करे तथा प्रकृति व उसकी वस्तुओं के खिलाफ हिंसा का निषेध हो जो धरती पर सभी जीवों का आधार है। वास्तव में, मनुष्यों द्वारा भौतिक वस्तुओं के उपभोग की इच्छा तथा उससे जुड़ी शक्ति के कारण हमारे चारों ओर एक या दूसरे रूप में हिंसा फैल रही है। दुःख की बात है कि इक्कीसवीं शताब्दी में अब भी कुछ समृद्ध देश और समूह हैं जो आतंकी गतिविधियों को वित्तीय समर्थन दे रहे हैं। इसका सबसे बुरा उदाहरण यही है कि 11 सितंबर, 2001 के बाद हम लगातार आतंकी हमलों की विभीषिका की आशंका में जी रहे हैं।

ऐसा लगता है कि संयुक्त राष्ट्रसंघ समेत विश्व समुदाय दुनिया के अनेक हिस्सों में हिंसा रोकने में विफल रहा है। यमन में युद्ध जारी है जिसमें बच्चों समेत अनेक निरपराध लोग मारे गए हैं। कुछ महाशक्तियों के हस्तक्षेप के बावजूद सीरिया में टकराव जारी है। यहां शांति की ओर कदम नहीं बढ़ सके हैं तथा एक के बाद घोषित दूसरे युद्धविरामों का उल्लंघन हुआ है। हमारे पड़ोस में तालिबान लगातार अफगानिस्तान में निरपराध लोगों पर हमले कर रहे हैं। स्पष्ट रूप से हमारे पड़ोस के एक अन्य देश की सेना इनको प्रोत्साहित करती तथा पैसा देती है।

कुल मिला कर गांधीवादी विश्वासों व सिद्धान्तों का दुनिया भर में प्रसार आवश्यक है ताकि एक समुदाय या एक देश के संकुचित दायरे में टकराव को समाप्त किया जा सके, बल्कि वे दूसरे समुदाय या दूसरे देश पर भी हिंसा न थोपें। इसके साथ ही इस ग्रह की प्रकृति और परिस्थितिकी तंत्रों का भयानक विनाश रोका जाना चाहिए। एक देश के रूप में गांधीजी ने भारत को बहुत कुछ दिया है। ऐसे में भारत की गहरी वैश्विक जिम्मेदारी है कि वह गांधीजी के संदेश को खासकर उनकी 150वीं जयंती पर सारी दुनिया में प्रसारित करे।

# जेवर परियोजना से जलस्रोतों को खतरा

**शिवाजी सरकार**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

भारत ने हाल ही में मरुस्थलीकरण के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का आयोजन किया था। लेकिन विडंबना यह है कि ग्रेटर नोएडा में इस आयोजन स्थल से 39 किलोमीटर से भी कम दूरी पर एक व्यापक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा परियोजना प्रस्तावित है जिससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपजाऊ क्षेत्र का मरुस्थलीकरण हो जाएगा। खेतों, झीलों, जलस्रोतों व दलदलों तथा महत्वपूर्ण उत्तरी मैदानों की पारिस्थितिकी को बचाने के लिए यह परियोजना त्याग देनी चाहिए।

16,000 करोड़ रुपए की यह परियोजना दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से केवल 70 किलोमीटर दूर है। किसानों ने मुआवजा बढ़ाने की मांग पर इसके खिलाफ प्रदर्शन किए हैं। परियोजना की जमीन मुख्यत: कृषि भूमि है। इसमें 6,000 बड़े पेड़ मुख्यत: अर्जुन व बबूल के हैं। इसके साथ ही काफी दलदली क्षेत्र भी है। क्योंकि हवाई अड्डे के आसपास टाउनशिप व अन्य गतिविधि वाले क्षेत्र बनेंगे अत: कई हजार पेड़ गिराने होंगे। इसके साथ ही 1,000 जलस्रोत नष्ट हो जाएंगे।

दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र को इंदिरा गांधी हवाई अड्डे के निकट दूसरे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की आवश्यकता नहीं है। यह ऐसे समय पैसे की भारी बर्बादी है जब भारत मंदी की स्थिति से गुजर रहा है। इस परियोजना के चारों ओर रियल इस्टेट 40 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला है जिसकी सैकड़ों परियोजनाएं अधूरी पड़ी हैं। हालांकि, यमुना एक्सप्रेसवे का निर्माण हो चुका है पर इसके बावजूद यह संकट में है। इसके प्रायोजक जेपी ग्रुप को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जो भारी कर्ज व एनपीए में डूबा है। हिंडन वायुसेना अड्डा सिविलियन यातायात के लिए खोला गया है और वह भी जेवर से थोड़ी दूर पर है। लेकिन वहां शायद ही कोई विमान उतरता है। इसके पश्चिम में 100 किमी दूरी पर आगरा हवाई अड्डा व अंतरराष्ट्रीय सुविधाएं मौजूद हैं। इसके बावजूद रियल इस्टेट लॉबी व संदिग्ध नेताओं के दबाव में 2000 हेक्टेयर परियोजना के लिए भूमि



अधिग्रहण प्रारम्भ कर दिया गया है। इतने बड़े क्षेत्र में विकास होने पर लगभग 100 किमी क्षेत्र में पारिस्थितिकी प्रभावित हो सकती है। यह केवल नोएडा व ग्रेटर नोएडा की स्थित नहीं है बल्कि गुरुग्राम भी व्यापक पर्यावरण क्षरण का शिकार है। इसका कारण रियल इस्टेट लॉबी के लालच के चलते प्रारम्भ हुई परियोजनाएं हैं। इन क्षेत्रों में हजारों हेक्टेयर सिंचित भूमि ऊंची इमारतों में तब्दील हो गई है जिनमें से आधी अधूरी पड़ी हैं। यह न केवल पर्यावरणीय बल्कि आर्थिक विभीषिका भी है। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष हृदयनारायण दीक्षित का कहना है कि, इस बात की चर्चा ही नहीं होती कि रियल इस्टेट के लिए भूमि के विकास के साथ ही देश में पानी की कमी होती जा रही है। पिछले वर्षों में दिल्ली व उसके आसपास के क्षेत्रों में प्राकृतिक जलस्रोत नष्ट हो गए हैं। जेवर के निकट वाले इलाकों में भी इसी प्रकार जलस्रोत नष्ट हो जाएंगे। इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा संख्या में ईंट के भट्ठे हैं जो अपनेआप में गर्मी, धूल व धुएं के कारण पर्यावरण के लिए हानिकारक हैं। अलीगढ़, कासगंज, अलीपुर, बरवारा व कासगंज फर्रुखाबाद के निकट सिंचाई के पानी का संकट है जिसका कारण गंगा एक्सप्रेस वे व अन्य निर्माण कार्यों द्वारा जलस्रोतों पर किया गया कब्जा है। प्रशासन पुरानी नदियां पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रहा है पर कोई नहीं जानता कि वह तमाम धन खर्च करने के बाद इस काम में कब सफल हो पाएगा।

मजेदार बात है कि संप्रग सरकार हवाई अड्डा परियोजना के पक्ष में नहीं थी और उसने इंदिरा गांधी हवाई अड्डे, आगरा हवाई अड्डे व अलीगढ़ हवाई पट्टी के इतने निकट परियोजना की आवश्यकता के साथ ही पर्यावरणीय सवाल भी उठाए थे। हवाई अड्डा परियोजना स्वयं जेवर में 281 जलस्रोत पुनर्जीवित करने के खिलाफ है। इसके साथ ही नोएडा, दादरी, ग्रेटर नोएडा, दमकौर व बिसरख जैसे अन्य क्षेत्रों के लगभग 800 तालाब व जलस्रोत पुनर्जीवित करने के प्रयास हो रहे हैं।

गौतम बुद्ध नगर के जिला मजिस्ट्रेट बीएन सिंह ने कहा था कि तालाबों व अन्य जलस्रोतों पर निर्माण गतिविधियों के कारण कब्जा है और ये कब्जे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा था कि अनेक स्थानोंपर बिलासपुर व सुर्जापुर में तालाबों पर कब्जा कर प्रशासन उनमें कचरा फेंक रहा है। जेवर के रास्ते में पड़ने वाले दादरी को गंभीर जल संकट वाला क्षेत्र घोषित किया गया है लेकिन उसकी नगर पालिका का कार्यालय 1,140 वर्ग मीटर तालाब पर बना है। इसके साथ ही तुगलकपुर में एक कालेज का निर्माण भी जलस्रोत पर हुआ है।

भूमिगत जल विभाग के अनुसार जेवर में भूमिगत जलस्रोतों का दोहन 108.81 प्रतिशत की दर से हुआ है। चूंकि इस क्षेत्र में हवाई अड्डा बनने की उम्मीद से जनसंख्या बढ़ रही है इसलिए संरक्षण उपायो के बावजूद और अधिक तालाब व जलस्रोत विकास की बलि चढ़ जाएंगे। हवाई अड्डे, उद्योगों, बड़े होटलों, गोदामों सड़कों व अनेक अन्य सुविधाओं के निर्माण से यह क्षेत्र पूरी तरह सूख जाएगा। वाहनों के आवागमन व औद्योगिक गतिविधियां बढ़ने से वायु प्रदूषण भी बढ़ेगा। दिल्ली के इतने निकट बड़े क्षेत्र में पर्यावरण क्षरण से राष्ट्रीय राजधानी में भी तापमान बढ़ जाएगा। इससे स्पष्ट है कि विश्व का नेता बनने वाले भारत के समक्ष बड़ी चुनौतियां हैं और उसे पर्यावरण संरक्षण तथा विनाश के बीच चयन करना है। जेवर परियोजना पर पुनर्विचार करने तथा अधिग्रहीत भूमि किसानों को वापस लौटाने की आवश्यकता है ताकि अन्न उत्पादन का यह क्षेत्र बचाया जा सके।

## आप की बात

### बेरोजगारी का दर्द

**कई** दिनों मीडिया द्वारा पता चल रहा है कि न्यू इंडिया हमारा अखंड विश्व मे अव्वलता की कतार में प्रथम श्रेणी के दाएं बाएं मंडरा रहा है और अव्वल भी क्यो न हो, हमारे मंत्री और लंबरदार इतने योग्य जो ठहरे। इनकी जोग्यता पर अगर रत्ती भर भी प्रश्नचिन्ह लगा दिया तो मानो अनपढ़, भट्ट, गंवार के साथ-साथ बकरी चोरी, फलाना चोरी मतलब की मुकदमे पर मुकदमा, पेशी पर पेशी जानों की अंधे कानून की दहलीज की धूल नही रखी। इसीलिए आजकल उत्तर-भारत के होनहार, पकौड़ावान प्रतिभाशाली युवा उपरोक्त चिटकबरी बातें करने वाले मंत्री का विरोध नही कर पाते हैं कि कब जाने जेल में आटा पीसने की नौबत आ जाये। खैर मंत्री जी के मुताबिक उत्तर-भारत के युवा तो दो कौड़ी के है, होना भी चाहिए जब डॉक्टरेट नियोक्ता अर्दली की लाइन में धक्का-मुक्की कर रहा हो तो सब वाजिब है। शिक्षा महारथी जनों की संख्या इतनी अधिक हो गई है कि वे सब चुवन्नी दुवन्नी में भी बिकने को तैयार हैं। भविष्य में उक्त रिवायतें बेरोजगारी के भू-चाल से पैदा हो सकती हैं जिसमे युवाओं की कीमत एक सब्जी की तरह हो जाएगी। सचिवालय में 368 अर्दली पदों के लिए 23 लाख आवेदन प्राप्त हुए उक्त देखकर कुंठा होना वाजिब है।

– **सुमित शुक्ला**, लखनऊ

### अर्थव्यवस्था का लक्ष्य

**प्रधानमंत्री** ने साल 2024 तक भारत को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य तय किया है! इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों में जरूरी कौशल से लैस श्रम की आवश्यकता होगी. कौशलयुक्त श्रम के जरिए विकास दर की रफ्तार तेज की जाएगी. भारत में दुनिया के सबसे युवा आबादी है! आज बड़ी चुनौती युवा आबादी को फायदे में तब्दील करने की है! ऐसा करने के तरीके हैं! पहला माध्यम शिक्षा है! सभी के लिए शिक्षा जरूरी है. इसके तहत उच्च शिक्षा का विस्तार और ज्यादा से ज्यादा छात्र-छात्राओं को आर्किटेक्चर, कानून, मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य खास कोर्स में दाखिला दिलवाया जा सकता है! दूसरा, शुरुआती स्तर पर रोजगार के लिए कौशल विकास है- इसके तहत वैसे लोगों को रोजगार मुहैया कराया जा सकता है! जो पढ़ाई कर रहे हैं या पढ़ाई पूरी कर चुके हैं! तीसरी चीज कौशल में बढ़ोतरी है- वैसे लोगों को नए कौशल लैस करना और उनका कौशल बेहतर करना जो शिक्षित है, काम कर रहे हैं या काम कर चुके हैं और नए कौशल के अभाव में रोजगार नहीं मिल पा रहा है। देश क्श युवा कौशलयुक्त होंगे तो अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में अमूल्य योगदान देंगे।

– **सूर्यभानु बांधे**, रायपुर


### भाभा की हत्या का रहस्य

**कल** के मध्य भारत के एक राष्ट्रीय समाचार पत्र में प्रकाशित संपादकीय लेख के अनुसार हमारे प्रथम परमाणु वैज्ञानिक सपूत स्वर्गीय डॉक्टर होमी जहांगीर भाभा ,जो सन् 1955 में ही बड़े आत्मविश्वास के साथ यह घोषणा कर दिए थे कि भारत जल्द ही परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र होगा। उन्हीं भारत के परमाणु वैज्ञानिक डॉक्टर सर होमी जहांगीर भाभा जो 1966 में वियना में एक अत्यन्त महत्वपूर्ण सम्मेलन में हिस्सा लेने एयर इंडिया की बोइंग 707 विमान से ,जो मुंबई से न्यूयॉर्क जा रहा था ,से जा रहे थे ,के कार्गो में साजिशन रखे बम में बिस्फोट से उस विमान में सवार कुल 165 यात्रियों के साथ उनकी भी दुःखद मौत हो गई थी ,और 1966 में ही उस महान भारतीय वैज्ञानिक की ऑकस्मिक दुःखद मौत के बाद भारत के परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनने के ख्वाब की भी असामयिक मौत हो गई। इसका परिणाम यह रहा कि हमारा देश दशकों पीछे चला गया। बाद में भारत के अन्य परमाणु वैज्ञानिकों ने अपने प्रयास से 18 मई 1974 को राजस्थान के पोखरण में अपना प्रथम परमाण्विक परीक्षण किया।

– **निर्मल के शर्मा**, गाजियाबाद


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**वृद्धि** एवं निवेश प्रोत्साहित करने के लिए आयकर कानून में नया प्राविधान देशी कंपनियों के लाभ हेतु डाला गया है।

– **निर्मला सीतारमण**
वित्त मंत्री



**सुर्खियों** में बने रहने की बीमारी है। बजट के बाद तीन महीने से भी कम समय में परेशान मोदी सरकार ने कार्पोरेट टैक्स दर घटाई है।

– **जयराम रमेश**
कांग्रेस नेता



**लोगों** को यथासंभव अधिकाधिक भाषाएं सीखनी चाहिए। कोई भाषा थोपी नहीं जानी चाहिए, न ही किसी खास भाषा का विरोध होना चाहिए।

– **एम. वेंकैया नायडू**
उप राष्ट्रपति

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 23 सितंबर, 2019



# फर्जी अंकपत्रों के सहारे नौकरी कर रहे शिक्षकों पर गिरेगी गाज

● सत्र 2004-05 में आगरा यूनिवर्सिटी के बीएड की 4570 मार्कशीट में टेंपरिंग की पुष्टि

● एसआईटी की रिपोर्ट पर अपर मुख्य सचिव ने दिए कार्रवाई के आदेश


फाइल फोटो

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बेसिक शिक्षा** विभाग में फर्जी व टेम्पर्ड मार्कशीट के आधार पर नौकरी कर रहे शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा ने आदेश जारी कर दिए हैं।

शासन स्तर पर सभी जिलाधिकारियों को जारी निर्देश में कहा गया है कि ऐसे शिक्षकों के वेतन रोकने, प्राथमिकी दर्ज कराने से लेकर उन्हें बर्खास्त करने तक की कार्रवाई की जाय। निर्देश में यह भी कहा गया है कि यदि किसी द्वारा कोर्ट से स्थगनादेश लिया गया है तो उसके खिलाफ प्रभावी पैरवी कर आवश्यक कार्रवाई की जाय।

प्रदेश में फर्जी मार्कशीटों के सहारे में शिक्षा विभाग में नौकरी कर रहे लोगों की शिकायत पर सरकार ने इसकी जांच एसआईटी को करने का निर्देश दिया था। एसआईटी ने अपना जांच में पाया कि सत्र 2004-05 में बीएड के 4570 छात्रों की अंकतालिकाओं में टेंपरिंग कर उनको अंकपत्र वितरित किया गया। साथ ही टेम्पर्ड अंक का समायोजन भी विवि के टेबुलेशन चार्ट में किया गया। कुल 4570 छात्रों में से 3570 छात्रों का परीक्षा परिणाम अधिक अंकित है और 1053 छात्रों को टेम्पर्ड अंकतालिकाएं वितरित की गयी हैं। उस दौरान दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के विरोध में दाखिल याचिका पर कोर्ट ने यह कह कर छूट दे दी कि रिपोर्ट के आधार पर विभाग की तरफ से समुचित कार्रवाई नहीं की गयी।

इस मामले में निदेशक बेसिक शिक्षा की तरफ से अभी तक 1388 कार्यरत अभ्यर्थियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की है। इस बावत अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा रेणुका कुमार के स्तर से सभी डीएम को जारी आदेश में कहा गया है कि अपने स्तर से समीक्षा बैठक कर एसआईटी रिपोर्ट में दोषी पाये गये लोगों के वेतन रोकने, प्राथमिकी दर्ज कराने और उन्हें सेवा से पदच्युत किये जाने के संबंध आवश्यक कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि यदि कोई कोर्ट से स्थगनादेश जैसे आदेश लेकर नौकरी कर रहा है तो भी उसके खिलाफ प्रभावी कदम उठाए जाय।

## हमीरपुर में उप चुनाव आज

**लखनऊ।** हमीरपुर विधान सभी सीट के लिए सोमवार को मतदान होगा। बीजेपी विधायक अशोक चंदेल की सदस्यता समाप्त करने के बाद इस सीट पर उप चुनाव हो रहा है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला के अनुसार मतदान सुबह सात बजे से लेकर शाम 6 बजे तक होगा। आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं शातिपूर्ण चुनाव के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उप चुनाव के लिए होने वाले मतदान में 401497 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 220001 पुरूष और 181486 महिला तथा 10 तृतीय लिंग को मतदाता है। उप चुनाव में कुल 9 प्रत्याशी मैदान में है। उप चुनाव में कुल 476 मतदेय स्थल तथा 257 मतदान केन्द्र है। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग द्वारा एक सामान्य प्रेक्षक तथा एक व्यय प्रेक्षक भी तैनात किए गए है। उक्त के अतिरिक्त 36 सेक्टर मजिस्टेट जोनल मजिस्ट्रेट तथा 35 माइको ऑब्जर्वर भी तैनात किए गए हैं। चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए 101 भारी वाहन, 85 हल्के वाहन तथा 2096 मतदान कार्मिक लगाए गए है। उप चुनाव में मतदान के लिए 572 ईवीएम की कन्ट्रोल यूनिट, 572 बैलट यूनिटा तथा 619 वीवीपैट तैयार किए गए है।

# लूट व डकैती की योजना बना रहे चार अपराधी पकड़े गए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**स्पेशल टास्क** फोर्स ने लूट व डकैती की दो बड़ी घटनाओं को अंजाम देने से पहले गिरोह के 4 शातिर अपराधियों को प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों में अनिल कुमार पुष्कर, मंजीत भारतीया, धर्मेन्द्र और गोलू भारतीय हैं जो कि प्रयागराज के रहने वाले हैं। इनमें से अंकित प्रजापति भागने में सफल रहा। इनके पास से तमंचा, जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

एसटीएफ के अनुसार पुरस्कार घोषित अपराधियों को पकड़ने के लिए चलाए गए अभियान में कुछ सूचना प्राप्त हुई कि लूट व डकैती की किसी गम्भीर घटना को अन्जाम देने के उद्देश्य से कुछ शातिर बदमाश प्रयागराज के घूरपुर थाना क्षेत्र के इरादतगंज स्थित परेड मैदान के पास कहीं जाने की फिराक मे इकट्ठा होने वाले हैं। इस सूचना को विकसित करते हुए एसटीएफ टीम द्वारा स्थानीय पुलिस को साथ लेकर उपरोक्त स्थान पर पहुँच कर घेरा बन्दी कर अभियुक्तों पर आवश्यक बल प्रयोग कर गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ करने पर अभियुक्त अनिल पुष्कर द्वारा बताया गया कि वह मूलरूप से जौनपुर का रहने वाला है तथा प्रयागराज के नैनी में अपने ससुराल में रहकर ढ़ाबा चलाने का काम करता है। चूँकि ढाबों पर अक्सर कीमती माल लदे ट्रकों के ड्राइवरों का खाना-पीना व रुकना होता है।

इन कीमती सामान लदे ट्रकों को देखकर अभियुक्त अनिल के मन में लालच आ गया तथा इन्हें लूटने की योजना बना ली। टायरों का कारोबार करने वाले करीम भाई थाना सुजानगंज जौनपुर से पुरानी जान पहचान होने व बात हो जाने के बाद अनिल द्वारा कानपुर की तरफ से अपोलो, एमआरएफ ट्यूबलेस टायर लदे ट्रक को अपने साथियों अंकित, मंजीत तथा धर्मेन्द्र के साथ मिलकर लूटना था। लूटे हुये ट्रक को करीम भाई के पास जौनपुर पहुँचाना था जिसके एवज में करीम द्वारा 20 हजार रुपए प्रति जोड़ा टायर के हिसाब से मिलना था। अभियुक्त अनिल व गोलू ने बताया कि मौके से फरार अभियुक्त अंकित ने अपने घर के आसपास एडीए कालोनी मे रहने वाले एक सर्राफा व्यवसायी के मकान की रेकी की थी।

जिसकी चौक स्थित सोने चांदी की दुकान भी है। उसके बताये अनुसार सर्राफा व्यवसायी के घर मे तीन महिलाओं सहित 6 व्यक्तियों की मौजूदगी रहती है। सर्राफा व्यवसायी के घर में घुसकर डकैती डालने की घटना को, ट्रक लूटने की घटना को अंजाम देने के बाद करना था। गिरफ्तार अभियुक्त मंजीत भारतीया ने बताया कि अपने दोस्त जितेन्द्र करैली प्रयागराज व उसके एक दोस्त के साथ मिलकर कौशम्बी में दो लूट की घटनाओं को अंजाम दिया था। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध विभिन्न मामलों में थाना घूरपुर प्रयागराज में पंजीकृत कराकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# देश पर तानाशाही लादने की साजिश कर रही भाजपा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकतंत्र पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। भाजपा देश पर तानाशाही लादने की साजिश कर रही है। नागरिक अधिकारों का हनन हो रहा है। गलत आर्थिक नीतियों के कारण भारत की अर्थव्यवस्था बिगड़ती जा रही है। जनता का ध्यान बुनियादी मुद्दों से हटाने के लिए भ्रामक प्रचार किए जा रहे हैं। ऐसे में देश को बचाने की लड़ाई जनता के साथ समाजवादी ही लड़कर जीत सकते हैं।

अखिलेश यादव ने यह बात रविवार को पार्टी मुख्यालय में समाजवादी नेता पूर्व सांसद स्वर्गीय मोहन सिंह की छठीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात् कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मोहन सिंह की जीवनपर्यन्त समाजवादी पार्टी में उनकी निष्ठा बनी रही थी। वे अच्छे लेखक, कुशल वक्ता, संसदीय प्रणाली के मर्मज्ञ थे। गरीबों, किसानों, नौजवानों में काफी लोकप्रिय थे। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी विचारों के रास्ते पर चलकर ही समाज और देश तेजी से प्रगति कर सकता है। समाजवादी विरासत को आगे तक ले जाने की जिम्मेदारी नई पीढ़ी की है। दु:खी लोगों की आवाज समाजवादी पार्टी ही उठाती रही है। भाजपा के पास बस लोगों को गुमराह करने की ताकत है। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाजवादी विचारधारा को ताकत देने के लिए सन् 2022 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी सरकार का बनना समय की जरूरत है और इसी में प्रदेश का हित सन्निहित है। अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी समाजवादी नीतियों एवं मूल्यों को आगे बढ़ा रही है।

# कौशाम्बी में दुराचार की घटना पर एससी-एसटी आयोग सख्त, 25 तक रिपोर्ट तलब

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कौशाम्बी जिले** के एक गांव में रविवार को एक अनुसूचित जाति की नाबालिग् बालिका के साथ हुई बलात्कार की घटना और उसके वीडियो वायरल करने को स्वत: संज्ञान में लेते हुए उप्र अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग ने कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। आयोग के अध्यक्ष बृजलाल ने एडीजी प्रयागराज ज़ोन सुजीत पाण्डेय को पकड़े गये आरोपी पर पॉक्सो एक्ट लगाने के निर्देश के साथ ही 25 सितंबर तक रिपोर्ट तलब की है।

एससी/एसटी आयोग के अध्यक्ष बृजलाल ने कौशाम्बी के पुलिस अधिकारियों को सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करने के साथ ही प्रकरण की विवेचना के लिए अच्छे इंसपेक्टर को लगाने को कहा है। जिससे विवेचना का निस्तारण हो सके। उन्होंने कहा है कि विवेचना के दौरान हर एक बिंदु को शामिल किया जाय और बालिका का मेडिकल परीक्षण भी बाराकी से कराया जाय।

आयोग के अध्यक्ष की तरफ से एडीजी जोन को बालिका को इलाज उपलब्ध कराने के साथ ही सुरक्षा देने के साथ ही एक्ट के तहत शामिल प्रावधानों के अंतर्गत आर्थिक सहायता के लिए जिलाधिकारी को प्रस्ताव भेज कर स्वीकृत कराने को कहा है। उन्होंने कहा है कि बलात्कार जैसी घटना का वीडियो बनाकर वायरल करने से जनमानस में भय का वातावरण पैदा होता है, जिससे लोकव्यवस्था भंग होती है। घटना में शामिल आरोपी ज़मानत पर यदि छूटने का प्रयास करता है तो उसको एनएसए में निरुद्ध कर प्रकरण को फास्ट ट्रैक कोर्ट में ट्रायल कराने का निर्देश दिया है।

उन्होंने एडीजी जोन से पूछा है कि क्या बालिका व उसके परिवार ने अभियुक्तों के बारे में कोई शिकायत पहले पुलिस से की है तो क्या कार्रवाई हुई और पुलिस की कोई चूक हो तो सम्बंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाय। बता दें कि रविवार को कौशाम्बी जिले के एक गांव में नाबालिग अनुसूचित जाति की बालिका के साथ बलात्कार कर उसका वीडियो वायरल करने की घटना प्रकाश में आई है। बालिका के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने एक बलात्कारी को दौड़ाकर पकड़ लिया और थाना सरायआकिल कौशाम्बी पुलिस को सौंपा है।

# जीपीएफ कटौती व पुरानी पेंशन को लेकर वित्त नियंत्रक ने शासन से मांगे निर्देश

● कोर्ट के आदेश व शासन की नीति के चलते जनपदों में भ्रम की स्थिति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एक अप्रैल** 2005 के बाद नियुक्त हुए शिक्षकों के जीपीएफ कटौती व पुरानी पेंशन को लेकर कोर्ट द्वारा निर्देश दिए जाने पर बेसिक शिक्षा विभाग के वित्त नियंत्रक रवींद्र कुमार ने शासन को पत्र लिख कर दिशा-निर्देश मांगा है।

फायनेंस कंट्रोलर की तरफ से बेसिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव को लिखे गये पत्र में कहा गया है कि कोर्ट के आदेश के क्रम में विभिन्न जनपदों की तरफ से संबंधित शिक्षकों के जीपीएफ कटौती व पेंशन के संदर्भ में निर्देश मांगा जा रहा है। दरअसल, जीपीएफ कटौती एवं पुरानी पेंश्यान से आच्छादित करने का निर्णय प्रशासनिक और नीतिगत है, इसलिए जनपदों को मार्गदर्शन करने में कठिनाई हो रही है। शासन स्तर पर प्रदेश में एक अप्रैल 2005 के बाद सरकारी सेवा में आने वाले कर्मियों पर पर नव परिभाषित पेंशन योजना लागू है। जिसके मुताबिक नव परिभाषित पेंशन अंशदान योजना से आच्छादित कर्मियों को न तो पेंशन देय है और न ही उनके जीपीएफ कटौती का प्राविधान है।

इधर, पुरानी पेंशन व जीपीएफ की को लेकर कई शिक्षकों की तरफ से उच्च न्यायालय इलाहाबाद व लखनऊ खंडपीठ में याचिका दाखिल की गयी थी। जिस पर कोर्ट ने जीपीएफ कटौती व पुरानी पेंशन देने का आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश को देखते हुए वित्त नियंत्रक की तरफ से शासन से निर्देश मांगा गया है।

## किशोर को मारी गई गोली, ट्रॉमा में भर्ती

**लखनऊ।** मड़ियांव के डुड़ौली रोड पर शनिवार रात एक किशोर को गोली मार दी गई। सीने पर गोली लगने के कारण उसे गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पीड़ित के भाई ने पुरानी रंजिश के चलते वारदात करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर तमंचा बरामद कर लिया। मड़ियांव के बड़ी खोदान निवासी सिराज ने पुलिस को बताया कि उसका छोटा भाई मेराज 17 एक निजी स्कूल की वैन चलाता है। शनिवार रात वह एक दोस्त की बर्थडे पार्टी में शामिल होने गया था। रात करीब 11 बजे डुड़ौली रोड स्थित देसी शराब ठेके के पास रहीमनगर डुड़ौली निवासी मोनू और अजय कपूर उर्फ कपूरा ने मेराज को गोली मार दी। सीने में गोली लगने के कारण उसे गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

# पूंजीपतियों की तिजोरी भर रही मोदी सरकार: कांग्रेस



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस के** वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि कॉरपोरेट जगत का टैक्स 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत करने से एक बार फिर यह साबित हो गया है कि मोदी सरकार पूँजीपतियों की तिजोरी भर रही है और किसान, लघु एवं मध्यम व्यापारी तथा नौकरी पेशा लोगों की चिन्ता उसे नहीं है।

मोदी सरकार द्वारा निम्न और मध्यम वर्ग के लोगों की जेबों से पैसा निकाला जा रहा है और उस पैसे को बड़े कार्पोरेट की तिजोरियों तक पहुँचाया जा रहा है। यह देश की जनता के साथ क्रूर मजाक है। तिवारी ने कहा है कि नौकरी-पेशा करने वाले या वेतन भोगी लोग 30 से 33 प्रतिशत इनकम टैक्स या टैक्स दें, और छोटे तथा मध्यम व्यापारी 28 प्रतिशत जीएसटी और किसान 28 प्रतिशत जीएसटी देकर सामान खरीदें, वहीं कॉरपोरेट जगत का टैक्स 8 से घटाकर 22 प्रतिशत कर दिया जाए इससे बड़ा हास्यास्पद मजाक आम जनता के साथ और क्या हो सकता है? इससे यह साबित हो गया है कि मोदी सरकार पूरी तरह से पूँजीपतियों की सरकार है और गरीब तथा मध्यम वर्ग विरोधी सरकार है।

तिवारी ने कहा है कि यह भी क्या राजनैतिक मजाक है? कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल तक कहते थे कि पिछले 70 सालों में क्या हुआ हे? जबकि उसी 70 साल की कमाई देश की साख बढ़ाने के लिये भारतीय रिजर्व बैंक में रिजर्व राशि के रूप में जमा थी उस 70 साल की कमाई से दोबारा 1.76 लाख करोड़ रुपये निकाल लिया जो देश की साख बढ़ाने तथा दैवीय आपदा के लिये रिजर्व बैंक में जमा थी। उस रिजर्व धनराशि को निकाल कर देश के पूँजीपतियों की तिजोरी तक पहुँचा दिया। यह उसी 70 साल की कमाई थी, मोदी के 5 साल में तो केवल घाटा ही घाटा रहा है, इससे बड़ा सबूत और क्या होगा? प्रत्यक्षं किम् प्रमाणम् साबित हो गया है।

उन्होंने कहा कि मोटर वाहन संशोधन कानून की आड़ में उत्तर प्रदेश में लोगों का आर्थिक शोषण और अपमान हो रहा है उसे तत्काल रोका जाए और छुट्टा जानवरों के लिए गौषाला बनाकर किसानों की तैयार खरीफ की फसल को छुट्टा जानवरों से बचाया जाए।

# सपा प्रतिनिधिमंडल ने की रामपुर के डीएम व एसपी को हटाने की मांग

● मुख्य निर्वाचन अधिकारी से की मुलाकात



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल ने उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलकर रामपुर में विधानसभा उपचुनाव में निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव के लिए रामपुर के जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक को तत्काल हटाकर दूसरे अधिकारियों की तैनाती की मांग की है। प्रतिनिधिमण्डल में नेता विरोधीदल विधानसभा रामगोविन्द चौधरी, नेता प्रतिपक्ष विधानपरिषद अहमद हसन तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी शामिल थे। समाजवादी पार्टी के नेताओं ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश के 11 विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव 21 अक्टूबर 2019 को करने की घोषणा की है। इन 11 विधानसभा क्षेत्रों में रामपुर विधानसभा क्षेत्र भी शामिल है। रामपुर जनपद में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिस प्रकार दहशत का माहौल उत्पन्न कर रखा है उससे निष्पक्ष चुनाव हो पाना असम्भव है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में समाजवादी प्रतिनिधिमण्डल ने कहा कि रामपुर के जिला प्रशासन और जिला पुलिस द्वारा एक सोची समझी रणनीति के तहत लोकसभा चुनाव के बाद सांसद मोहम्मद आजम खां, उनकी पत्नी, उनके बेटों, रिश्तेदारों एवं समर्थकों के विरूद्ध फर्जी मुकदमें दर्ज कराने का ऐसा सिलसिला प्रारम्भ किया गया है कि इस समय उनकी संख्या 86 तक हो गई है। मोहम्मद आजम खां ने शिक्षा क्षेत्र में स्वतंत्रता सेनानी मोहम्मद अली जौहर के नाम पर यूनिवर्सिटी बनवाई उससे प्रशासन को क्या दिक्कत है, समझ में नहीं आता है। उन्होंने कहा कि मोहम्मद आजम खां और उनके परिवार और रिश्तेदारों के विरूद्ध की जा रही उत्पीड़न की कार्यवाही का विवरण भी समाजवादी प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को दिया गया।

# हड्डियों की मजबूती के लिए भोजन में शामिल करें कैल्शियमः प्रो. वाखलू




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उम्र बढ़ने** के साथ हड्डियां कमजोर हो जाती हैं। इसका मुख्य कारण अत्याधिक दवाइयों का सेवन, शराब एवं तंबाकू का सेवन है, जिससे बोन मिनिरल डेंसिटी कम होती है। बोन मिनिरल डेंसिटी बोन मास मापने की नई तकनीक है। डुएल एनर्जी एक्स रे तकनीक के द्वारा इसको मापा जाता है। इसके बचाव के लिए भोजन में कैल्शियम को ज्यादा ज्यादा मात्रा में शामिल करना, विटामिन डी थ्री का सेवन करना एवं नियमित व्यायाम व्यायाम करना चाहिए तथा इसके उपचार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों को दिखाया जाना चाहिए।

उक्त जानकारी रविवार को यूपी चैप्टर ऑफ एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के साइंटिफि क कन्वेंशन सेंटर में आयोजित वार्षिक अधिवेशन के अंतिम दिन केजीएमयू गठिया रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अनुपम वाखलू ने दी है। बोन मिनिरल डेंसिटी के बारे में जानकारी देते हुए प्रो. वाखलू ने कहा कि 50 वर्ष के बाद खासतौर से महिलाओं में मासिक बंद होने के बाद यह समस्या ज्यादा दिखाई देती है। उन्होंने बताया कि यदि मरीज लंबे समय से बिस्तर पर हैं तो बोन लॉस की वजह से ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि फेमस टूल डेकसा के द्वारा हड्डी के टूटने की संभावना का पता लगाया जाता है। यदि व्यक्ति शराब तंबाकू का सेवन करता है तो हड्डी टूटने की संभावना बढ़ जाती है। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रोफेसर एके त्रिपाठी ने साइटोपेनिया पर जानकारी देते हुए कहा कि जब मरीजों में आरबीसी और डब्ल्यूबीसी प्लेटलेट्स कम होने लगता है सामान्य तौर पर यह बुखार आदि के समय होता है परंतु अगर लगातार ऐसा हो रहा है तो इसके लिए विटामिन इ12 की जांच करानी चाहिए। उन्होंने इसके लिए अनियमित जीवन शैली तथा तंबाकू, गुटके का प्रयोग को इसके लिए जिम्मेदार बताया और कहा कि यदि गंभीर लक्षण जैस लिम्फ नोड इत्यादि हो तो बोन मैरो की जांच कराई जाती है। जिससे यह पता लगाया जा सकता है कि किसी प्रकार का ब्लड कैंसर .जैसे अप्लास्टिकए, एनीमिया आदि तो नहीं है। सामान्य तौर पर मरीज को बिना सलाह के दवाइयों का प्रयोग नहीं करना चाहिए इससे नुकसान हो सकता है तथा ब्लड काउंट कम हो जाता है।

## इन्होंने जीते अवार्ड

**कार्यक्रम** के दौरान डॉ के के सावलानी और डॉ एस सी चौधरी ने क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें डॉ एसएन गुप्ता अवार्ड प्रथम डॉ अंकुर गुप्ता, दूसरा डॉ विवेक भगत और तीसरा अवार्ड डॉ इमरान खान को दिया गया। डॉ एन एन गुप्ता अवार्ड में प्रथम पुरस्कार डॉ दिव्या सरीन, द्वितीय डॉ वनिषा पुंडीर और तृतीय अवार्ड डॉ अभिषेक टण्डन को दिया गया। डॉ वेदान गुप्ता अवार्ड में क्रमश: डॉ ज्ञान प्रकाश, डॉ मोनिका कुलकर्णी, डॉ अर्पित बंसल को और डॉ जीपी एल्हेन्स अवार्ड क्रमश:डॉ नाहिद, डॉ अंकिता सिंह , छितिज प्रसाद को मिला। डॉ सावलानी ने कहा ये प्रतियोगिताएं पी जी और यू जी स्टूडेंट्स के लिए थी। वेलिडिक्टरी सत्र में प्रोफेसर वीरेंद्र आतम ने कहा कि ये सेमिनार कई मायनों में ऐतिहासिक रहा। मेडिकल स्टूडेंट्स को काफी कुछ सीखने को मिला। डॉ डी हिमांशु ने सेमिनार में आये हुए प्रतिभागियों, गेस्ट स्पीकरों, स्टूडेंट्स का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ कौसर उस्मान, डॉ प्रज्ञा पांडे, डॉ शीतल वर्मा आदि उपस्थित थे।

# लापरवाहीः आवारा पशुओं का निवाला बन रहे पौधे

● पौधरोपण महाअभियान के दौरान पुराने सबस्टेशन की परती भूमि पर रोपे गए थे दो हजार पौधे



संवाददाता। मोहनलालगंज

**लेसा के** सिविल डिवीजन की लापरवाही से पौधरोपण महाअभियान के दौरान मोहनलालगंज पुराने सबस्टेशन की परती भूमि पर रोपे गए दो हजार पौधों को झाड़ियां और आवारा पशु निगलते जा रहे हैं। पौधरोपण के दौरान महीनों तक मजदूर लगाकर पौधों की देखरेख कराने का दावा करने वाले सिविल डिवीजन के कांट्रैक्टर की टीम पिछले एक महीने में दोबारा झांकने तक नहीं आई है। लिहाजा सरकारी धन की इस कदर बर्बादी को लेकर नाराज कुछ भाजपाईयों ने ऊर्जा मंत्रालय को शिकायत भेजी है। मोहनलालगंज पुराने सबस्टेशन की तकरीबन एक हेक्टेअर परती भूमि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट पौधरोपण महा अभियान के दौरान 9 अगस्त को लेसा सिविल डिवीजन अफसरों की अगुवाई में दो हजार पौधे लगवाए गए थे। देखरेख के अभाव में पौधरोपण के डेढ़ माह बाद ही उगी झाड़ियों ने पौधों को निगलना शुरु कर दिया है। उधर सिविल डिवीजन की ओर से कराए जा रहे वायर फेन्सिंग और बाउण्ड्रीवाल निर्माण का कार्य अधूरा होने से बेरोकटोक आवागमन कर रहे आवारा पशुओं ने भी हरे-भरे पौधों को निशाना बना रखा है। यहां तक हिंसक हो चुके आवारा पशुओं को भगाने में सबस्टेशन कर्मचारियों की तमाम कोशिशें भी जाया जा रही हैं। लिहाजा महाअभियान के दौरान रोपे गए तमाम पौधे नष्ट हो चुके हैं। हरियाली बढ़ाने के नाम पर की जा रही रस्मअदायगी को लेकर नाराज जागरुक लोग सरकारी धन की बर्बादी करने वालों से वसूली कर नष्ट हो चुके पौधों की जगह दोबारा पौधरोपण कराने की पुरजोर मांग कर रहे हैं।

## आधा दर्जन बार बुलाने पर भी नहीं आए लेखपाल

**मोहनलालगंज** पुराने सबस्टेशन से सटी जिस परती भूमि लेसा ने पौधरोपण कराया है। उसके पिछले हिस्से में सीमांकन को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारी तहसील अधिकारियों को कई पत्र भेजने के साथ ही नापजोख के लिए लेखपाल को आधा दर्जन से अधिक बार फोन कर बुला चुके हैं।

# हम भारत की ऊर्जा सुरक्षा जरुरतों को पूरा करने को प्रतिबद्धः सऊदी अरब

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सऊदी** अरब ने अपने तेल संयंत्रों पर हुए अब तक के सबसे बड़े हमलों के बाद वैश्विक तेल आपूर्ति बाधित होने के बीच कहा है कि वह भारत की ऊर्जा सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही, वह बाजार की स्थिरता बनाए रखने के लिए अन्य तेल उत्पादकों के साथ रचनात्मक रूप से काम करेगा। सऊदी अरब के राजदूत डा. सऊद बिन मोहम्मद अल साती ने पीटीआई से विशेष साक्षात्कार में कहा कि उनका देश जमीनी स्थिति देखने और हमलों की जांच में शामिल होने के लिए संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों को आमंत्रित करेगा।

यह पूछे जाने पर कि ईरान से तेल आयात पर प्रतिबंध के चलते उसकी भरपाई के लिए क्या सऊदी अरब भारत को तेल की आपूर्ति बढ़ाएगा,



राजदूत ने कहा, उनका देश भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और अन्य स्रोतों से बाधाओं के चलते पैदा होने वाली किसी भी कमी को वह पूरा करेगा। सऊदी तेल संयंत्रों पर हुए अब तक के सबसे बड़े हमले पर उन्होंने कहा कि सऊदी अरब में स्वयं की रक्षा करने तथा इन आक्रमणों का पूरी ताकत से जवाब देने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि उनका देश हमले के बाद रियाद का समर्थन करने और उसके साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए भारत की प्रशंसा करता है। उन्होंने कहा कि ये हमले एक तरह से पूरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के खिलाफ थे। सऊदी अरब की राष्ट्रीय पेट्रोलियम कंपनी सऊदी अरामको के तेल संयंत्रों पर गत 14 सितम्बर को किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों के चलते उसका दैनिक तेल उत्पादन तकरीबन आधा ठप हो गया। इससे वैश्विक तेल बाजार पर गंभीर प्रभाव पड़ा और सऊदी अरब और ईरान के बीच तनाव उत्पन्न हो गया।

सऊदी अरब भारत की ऊर्जा सुरक्षा का एक प्रमुख आधार है। सऊदी अरब भारत के कच्चे तेल का 17 प्रतिशत या उससे अधिक और भारत की एलपीजी आवश्यकताओं का 32 प्रतिशत का स्रोत है। अरामको के अबकैक और खुरैस संयंत्रों पर हमलों से शीर्ष तेल निर्यातक द्वारा तेल आपूर्ति में बाधा के चलते गत सप्ताह वैश्विक तेल कीमतों में 15 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो गई थी।

## विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए मनाया साइबर सुरक्षा सप्ताह

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ द्वारा देश में संभवत: पहली बार विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरुकता लाने और सावधानी बरतने के लिए यहां साइबर सुरक्षा सप्ताह आयोजित किया। इसमें 17,000 से अधिक कॉलेज के विद्यार्थी शामिल हुए। जबलपुर साइबर सेल के पुलिस अधीक्षक अंकित शुक्ला ने रविवार को यहां बताया कि गृह मंत्रालय के निर्देश पर साइबर सुरक्षा पर भोपाल में जागरुकता सप्ताह मनाया गया। मध्यप्रदेश पुलिस के साइबर सेल के महानिदेशक पुरुषोत्तम शर्मा के नेतृत्व में यह जागरुकता सप्ताह यहां किया गया।

उन्होंने बताया कि पुलिस के साइबर सेल ने यह सप्ताह समुदाय आर्थिक विकास सहायता निगम (सीईडीएसी) और भोपाल स्थिति राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित किया।



मैसूर में नवरात्र व दशहरा मेला पर कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सजाये गये मैसूर पैलेस की सजावट को देखते हुए लोग



मुंबई में मेट्रो के लिए होने वाली तीन हजार पेड़ों की कटान का विरोध करते कांग्रेस कार्यकर्ता

# कश्मीर के विशेष दर्जे के खात्मे से देश की अखंडता की रक्षा हुई : गौड़ा

**मेंगलुरु (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री डी वी सदानंद गौड़ा ने कहा कि भाजपा का मुख्य उद्देश्य देश की अखंडता की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी के विकासपरक एजेंडे के कारण ही संविधान के अनुच्छेद 370 और 35ए के तहत जम्मू-कश्मीर को मिले विशेष दर्जे को हटाए जाने का फैसला लिया गया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले दोनों अनुच्छेदों को खत्म कराने के लिए बहुत पहले से प्रक्रिया शुरू कर दी थी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जैसे ही कश्मीर में जनजीवन सामान्य होगा वैसे ही केंद्र सरकार क्षेत्र के विकास पर ध्यान देना शुरू कर देगी। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को खत्म किए जाने के बाद से कश्मीर में एक भी गोली नहीं चली है। केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री ने कहा कि विशेष दर्जे ने ही कश्मीर को आंतकवादियों का अड्डा बना दिया था। केंद्रीय मंत्री शनिवार को मनीपाल में भाजपा की उडुपी जिला ईकाई द्वारा अनुच्छेद 370 पर आयोजित एक जनजागरुकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

गौड़ा ने कहां कि कांग्रेस नेता कर्ण सिंह और ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी कश्मीर पर लिए गए केंद्र सरकार के इस फैसले की सराहना की है। एक प्रतिभागी द्वारा पूछे गए सवाल कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को देश में कब लागू किया जाएगा पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र में स्पष्ट उल्लेख है कि पार्टी यूसीसी की पक्षधर है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की भी इस तरह की इच्छा है।

# कर्नाटक के बागी विधायकों की याचिका पर आज होगी सुनवाई

### ● एदियुरप्पा ने कहा: सकारात्मक फैसले की उम्मीद

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कांग्रेस-जद (एस)** के बागी विधायकों की याचिका पर उच्चतम न्यायालय में सोमवार को होने वाली सुनवाई से पहले कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी. एस. एदियुरप्पा ने रविवार को कहा कि उन्हें सकारात्मक फैसला आने की उम्मीद है। चुनाव आयोग द्वारा बागी विधायकों की सीट पर उपचुनाव की घोषणा के बाद एदियुरप्पा मामले और उससे जुड़ी रणनीति पर चर्चा करने के लिए पार्टी अध्यक्ष अमित शाह मिलने दिल्ली आए हैं। इन सभी विधायकों को कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष के आर रमेश कुमार ने संविधान की 10वीं अनुसूची (दल-बदल कानून) के तहत अयोग्य करार दिया था।

मुख्यमंत्री पर अयोग्य करार दिए गए 15 विधायकों का काफी दबाव है। दरअसल, उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने की अंतिम तारीख 30 सितंबर है, और अगर ऐसे में शीर्ष अदालत उससे पहले विधायकों को राहत नहीं देती है तो उनका राजनीतिक करियर दांव पर लग जाएगा। उच्चतम न्यायालय मामले की सुनवाई कल यानी सोमवार को करेगा। शाह से मिलने के बाद एदियुरप्पा ने संवाददाताओं से कहा, हमें उच्चतम न्यायालय से अपने पक्ष में सकारात्मक फैसला आने की उम्मीद है... चूंकि विधानसभा अध्यक्ष ने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन नहीं है, इसलिए फैसला हमारे पक्ष में होगा। देखते हैं, कल क्या होता है।

## बाढ़ राहत के लिए मांगे 2,000 करोड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और बाढ़ प्रभावित राज्य के लिए तत्काल राहत के तौर पर 2,000 करोड़ रुपए की मांग की। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि केंद्र ने आश्वस्त किया है कि राज्य में क्षति का आकलन कर रहे केंद्रीय दल के अगले दो-तीन दिनों में अपनी रिपोर्ट देने के बाद राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (एनडीआरएफ) से सहायता उपलब्ध कराने पर निर्णय किया जाएगा। एदियुरप्पा ने यहां पत्रकारों को बताया, हमने बाढ़ राहत के लिए 2,000 करोड़ रुपए केंद्रीय मदद मांगी है। हमारे पास संसाधनों की कमी है। इसके बावजूद राज्य सरकार ने अब तक करीब 1,000 करोड़ रुपए जारी किए हैं। केंद्रीय कोष जारी होने से हम पर बोझ कम होगा।

# पेज एक का शेष

## अमेरिका में ...

की विशाल सभा को संबोधित किया। मोदी दोनों हाथ जोड़ कर मंच पर पहुंचे। इस शानदार स्वागत के लिए लोगों का शुक्रिया कहते हुए वे उनके समक्ष झुके। ह्यूस्टन के मेयर सिल्वेस्टर टर्नर ने मोदी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के महत्त्व का उल्लेख किया और कहा कि भारतीय इस शहर के विकास में अहम रहे हैं। टर्नर ने लोगों से कहा कि ह्यूस्टन सबसे विविध शहर है। उन्होंने कहा, ह्यूस्टन में हम 140 से ज्यादा भाषाओं में हाउडी कहते हैं। और आज सुबह हम मोदी को हाउडी कह रहे हैं। कार्यक्रम में मोदी का स्वागत करने के बाद टर्नर ने उन्हें ह्यूस्टन शहर की चाबियां प्रस्तुत कीं, जो देश की उन जगहों में से एक है जहां भारतीय-अमेरिकी समुदाय की संख्या बहुत ज्यादा है। कार्यक्रम में दो दर्जन गवर्नर और अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य शामिल हुए। डेमोक्रेट स्टेनी होयर ने प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया और अपने भाषण में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अमेरिकियों और भारतीय दोनों का मकसद एक है, दोनों देशों के बीच साझेदारी बढ़ाने का। प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन से पहले, टेक्सस एवं अमेरिका के अन्य हिस्सों से आए भारतीय-अमेरिकी कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## प्याज 70...

भारी बारिश की वजह से आपूर्ति प्रभावित होने से प्याज की खुदरा कीमतों में भारी इजाफा हुआ है। सूत्र ने कहा कि आपूर्ति में यह बाधा सीमित समय के लिए है। यदि अगले दो-तीन दिन में स्थिति सामान्य नहीं होती है तो सरकार व्यापारियों के लिए गंभीरता से भंडारण की सीमा तय करने पर विचार कर रही है। मौसम विभाग के अनुसार प्रमुख प्याज उत्पादक क्षेत्रों विशेष रूप से महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गुजरात, पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में पिछले दो दिन में अत्यधिक बारिश हुई है। व्यापारियों का कहना है कि देश के ज्यादातर हिस्सों में अभी भंडारण वाला प्याज बेचा जा रहा है। खरीफ या गर्मियों की फसल नवंबर से बाजार में आएगी।

## नेहरू की...

इस देश को राष्ट्रवाद और प्रगति के रास्ते पर आगे ले जाना है। उन्होंने कांग्रेस और राकांपा पर निशाना साधते हुए कहा, वे अनुच्छेद 370 के (ज्यादातर प्रावधानों को) समाप्त करने का निर्लज्जता से विरोध कर रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने भरोसा जताया कि 21 अक्टूबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद देवेंद्र फडणवीस एक बार फिर मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा, मुझे प्रसन्नता है कि राज्य विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरूआत अनुच्छेद 370 और 35 ए समाप्त करने के हमारे निर्णय पर चर्चा के साथ हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अनुच्छेद 370 की समाप्ति के पीछे राजनीति देखती है जबकि हम इसे इस तरह से नहीं सोचते। उन्होंने कहा, पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर अस्तित्व में ही नहीं आता, यदि नेहरू ने बेवक्त पाकिस्तान के साथ संघर्षविराम की घोषणा नहीं की होती...जो नेहरू की एक गलती थी। नेहरू के बजाय सरदार पटेल को इस मुद्दे से निपटना चाहिए था। उन्होंने कहा कि नेहरू उसके बाद संयुक्त राष्ट्र चार्टर के आर्टिकल 35 के तहत संयुक्त राष्ट्र गए। यदि वह चार्टर 51 के तहत जाते, तो पीओके भारत के साथ होता। उन्होंने कहा, सरदार पटेल के 1950 में निधन के बाद भारत सरकार ने शेख अब्दुल्ला के साथ दिल्ली समझौता पर हस्ताक्षर किया, जो कि अनुच्छेद 370 का आधार बना। पाकिस्तान से भारत आए लोगों में दो...मनमोहन सिंह और इंद्र कुमार गुजराल...(बाद में) प्रधानमंत्री बने, जबकि लालकृष्ण आडवाणी उप प्रधानमंत्री बने। उन्होंने कहा, हालांकि, जो जम्मू कश्मीर गए उन्हें अनुच्छेद 370 के हटने तक मतदान का अधिकार नहीं था। आज ये लोग मतदान कर सकते हैं। शाह ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी (पुलवामा हमले के बाद भारतीय वायुसेना द्वारा किए गए) सर्जिकल स्ट्राइक सहित सरकार के कार्यों का सबूत मांगते हैं लेकिन वह जेएनयू (जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय) के टुकड़े टुकड़े गैंग के साथ खड़े होते हैं। शाह ने उपनगरीय क्षेत्र गोरेगांव में आयोजित रैली में कहा, जब गांधी और (राकांपा प्रमुख) शरद पवार यहां प्रचार के लिए आएं, आपको उनसे पूछना चाहिए कि वे अनुच्छेद 370 हटाने का समर्थन करते हैं या विरोध। शाह ने कहा, अनुच्छेद 370 समाप्त करने के बाद कश्मीर में एक भी गोली नहीं चलाई गई है। उन्होंने कहा कि कश्मीर में कोई अशांति नहीं है और आने वाले दिनों में आतंकवाद समाप्त हो जाएगा। बिना किसी का नाम लिए शाह ने कहा कि कश्मीर में जिन तीन परिवारों ने शासन किया, उन्होंने वहां भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) भी गठित नहीं होने दिया। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, कश्मीर में जो लोग भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उन्हें ठंड में भी पसीने छूट रहे हैं। उन्होंने कहा, जम्मू कश्मीर में केवल (राजनीतिक) परिवारों को खतरा महसूस हो रहा है। कई संचार लाइनें काम कर रही हैं, टेलीफोन चालू हैं और कुछ बाजार भी खुल गए हैं। जल्द ही आपको यहां कश्मीर के प्रसिद्ध सेब मिलेंगे। शाह ने कहा कि किसी ने भी अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को इतनी जल्दी समाप्त होने के बारे में नहीं सोचा था, लेकिन मोदी सरकार ने ऐसा किया। उन्होंने कहा, राहुल गांधी हाल ही में राजनीति में आए हैं। जनसंघ और बाद में भाजपा की तीन पीढ़ियां अनुच्छेद 370 की समाप्ति के लिए बलिदान देने से पीछे नहीं हटीं।

शाह ने कहा कि गांधी को इतिहास पढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम अतीत में (विपक्ष में रहते हुए) राष्ट्रीय मुद्दों पर सरकार के साथ रहे, जैसे अटल बिहारी वाजपेई ने बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान इंदिरा गांधी का समर्थन किया था या कश्मीर मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 कांग्रेस के लिए एक राजनीतिक मुद्दा था और है लेकिन हमारे लिए इसे हटाना (कश्मीर के) पुन: एकीकरण का वादा था। आप (कांग्रेस) इसमें राजनीति देखते हैं लेकिन हम इसे देशभक्ति के रूप में देखते हैं। पवार की इस टिप्पणी पर कि केवल पुलवामा जैसा हमला ही भाजपा को अगले महीने होने वाले महाराष्ट्र चुनाव में हार से बचा सकता है, शाह ने कहा, कुछ होता है या नहीं, भाजपा निश्चित रूप से विधानसभा चुनाव जीतेगी। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि बड़ी संख्या में बाहर निकलें और चुनाव में मतदान करें और उन लोगों को उचित स्थान दिखाएं, जिन्होंने अनुच्छेद 370 पर सरकार के कदम का विरोध किया था।

## आरपीएफ ने ...

लोगों ने आवेदन दिया था। इसके अलावा सहायक पद के लिए नौ लाख आवेदन मिले थे। मौजूदा समय में पाठक प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त हैं। उन्होंने बताया कि उपनिरीक्षकों के कुल 1,120 पद पर 819 पुरुष और 301 महिलाओं की भर्ती हुई है। इसके अलावा 8,619 कांस्टेबल की भर्ती हुई जिनमें से 4,403 पुरुष और 4,216 महिलाएं हैं। सभी सफल उम्मीदवारों के शारीरिक मापदंड और शारीरिक दक्षता परीक्षा हो चुकी है और अभी उनका पुलिस सत्यापन चल रहा है। पाठक ने बताया कि देश के कुल 400 केंद्रों में इन पदों के लिए लिखित परीक्षाएं आयोजित हुई थीं।

## गेंदा, चमेली ...

से निकले तेल की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारी मांग हो सकती है। इसकी खेती को बढ़ावा देने के लिए लेह जिले के रनबीरपुरा गांव में जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया था। सीएसआईआर-आईएचबीटी की प्रयासों से हिमाचल प्रदेश जंगली गेंदे की उच्च गुणवत्ता वाले तेल का देश में सबसे बड़ा उत्पादक राज्य बन गया है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश औऔर जम्मू-कश्मीर में बड़ी संख्या में किसानों ने इसकी खेती शुरू कर दी है।

पर्वतीय इलाकों में छह सौ से अधिक किसानों 214 हेक्टेयर इलाके में इसकी खेती कर रहे हैं। यह फसल मैदानी भागों के साथ साथ पर्वतीय इलाकों में भी उगायी जा सकती है। सुंगधित तेलों के कारण इन पौधों की खेती पूरी दुनिया में की जाती है। इनका इस्तेमाल परफ्यूम, खाद्य पदार्थ, फ्लेवर देने, औषधि और कृषि रसायन उद्योग में किया जाता है।

# जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस आयोजित

### ● जिलाधिकारी ने थानों का निरीक्षण कर कानून व्यवस्था का लिया जायजा

**संवाददाता।** ललितपुर

**शासन द्वारा** प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस आयोजित कर जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये गए हैं। शासन के उक्त निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने थाना जखौरा एवं बार में आयोजित थाना समाधान दिवस में प्रतिभाग किया। यहां पर उन्होंने शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना व सम्बंधित थाना प्रभारी को समस्या के निस्तारण के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायतकर्ता की शिकायत का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करें। मौके पर उन्होंने थानों का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थानों के समस्त कक्षों का अवलोकन किया, साथ ही कार्यालय में समस्त अभिलखों एवं रजिस्टरों का गहनता से अवलोकन किया।



समाधान दिवस में जनसमस्याओं को सुनते डीएम-एसपी

थाना जखौरा में दस्तावेजों का रखरखाव नियमानुसार नहीं पाया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने दस्तावेजों एवं अभिलेखों को अद्यावधिक रखने के निर्देश दिये। थाना समाधान दिवस के दौरान थाना बार में 05 तथा थाना जखौरा में 08 प्रकरण आये, जिन्हें सम्बंधित थाना प्रभारी को सौंपते हुए निस्तारण के निर्देश दिये गए। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार मिश्र ने भी थाना तालबेहट एवं पूराकलां में आयोजित थाना समाधान दिवस में प्रतिभाग किया। उन्होंने थानों का निरीक्षण कर सम्बंधित थाना प्रभारियों को उचित व्यवस्था बनाये रखने हेतु निर्देशित किया। साथ ही शिकायतकर्ताओं को भी गंभीरतापूर्वक सुना।

## डॉ. भगवान शरण भारद्वाज साहित्य भूषण से होंगे सम्मानित

**बरेली।** उप्र सरकार की तरफसे हिंदी संस्थान द्वारा साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। डॉ भगवान शरण भारद्वाज बरेली कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष के पद से सन 2008 में सेवानिवृत्त हुए हैं। उनका पूरा जीवन साहित्य और समाज की सेवा में बीता। ललित निबंध, नवगीत, व जीवनी साहित्य में उनका योगदान अभूतपूर्व रहा है। भारत में हिंदी साहित्य में जीवनी साहित्य पर शोध करने वाले वे पहले साहित्यकार थे। राम कथा, कर्मयोग, नवगीतरू सर्जन और समीक्षा, आँसू और शोले अब को बात दे लखनऊ में सीएम के द्वारा सम्मानित किया जाएगा यह खबर जैसे ही उनके परिवार को लगी तो खुशी की लहर दौड़ गई। बरेली कॉलेज के पूर्व साहित्यकार भगवतशरण भारद्वाज हिंदी में महारत हासिल थी उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान काफी किताबों का विमोचन किया लखनऊ हिंदी विभाग ने उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया।

# क्रिकेट व जिमनास्टिक प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**ललितपुर।** वर्ष 2019-20 में पं0 दीन दयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर जिला स्तरीय जूनियर क्रिकेट (बालक) एवं जूनियर/सब-जूनियर जिमनास्टिक (बालक/बालिका) प्रतियोगिता का सफल आयोजन। वर्ष 2019-20 में खेल निदेशालय, उप्र के निर्देशानुसार पं. दीन दयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर जिला खेल कार्यालय, ललितपुर के तत्वाधान में जिला स्तरीय जूनियर क्रिकेट (बालक) एवं जूनियर/सब-जूनियर जिमनास्टिक (बालक/बालिका) प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया, जिसमें सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एडीएम अनिल कुमार मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश सिंह द्वारा पं.दीन दयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया। तदोपरान्त उप क्रीड़ा अधिकारी अश्वनी कुमार त्यागी द्वारा बैज व स्टाल लगाकर अतिथिगणों का अभिवादन किया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा पं0 दीन दयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए खिलाड़ियों को अपने आर्शिवचन स्वरूप खेल भावना के साथ खेलने हेतु प्रेरित करते हुये खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा क्रिकेट खेल कर प्रतियोगिता प्रारम्भ की विधिवत् घोषणा की गयी। उक्त प्रतियोगिता में जनपद- ललितपुर की 10 क्रिकेट टीमों तथा जिमनास्टिक में कुल 70 बालक/बालिका खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे है। विहान आवासीय विद्यालय व



क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करते एडीएम अनिल कुमार मिश्रा

जूनियर हाईस्कूल दैलवारा के मध्य खेला गया, जिसमें विहान आवासीय विद्यालय ने पहले खेलते हुये 10 ओवरों में 62 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुये जू0 हा0 दैलवारा की पूरी टीम 53 रन पर ढ़ेर हो गयी। परिणाम स्वरूप विहान आवासीय विद्यालय की टीम विजयी रही। विजेता टीम की ओर से नीरज ने सर्वाधिक 11 व राहुल ने 10 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। महावीर इण्टर कॉलेज, पाली व राजकीय इण्टर कॉलेज दावनी के मध्य खेला गया, जिसमें महावीर इण्टर कॉलेज, पाली ने पहले खेलते हुये 89 रन का लक्ष्य दिया, जिसमें सर्वाधिक 38 रन का योगदान रितिक ने दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुये राजकीय इण्टर कॉलेज दावनी की पूरी मात्र 61 पर ढ़ेर हो गयी। परिणाम स्वरूप महावीर इण्टर कॉलेज, पाली की टीम विजयी रही। लाईफ विजन एकेडमी व वर्णी जैन इण्टर कॉलेज के मध्य खेला गया, जिसमें वर्णी जैन इण्टर कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 04 विकेट के नुकसान पर 89 रन बनाए, जिसमें सर्वाधिक 41 रन भरन ने बनाए। जवाब में लाईफ विजन की टीम मात्र 60 रन ही बना पायी। परिणाम स्वरूप वर्णी इण्टर कॉलेज की टीम विजयी रही। निर्णायक मण्डल में ब्रज बिहारी मिश्रा, सलमान खांन, लखन रायकवार, अनिकेत पाठक रहे। संचालन क्रिकेट कोच नितेश कुमार राज एवं जिमनास्टिक प्रशिक्षक रामबाबू कुशवाहा ने संयुक्त रूप से किया।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 23 सितंबर, 2019



# महाराष्ट्र में राजग को मिलेगा तीन चौथाई बहुमतः अमित शाह

एजेंसी। मुंबई

**भाजपा अध्यक्ष** अमित शाह ने रविवार को यहां एक रैली में कहा कि 21 अक्टूबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में राजग को तीन चौथाई बहुमत मिलेगा। हालांकि, उन्होंने अपने भाषण में सहयोगी दल शिवसेना का जिक्र नहीं किया। शाह का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब भाजपा और शिवसेना इस चुनाव के लिए सीट-बंटवारे को अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने शिवसेना का जिक्र किए बगैर कहा, महाराष्ट्र और हरियाणा में चुनाव की घोषणा हो गई है। मुझे यकीन है कि भाजपा को बहुमत मिलेगा। महाराष्ट्र में राजग (भाजपा, शिवसेना और छोटे सहयोगी दलों) को (288 सदर्स्इय विधानसभा में) तीन चौथाई बहुमत मिलेगा। शाह ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस चुनाव बाद भी इस पद पर बने रहेंगे। शाह के इस बयान को शिवसेना की अनदेखी करने के तौर पर देखा जा रहा है, जो मुख्यमंत्री पद के लिए पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे को अपने उम्मीदवार के तौर पर पेश कर रही है। शाह ने कहा, फडणवीस सरकार केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार के साथ काम कर रही है। मोदी सरकार को दूसरा कार्यकाल मिला और मुझे यकीन है कि मतदाताओं ने फडणवीस को अगला कार्यकाल देने का मन बना लिया है। ठाकरे ने हाल में कहा था कि जल्द सीट-बंटवारे की घोषणा होगी। इससे पहले अटकलें थीं कि संभवत: शाह की यात्रा के दौरान सीट-बंटवारे की घोषणा हो सकती है। भाजपा और शिवसेना के नेता साथ चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं लेकिन दोनों पार्टियों के बीच सीटों की संख्या के बंटवारे को लेकर अब तक कोई अंतिम समझौता नहीं हुआ है।



मुंबई में एक रैली में गृह मंत्री अमित शाह और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस



अहमदाबाद में आगामी नवरात्र त्योहार को लेकर पारंपरिक परिधान धारण किए गरबा नृत्य का पूर्वाभ्यास करतीं महिलाएं

## मोहपाश गिरोह की महिला सदस्य को लेकर दिग्विजय ने दागे सवाल

एजेंसी। इंदौर

**मध्यप्रदेश के** बहुचर्चित हनी ट्रैप मामले को लेकर सूबे में सत्तारूढ़ कांग्रेस और भाजपा के बीच जारी बयानबाजी रविवार को तेज हो गई। वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने मोहपाश गिरोह की गिरफ्तार सदस्यों में शामिल महिला के भाजपा से वर्षों पुराने कथित जुड़ाव को लेकर सिलसिलेवार तौर पर सवाल दागे और उसकी राजनीतिक पृष्ठभूमि की ओर इशारा करते हुए राज्य के प्रमुख विपक्षी दल पर निशाना साधा। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, जब जीतू जिराती भारतीय जनता युवा मोर्चा की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष थे, तब श्वेता विजय जैन (मोहपाश गिरोह की गिरफ्तार सदस्य) इस इकाई की महामंत्री थीं या नहीं? राज्यसभा सदस्य ने कहा, आप (मीडिया) इस बात का पता लगाइए कि क्या श्वेता, भारतीय जनता युवा मोर्चा में सक्रिय थीं और तब संभाजी पाटिल निलंगेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष थे या नहीं? यही निलंगेकर आज महाराष्ट्र की देवेंद्र फड़णवीस नीत भाजपा सरकार के मंत्री हैं या नहीं? दिग्विजय ने मीडिया को यह सलाह दी कि उसे यह भी पता लगाना चाहिए कि जब श्वेता का एक कथित वीडियो वायरल हुआ था, तब वह महाराष्ट्र में किस व्यक्ति के साथ रही थीं। सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, मेरे पास पुलिस का जुटाया कोई रिकॉर्ड नहीं है। मैं तो आपसे (मीडिया) कह रहा हूं कि आप (श्वेता की राजनीतिक पृष्ठभूमि को लेकर) मेरे सवालों के जवाब ढूंढिए। उधर, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती ने अपने बारे में दिग्विजय के संबंधित दावे को सरासर भ्रामक बताया। उन्होंने कहा कि भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उनके वर्ष 2009 से 2013 के कार्यकाल के दौरान मोहपाश गिरोह की गिरफ्तार महिला सदस्य श्वेता विजय जैन इस इकाई की महामंत्री नहीं, बल्कि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य थीं। जिराती ने कहा, मेरे इस कार्यकाल के दौरान श्वेता भाजयुमो की प्रदेश कार्यसमिति के करीब 325 सदस्यों में से एक थी। तब मेरा उससे औपचारिक परिचय था।

भाजपा के पूर्व विधायक ने कहा, मेरा दिग्विजय से आग्रह है कि वह हनी ट्रैप मामले को गंभीरता से लें। प्रदेश की कांग्रेस सरकार सीबीआई या किसी भी एजेंसी से जांच कराते हुए मामले के दोषियों को सजा दिलाए। गिरोह के मोहपाश में फंसे लोगों के नाम सार्वजनिक करते हुए उन्हें इंसाफ दिलाया जाए। गौरतलब है कि पुलिस ने इन्दौर नगर निगम के अधीक्षण अभियंता हरभजन सिंह की शिकायत पर जांच के बाद बृहस्पतिवार को हनी ट्रैप गिरोह का औपचारिक खुलासा किया था। गिरोह के गिरफ्तार आरोपियों में श्वेता विजय जैन के अलावा, आरती दयाल, मोनिका यादव, श्वेता स्वप्निल जैन, बरखा सोनी तथा उनका ड्राइवर ओमप्रकाश कोरी शामिल हैं।

## कश्मीर में सर्दियों के मौसम में सीआरपीएफ कर्मियों के ठहरने को होगी बेहतर व्यवस्था

एजेंसी। श्रीनगर

**सर्दियों का** मौसम शुरू होने से पहले केंद्र सरकार ने कश्मीर घाटी में अर्द्धसैनिक बलों के लिए 40 से अधिक बने बनाए कमरे स्थापित करने के अलावा पहले से मौजूद निजी आवासों और होटलों में बुनियादी ढांचा में सुधार करने को मंजूरी दी है ताकि सैनिक बर्फबारी के दौरान उनमें आराम से ठहर सकें। सरकार का यह कदम अर्द्धसैनिक बलों को घाटी में लंबी अवधि तक रखने का संकेत देता है। इस काम को अगले कुछ हफ्तों में अमली जामा पहनाए जाने की संभावना है क्योंकि कश्मीर में अगले महीने के अंत तक सर्दियों का मौसम शुरू हो जाने की उम्मीद है।

पहले से बने बनाए कमरों के ढांचों में पोली यूरीथेन फोम (पीयूएफ) लगाया जाएगा और इनमें ठहराने के लिए वैसे इलाकों में तैनात सैनिकों को प्राथमिकता दी जाएगी, जहां अधिक बर्फबारी होती है। जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों--जम्मू कश्मीर और लद्दाख-- में विभाजित करने के केंद्र के पांच अगस्त के फैसले से पहले सीआरपीएफ की कई कंपनियों को यहां लाया गया था। दोनों केंद्र शासित प्रदेश 31 अक्टूबर से अस्तित्व में आएंगे। केंद्र सरकार ने राज्य का विशेष दर्जा हटाने से जुड़े अपने कदम के बाद अन्य क्षेत्रों से अर्द्धसैनिक बलों, खासतौर पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को हटा लिया और उन्हें कश्मीर घाटी में ले आया गया। हालांकि, केंद्र के पांच अगस्त के फैसले के बाद से मामूली झड़पें हुई हैं। अधिकारियों के मुताबिक इन बने बनाए कमरों के ढांचों पर एक विशेष फोम की परत होगी जो ठंड के असर से कमरे के अंदरूनी हिस्से को बचाएगी। इसके अलावा पहली बार सीआरपीएफ ने नारियल के रेशे के बने दो लाख से अधिक गद्दों की खरीद के लिए भी मंजूरी प्राप्त की है, जिनका इस्तेमाल घाटी में तैनात अर्द्धसैनिक बलों के जवान करेंगे। इससे पहले कर्मियों को तैनाती के दौरान दरी दी जाती थी। अधिकारियों ने कहा कि मौसम की कठिन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए गृह मंत्रालय ने सीआरपीएफ के जवानों के लिए नारियल के रेशों से बने दो लाख से अधिक गद्दों की खरीद को लेकर बल के अनुरोध को मंजूरी दी है।

## क्विक न्यूज

### अकबरुद्दीन ओवैसी तेलंगाना लोक लेखा समिति के अध्यक्ष नियुक्त किए गए

**हैदराबाद।** तेलंगाना विधानसभा में एआईएमआईएम के नेता अकबरुद्दीन ओवैसी को रविवार को लोक लेखा समिति (पीएसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कांग्रेस विधायक डी श्रीधर बाबू और तेलुगू देशम पार्टी (तेदपा) के एस वेंकट वीरैया पीएसी के अन्य सदस्यों में शामिल है। जून में विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक कांग्रेस के 18 विधायकों में 12 के सत्तारूढ़ तेलगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) में शामिल हो जाने के बाद यह (कांग्रेस) मुख्य विपक्षी पार्टी नही रह गई है। सदन में एआईएमआईएम के सात सदस्य है, जबकि तेदपा के दो और भाजपा का एक विधायक है। संसदीय और विधानसभा चुनाव केदौरान टीआरएस नेता और मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने एआईएमआईएम को मित्र पार्टी बताया था। विधानसभा में विनियोग विधेयक पारित होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने पीएसी और प्राक्कलन समिति जैसी स्थाई समितियों के गठन की घोषणा की। तेलंगाना विधानसभा का सत्र नौ सितंबर को शुरूहुआ और 10 कार्यदिवसों तक चला।

### मुंबई में माहिम दरगाह के आसपास पुलिस ने हटाए 1,140 भिखारी

**मुंबई।** शहर की मशहूर माहिम दरगाह के आसपास से पुलिस ने पिछले आठ महीनों में लगभग 1,140 भिखारियों को हटाया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सबस्टेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत 665 मामले दर्ज कराए जाने के बाद यह कदम उठाया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अजिनाथ सतपुते ने बताया कि स्थानीय लोगों के उपद्रवियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद यह अभियान चलाया गया था। उन्होंने बताया कि इनमें में कुछ नशा करते थे, घरों में चोरी करते थे और झपटमारी की वारदातों में भी शामिल थे। सतपुते ने कहा, एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज कराए गए 665 मामलों के आधार पर हमने पिछले आठ महीनों में यहां से 1,140 भिखारियों को हटाया है।

## मोदी-शी सम्मेलन के लिए तटीय मंदिर पर विश्वस्तरीय सजावट होगी

एजेंसी। ममल्लापुरम (तमिलनाडु)

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच अगले महीने होने वाले शिखर सम्मेलन के लिए यहां के तट पर स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर और पांच रथों की विश्वस्तरीय प्रकाश व्यवस्था से सजावट की जाएगी ताकि वे जीवंत हो उें। साथ ही यहां पेड़-पौधे और आसपास के स्थानों को भी सुंदर बनाया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि ऐतिहासिक स्थल पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था और साज-सजावट से शीर्ष नेताओं के लिए फोटो खिंचवाने का शानदार अवसर होगा। प्रकाश व्यवस्था अस्थाई हो सकती है।

अधिकारियों के एक दल ने कुछ दिनों पहले इस स्थान का दौरा किया था ताकि प्रकाश व्यवस्था करने, नए पत्थर से फ्लोर बनाने और स्थान को सुंदर बनाने जैसे कार्यों को पूरा किया जा सके। दल में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) विभाग के अधिकारी और सलाहकार भी शामिल थे। उन्होंने ऐतिहासिक स्थल पर नेताओं के दौरे के लिए अस्थाई यात्रा विवरण भी तैयार किया है। यात्रा विवरण के मुताबिक दोनों नेता तटीय मंदिर की परिक्रमा करेंगे, प्रदक्षिणा करेंगे और फोटो खिंचवाने के लिए नजदीक के स्थान तक जाएंगे। इसी तरह वे समुद्र तट के किनारे बालू पर पैदल चलेंगे। दोनों नेता एक बेंच पर भी बैठ सकते हैं। एएसआई के मुताबिक समुद्र तट के किनारे स्थित मंदिर भगवान शिव का है जिसे पल्लव राजाशिमा (नरसिंह द्वितीय) ने 700 - 728 ई. में बनवाया था। इस ऐतिहासिक स्थल को विश्व विरासत का दर्जा हासिल है और यह सातवीं सदी में बना था।

## महाराष्ट्र में सीट बंटवारे में नया पेंच, हर जिले में प्रतिनिधित्व चाहती है राकांपा

एजेंसी। नई दिल्ली

**महाराष्ट्र में** कांग्रेस और उसकी सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने भले ही 125-125 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने पर सहमति जता दी है, लेकिन शरद पवार की पार्टी की राज्य के सभी 36 जिलों में प्रतिनिधित्व की मांग से दोनों पार्टियों के बीच सीटों के बंटवारे में नया पेंच फंस गया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जल्द ही इस बारे में फैसला कर लिया जाएगा कि दोनों पार्टियों एवं छोटे सहयोगी दलों के खाते में कौन-कौन सी सीटें जाएंगी।

दोनों पार्टियों की राज्य इकाई के नेता अपने और छोटे दलों के हिस्से की सीटें तय करने के लिए लगातार बैठकें कर रहे हैं। राज्य की सभी 288 सीटों के लिए 21 अक्टूबर को मतदान और 24 अक्टूबर को मतगणना है। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के एक वरिष्ठ नेता ने पीटीआई-भाषा को बताया, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की तरफ से हर जिले में कम से कम एक या दो सीट की मांग रखी गई है। यह हमारे लिए थोड़ा व्यवहारिक नहीं है क्योंकि राज्य में कई इलाके हैं जहां उसका कुछ खास असर नहीं है। उन्होंने कहा, दोनों पार्टियों में लगातार बातचीत चल रही है। कुछ दिनों के भीतर ही हम अपने हिस्से और छोटे दलों के लिए सीटों को तय कर लेंगे।

कांग्रेस के एक अन्य नेता ने कहा, राकांपा विदर्भ में कई सीटों की मांग कर रही है जबकि इस क्षेत्र में उसका कुछ खास आधार नहीं रहा है। इसी तरह उसने मुंबई की 36 सीटों में से 12 सीटों की मांग रख दी है जबकि 2009 में गठबंधन में रहते हुए वह सिर्फ सात सीटों पर लड़ी थी। वैसे, दोनों पार्टियों के बीच यह तय है कि दोनों तकरीबन उन सभी सीटों पर चुनाव लड़ेंगी जहां पिछली बार दोनों ने जीत हासिल की थी। पिछले चुनाव में दोनों अलग लड़े थे। कांग्रेस को 42 और राकांपा को 41 सीटें मिली थीं। कांग्रेस-राकांपा गठबंधन के सामने एक और दिक्कत 38 सीटों के साथ छोटे दलों को संतुष्ट करने की है। वे सपा, स्वाभिमानी पक्ष, वाम दल और कुछ अन्य छोटे दलों को साथ लेना चाहती हैं। हालांकि छोटे दलों ने 38 सीटों पर असन्तुष्टि जताई है। सूत्रों के मुताबिक लोकसभा चुनाव में करारी हार और अपने कई नेताओं के भाजपा-शिवसेना में जाने के बाद से बेहद चुनौतीपूर्ण स्थिति का सामना कर रही कांग्रेस एवं राकांपा पूरी कोशिश करेंगी कि छोटी पार्टियों को साथ लिया जाए। इस बीच, कांग्रेस जल्द ही अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करने की तैयारी में है। उसकी पहली सूची में वर्तमान विधायक और कई बड़े नेताओं के नाम शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण और अशोक चव्हाण, प्रदेश अध्यक्ष बालासाहेब थोराट, राज्य इकाई के वरिष्ठ नेता नितिन राउत, यशोमती ठाकुर विश्वजीत कदम, नाना पटोले और कई अन्य वरिष्ठ नेता चुनाव लड़ सकते हैं। पार्टी की महाराष्ट्र इकाई मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ दक्षिण-पश्चिम नागपुर विधानसभा सीट से भी किसी बड़े चेहरे को उतारने की कोशिश में है।

## जम्मू कश्मीर के लोगों को अब देश की मुख्यधारा में शामिल होने में मदद मिलेगी : जेपी नड्डा

एजेंसी। बेंगलुरु

**भाजपा के** कार्यकारी अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने रविवार को यहां कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से जम्मू- कश्मीर के लोगों को देश की मुख्यधारा में शामिल होने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह न केवल भारत के लोगों के लिए खुशी का पल है बल्कि जम्मू- कश्मीर के लोगों के लिए भी आनंद की बात है क्योंकि वे दोयम दर्जे के नागरिकों जैसा जीवन व्यतीत कर रहे थे। नड्डा ने यहां पैलेस मैदान में एक देश, एक संविधान विषय पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा, अब वे राष्ट्र की मुख्यधारा में शामिल हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में संसद ने सूचना का अधिकार अधिनियम और एससीएसटी कानून समेत कई महत्वपूर्ण कानूनों को पारित किया और अब उन्हें लागू किया जाएगा। नड्डा ने कहा कि अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को समाप्त किए जाने से दलितों को न्यायिक और प्रशासनिक सेवाओं में शामिल होने का भी अधिकार मिलेगा। पहले उनके पास ए अधिकार नहीं थे। उन्होंने कहा, इस तरह के प्रावधान थे कि पंजाब से जम्मू-कश्मीर गए दलित वहां सफाई कार्यों के लिए कोई अन्य काम नहीं करेंगे। उनके साथ अन्याय हो रहा था। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटाए जाने के निर्णय पर विश्व भारत के साथ खड़ा है। पाकिस्तान (कश्मीर मुद्दे पर) आज विश्व में अलग-थलग पड़ गया है। उन्होंने सात दशकों तक यह झूठ फैलाने के लिए विपक्षी दलों की निंदा की कि जम्मू को विशेष दर्जा प्राप्त है। नड्डा ने कहा, यह सच नहीं है कि अनुच्छेद 370 ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा दिया। यह राजनीतिक दलों द्वारा फैलाया गया एक ऐतिहासिक झूठ है। उन्होंने कहा, यदि आपने संविधान और अनुच्छेद 370 पढ़ा है, तो उसमें स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि यह अस्थाई है।

## अहिंसा, प्रेम, करुणा का प्रचार जरूरी : दलाई लामा

एजेंसी। मथुरा (उत्तर प्रदेश)

**दुनिया में** तेजी से बढ़ रही हिंसा पर दुख जताते हुए हुए तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने कहा है कि ऐसे समय में अहिंसा, प्रेम, करुणा और सहिष्णुता का प्रचार करना और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है ताकि लोगों के बीच धार्मिक सद्भाव बना रहे। धर्म गुरू ने कहा कि आज के दौर में हर तरफ हिंसा और हथियारों का बोलबाला है तथा सब एक-दूसरे को मारने-काटने में लगे हुए हैं। दलाई लामा आज उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद के महावन क्षेत्र में यमुना किनारे स्थित श्री उदासीन कार्षणि आश्रम में गुरुकुल के वेदपाल बालकों तथा आश्रम के अनुयायियों को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर रमणरेती आश्रम के महामण्डलेश्वर कार्षणि स्वामी गुरुशरणानन्द भी मौके पर मौजूद थे। 84 वर्षीय दलाई लामा जब आश्रम में पहुंचे तो वहां उपस्थित गुरुकुल के सैकड़ों वेदपाठी बालकों ने संस्कृत भाषा के श्लोकों व मंत्रों के बीच उनका विधि-विधान पूर्वक स्वागत किया। अपने स्वागत से



मथुरा के निकट कार्षणि आश्रम में एक हाथी को फल खिलाते तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा

अभिभूत दलाई लामा ने कहा, यह आश्रम हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति एवं संस्कृत भाषा को जीवंत रखकर अत्यधिक महत्वपूर्ण काम रहा है जिसके लिए यह प्रशंसा का पात्र है। तिब्बती धर्म गुरु ने कहाकि भारत की संस्कृत भाषा दुनिया की प्राचीनतम भाषाओं में से एक है, जिसमें भारतीय ही नहीं, जैन और बौद्ध धर्मों के भी साहित्य की रचना की गई है। बुद्धिज्म के नालंदा परम्परा से जुड़े बहुत से ग्रंथों की रचना पाली के साथ- साथ संस्कृत में की गई है। यही स्थिति जैन साहित्य की भी है। संस्कृत से अत्यधिक प्रभावित तिब्बती संत ने कहा, मुझे भी यह भाषा बहुत प्यारी लगती है। बचपन में मेरे गुरु ने भी मुझे यह भाषा सिखाने का प्रयास किया था, लेकिन दुर्भाग्य से मैं यह भाषा नहीं सीख पाया। मेरे लिए यह भाषा बहुत जटिल थी। धर्मगुरु ने कहा, इसी भाषा में वर्णित भारतीय संस्कृति ने हमें करुणा, प्रेम, अहिंसा, सहिष्णुता और धार्मिक सद्भाव जैसे संदेश दिए हैं। जिन्हें बनाए रखना भारत के लिए ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए जरूरी है। भारत में जिस प्रकार भिन्न-भिन्न धर्मों और विचारधारा को मानने वाले लोग एकसाथ धार्मिक सद्भाव बनाकर रहते हैं, वैसा उदाहरण पूरी दुनिया में कहीं भी देखने को नहीं मिलता। इसलिए दुनिया का साथ अरब से भी अधिक आबादी को सद्भाव के साथ जीने के लिए इस परम्परा को जीवंत रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बौद्ध दर्शन एवं भारतीय परम्परा के अनुसार जिन पांच महत्वपूर्ण विषयों (यथा - भाषा, चिकित्सा विज्ञान, शल्य चिकित्सा मनोविज्ञान व बौद्ध दर्शन की शिक्षा उस काल में अनिवार्य रूप से दी जाती थी, वह सब ज्ञान की संस्कृत भाषा में ही रचना की गई थी। यह एक अत्यंत प्राचीन, गंभीर भारतीय भाषा है। इस भाषा को बनाए रखने के लिए भारतीय प्रशंसा के पात्र हैं।

## स्वरा भास्कर ने पूरा किया बॉलीवुड का अपना सपना

एजेंसी। मुंबई



**बॉलीवुड** अभिनेत्री स्वरा भास्कर के फिल्मी करियर को देखा जाए तो यह सोच पाना मुश्किल है कि उनका सपना स्विट्जरलैंड की बर्फ से ढकी पहाड़ों में हिंदी सिनेमा की अभिनेत्रियों की तरह नाचना गाना था। भास्कर अपने इस सपने को पूरा करने के लिए टीवी पर दूरदर्शन देखा करती थीं और बाद में फिल्मी उद्योग में आईं और यहां पहले से बनी-बनाई एक तरह की सोच को चुनौती देना शुरू किया। स्वरा भास्कर के अभिनय की तारीफ तनु वेड्स मनु रांझणा और निल बट्टे सन्नाटा जैसी फिल्मों के लिए हो चुकी है। एक साक्षात्कार में भास्कर ने कहा कि उनकी यह यात्रा कठिन और मेहनत से भरी रही है लेकिन यह कुछ ऐसा है कि जिसने उन्हें गढ़ा है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि जेएनयू की एक छात्रा यहां कैसे पहुंची। मेरा मानना है कि यह बॉलीवुड का आकर्षण है। हम जब बड़े हो रहे थे तो यह हमारे केंद्र में था। भास्कर ने स्नातक की पढ़ाई दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस और मास्टर डिग्री जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) से हासिल की है। जेएनयू से ही उन्होंने नुक्कड़ नाटक भी करना शुरू किया। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड के हिसाब से मैं सही पसंद नहीं थी। अभिनेत्री ने याद करते हुए कहा कि जब पहली बार उनका मेकअप हुआ तो वह ऑटो में रोने लगी थी। भास्कर लगातार सरकार के खिलाफ भी अपनी आवाज उठाती रहती हैं लेकिन सार्वजनिक रूप से अपनी बातों को लेकर मुखर होने की एक कीमत अदा करनी होती है। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से यह मेरे काम को प्रभावित करता है। मैं जानती हूं कि मुझे उतनी ज्यादा मुख्यधारा की फिल्में नहीं मिलती है, जितनी मिलनी चाहिए। हालांकि किसी ने मुझे विवादित होने के आधार पर काम देने से मना नहीं किया। अगर वह आपस में इस पर चर्चा करते हैं तो मुझे नहीं पता।

# पेट्रोनेट अमेरिका में करेगी 2.5 अरब डॉलर का निवेश

● सालाना 50 लाख टन एलएनजी का होगा आयात

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**अमेरिका** की प्राकृतिक गैस कंपनी टेल्यूरियन इंक और भारत की पेट्रोनेट एलएनजी कंपनी लि. (पीएलएल) ने एक सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत पीएलएल और उसकी सहायक इकाइयां अमेरिका से सालाना 50 लाख टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का आयात करेंगी। दोनों कंपनियों ने शनिवार को इसकी घोषणा की।

सूत्रों के अनुसार पेट्रोनेट द्वारा टेल्यूरियन की ड्रिफ्टवुड परियोजना में 2.5 अरब डॉलर का निवेश कर 20 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी भी हासिल करेगी। इस समझौते को अमेरिका के एलएनजी क्षेत्र में किसी भारतीय कंपनियों की तरफ से सबसे बड़ा सौदा बताया जा रहा है। इस करार के तहत पेट्रोनेट और उसकी सहायक इकाइयां अमेरिका से 40 साल की लंबी अवधि तक 50 लाख टन एलएनजी का आयात करेगी। इस करार के तहत एलएनजी प्राप्त करने के लिए पीएलएल, लुइसियाना की 28 अरब डॉलर की इस बड़ी परियोजना में इक्विटी निवेश करेगी। दोनों कंपनियों का इरादा इस करार को 31 मार्च, 2020 तक अंतिम रूप देने का है। यह घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शनिवार को अमेरिका की शीर्ष पेट्रोलियम कंपनियों के मुख्य कार्यकारियों (सीईओ) के साथ हुई बैठक के बाद की गई। टेल्यूरियन ने बयान में कहा कि एमओयू पर दस्तखत प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में किए गए। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि इस बैठक से इतर टेल्यूरियन और पेट्रोनेट एलएनजी के बीच करार पर दस्तखत किए गए। पेट्रोनेट द्वारा टेल्यूरियन के प्रस्तावित ड्रिफ्टवुड एलएनजी एक्सपोर्ट टर्मिनल में 2.5 अरब डॉलर का निवेश किया जाएगा। इसके एवज में उसे 40 साल तक हर वर्ष 50 लाख टन एलएनजी का अधिकार मिलेगा। टेल्यूरियन के अध्यक्ष एवं सीईओ मेग जेंटल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में इस एमओयू पर दस्तखत सम्मान की बात है। हम पेट्रोनेट के साथ ड्रिफ्टवुड परियोजना में एक लंबी और समृद्ध भागीदारी की उम्मीद कर रहे हैं। पेट्रोनेट भारत की सबसे बड़ी एलएनजी आयातक है। इस करार से वह ड्रिफ्टवुड से स्वच्छ तथा कम लागत वाली बेहतर प्राकृतिक गैस की भारत में आपूर्ति कर सकेगी। जेंटल ने कहा कि भारत में प्राकृतिक गैस का इस्तेमाल बढ़ने से भारत प्रधानमंत्री के 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ सकेगा और साथ ही स्वच्छ पर्यावरण में भी योगदान दे सकेगा। ड्रिफ्टवुड परियोजना में प्राकृतिक गैस उत्पादन, संग्रहण, प्रसंस्करण और परिवहन सुविधाओं के साथ ड्रिफ्टवुड एलएनजी शामिल है। यह एक प्रस्तावित 2.76 करोड़ टन की द्रवीकरण निर्यात सुविधा है। इसकी स्थापना अमेरिकी के खाड़ी तट पर लुइसियाना चार्ल्स झील के पास की जाएगी।

## भारत में आईसीटी उत्पादों पर आयात शुल्क मामले में अब विवाद समिति का फैसला चाहता है अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका चाहता है कि भारत में कुछ सूचना एवं संचार (आईसीटी) उत्पादों पर आयात शुल्क लगाए जाने के मामले के निपटान के लिए विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की विवाद समाधान समिति फैसला करे। इन आईसीटी उत्पादों में मोबाइल फोन, कलपुर्जे, बेस स्टेशन आदि शामिल हैं। अमेरिका ने जुलाई में भारत द्वारा आईसीटी उत्पादों पर आयात शुल्क लगाए जाने के मामले में डब्ल्यूटीओ में विवाद निपटान व्यवस्था के तहत विचार विमर्श की प्रक्रिया शुरू करने को कहा था। अमेरिका ने भारत पर वैश्विक व्यापार नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। बहरहाल, दोनों देश विचार विमर्श के जरिए मामले को सुलझाने में असफल रहे हैं, इसलिए अमेरिका ने अब विवाद समाधान समिति गठित करने की मांग की है। डब्ल्यूटीओ नियमों के तहत किसी व्यापारिक मुद्दे पर उठे विवाद को सुलझाने में द्विपक्षीय विचार विमर्श पहला कदम होता है। डब्ल्यूटीओ को अमेरिका की ओर से भेजी गई सूचना में कहा गया है कि उसने भारत के साथ संबंधित मुद्दों पर एक अगस्त, 2019 को विचार विमर्श किया।




## आयकर विभाग के नाम से ईमेल भेज कर जानकारियां चुराने का प्रयास कर रहे हैकर: सीईआरटी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सरकारी साइबर** सुरक्षा एजेंसी ने लोगों को आयकर विभाग के नाम से भेजे जा रहे नकली ई-मेल के प्रति सावधान किया है। एजेंसी ने कहा है कि आयकर विभाग की आड़ में करदाताओं की सूचना चुराने वाला एक कंप्यूटर मालवेयर इन दिनों भारतीय साइबरस्पेश में चल रहा है।

एजेंसी ने जारी चेतावनी में कहा है कि इनदिनों कई लोगों को एक ईमेल मिल रहा है, जिसे देखने में प्रतीत होता है कि आयकर विभाग ने भेजा है। जबकि वास्तव में यह हैकरों का तैयार किया मालवेयर है जो कंप्यूटर से जानकारियां चुराता है। इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी-इंडिया) द्वारा जारी परामर्श के अनुसार, कम से कम 12 सितंबर से फिशिंग एवं मालवेयर का यह गोरखधंधा सक्रिय है और यह लोगों समेत वित्तीय संगठनों को निशाना बना रहा है। ए फर्जी ईमेल देखने में आयकर विभाग के मालूम पड़ते हैं। एक वरिष्ठ कर अधिकारी ने कहा कि लोग आयकर भरने, रिफंड का दावा करने तथा अन्य कार्यों को लेकर आयकर विभाग के प्रति अधिक सजग रहते हैं। इसी कारण धोखाधड़ी करने वाले लोग आयकर विभाग का नाम इस्तेमाल कर लोगों को ई-मेल भेजते हैं। उन्होंने कहा, आपको अपने आयकर रिकार्ड या बैंकिंग के मसलों से जुड़े संदिग्ध ईमेल से बचाव करना महत्वपूर्ण है। विभाग ने इस तरह की धोखाधड़ी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कई अभियान चलाए हैं। परामर्श में बताया गया कि कम से कम दो तरह के ई-मेल पाए गए हैं। पहले तरीके वाले ई-मेल में डॉट आईएमजी या डॉट पीआईएफ फाइल अटैच होता है। दूसरी तरह के ई-मेल में लोगों को एक डॉट पीआईएफ फाइल डाउनलोड करने के लिए कहा जाता है, जिसके लिए इनकमटैक्सइंडिया डॉट इंफो डोमेन पर जाने के लिए कहा जाता है। परामर्श में कहा गया कि उक्त डोमेन को अब बंद कर दिया गया है। सीईआरटी ने लोगों को संदिग्ध स्रोतों से कोई फाइल डाउनलोड करने, संदिग्ध ईमेल में अटैच फाइल को खोलने तथा इस तरह के ईमेल में दिए गए लिंक पर क्लिक करने से मना किया है।

## पेट्रोल के दाम 27 पैसे और बढ़े, डीजल 18 पैसे महंगा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सऊदी अरब** के तेल संयंत्रों पर हमले के बाद से दुनिया भर में कच्चे तेल के बाजार बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इसके चलते लगातार पिछले छह दिन में दिल्ली में पेट्रोल के दाम 1.59 रुपए लीटर और डीजल के 1.31 रुपए लीटर चढ़ चुके हैं। रविवार को दिल्ली में पेट्रोल कीमतों में 27 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि हुई। इससे अब दिल्ली में पेट्रोल 73.62 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच चुका है। वहीं दिल्ली में डीजल कीमतों में 18 पैसे लीटर की और वृद्धि हुई है। इस तरह दिल्ली में डीजल 66.74 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच चुका है।

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की अधिसूचना के अनुसार ईंधन के दामों में लगातार छठे दिन बढ़ोतरी हुई है। 17 सितंबर से पेट्रोल के दामों में कुल 1.59 रुपए लीटर की वृद्धि हुई है। वहीं इस दौरान डीजल 1.31 रुपए लीटर महंगा हुआ है। सऊदी अरामको के संयंत्रों पर ड्रोन हमलों के बाद से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की आपूर्ति में पांच प्रतिशत की कमी आई है। हालांकि, सऊदी अरब ने कहा है कि वह आपूर्ति को जल्द सामान्य कर लेगा, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि इस झटके का असर वैश्विक बाजारों पर कई वर्ष तक दिखाई देगा। सऊदी अरब द्वारा भारत को हर महीने 20 लाख टन कच्चे तेल की आपूर्ति की जाती है। सितंबर माह के लिए इसमें से 12 से 13 लाख टन की आपूर्ति मिल चुकी है। शेष आपूर्ति भी जल्द मिलने की उम्मीद है। पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सऊदी अरब के पेट्रोलियम मंत्री से भी इस बारे में बात की है। सऊदी अरब ने भारत को कच्चे तेल की आपूर्ति कायम रखने का भरोसा दिलाया है।

## बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 361 परियोजनाओं की लागत 3.77 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

**नई दिल्ली।** देरी और अन्य कारणों से देश की 361 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की लागत में कुल 3.77 लाख करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हो चुकी है। ए सभी परियोजनाएं 150 करोड़ रुपए और उससे अधिक लागत वाली हैं। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपए और उससे अधिक की लागत की परियोजना की निगरानी करता है। कुल 1,623 परियोजनाओं में से 361 परियोजनाओं की लागत बढ़ गई है और 496 परियोजनाओं में देरी हुई है। मंत्रालय की मई, 2019 की रिपोर्ट के अनुसार 1,623 परियोजनाओं की कुल मूल लागत 19,25,107.47 करोड़ रुपए थी। अब इन परियोजनाओं के पूरे होने की अनुमानित लागत बढ़कर 23,02,230.50 करोड़ रुपए के आसपास हो चुकी है। इसके चलते परियोजनाओं की लागत में मूल लागत से 19.59 प्रतिशत यानी 3,77,123.03 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, इन परियोजनाओं पर मई, 2019 तक 8,91,512.91 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। यह परियोजनाओं की अनुमानित लागत का 38.72 प्रतिशत है। हालांकि, रिपोर्ट कहती है कि परियोजनाओं को पूरा करने के नए कार्यक्रमों को देखा जाए तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 399 रह गई है।

## सरकार ने एनसीएलटी के कंपनियों के मामलों की जांच के आदेश को एनसीएलएटी में चुनौती दी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**गंभीर** धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) की ओर से केंद्र ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के एक आदेश के खिलाफ एनसीएलएटी का दरवाजा खटखटाया है। एनसीएलटी ने जांच एजेंसी को दो कंपनियों के कामकाज की जांच करने के निर्देश दिए थे। केंद्र ने तर्क दिया है कि दिवाला न्यायाधिकरण के पास इस तरह की जांच का आदेश देने का अधिकार नहीं है।

एसएफआईओ ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के समक्ष प्रस्तुत याचिका में कहा कि वह एक सांविधिक जांच कार्यालय है और केवल कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय ही उसे कंपनियों के मामलों की जांच करने का निर्देश दे सकता है। यह मामला पिछले सप्ताह सुनवाई के लिए एनसीएलएटी के समक्ष रखा गया था। जिसके बाद न्यायाधिकरण ने एनसीएलटी की प्रधान पीठ के लग्जरी ट्रेन प्राइवेट लिमिटेड और जाइंक एक्सपोर्ट्स के मामलों में जांच करने के आदेश को रोक दिया है। एनसीएलएटी के चेयरपर्सन न्यायमूर्ति एस.जे. मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली तीन सदस्ईय पीठ ने 19 सितंबर को कहा, अगले आदेश तक एनसीएलटी के 24 जुलाई और 26 जुलाई, 2019 दोनों आदेश पर रोक रहेगी। हालांकि, एनसीएलएटी पीठ ने यह भी कहा कि कानून के अनुसार प्रक्रिया जारी रहेगी। पीठ ने दोनों याचिकाओं पर 22 अक्टूबर, 2019 को सुनवाई का आदेश दिया। एनसीएलटी, दिल्ली की प्रधान पीठ ने 24 जुलाई और 26 जुलाई को क्रमश: दो अलग आदेश जारी करते हुए एसएफआईओ की याचिका खारिज कर दी थी। याचिका में अपने आदेश को संशोधित करने और दोनों कंपनियों के मामले में जांच के लिए कॉरपोरेट धोखाधड़ी की जांच करने वाली एजेंसी के बजाय क्षेत्रीय निदेशक (उत्तरी क्षेत्र) को निर्देश देने का आग्रह किया गया था। गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय ने तर्क दिया कि एनसीएलटी के पास कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामलों की जांच करने का निर्देश देने का अधिकार नहीं है।





## सरकारी उपायों से सीमेंट उद्योग में आएगा सुधार

● जेके सीमेंट को दस हजार करोड़ के कारोबार की उम्मीद

**एजेंसी।** जयपुर

**कंपनियों** के लिए कर दर में कटौती करने के सरकार के कदम का स्वागत करते हुए प्रमुख सीमेंट कंपनी जे के सीमेंट ने कहा कि इन उपायों से सीमेंट उद्योग में भी सुस्ती दूर होगी और कारोबार बढ़ेगा। कंपनी को उम्मीद है कि आने वाले कुछ वर्षों में उसका कारोबार बढ़कर 10,000 करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा।

जे के सीमेंट के अध्यक्ष (विपणन) पुष्पराज सिंह ने भाषा को बताया, कारोबार बढ़ाने के लिए हम उत्तर प्रदेश में अलीगढ़ और गुजरात के बालासिनोर में अपनी नई इकाई लगा रहे हैं। इसमें अलीगढ़ कारखाने की क्षमता 15 लाख टन होगी जबकि बालासिनोर कारखाने की क्षमता 10 लाख टन सालाना होगी। कंपनी अपनी क्षमता विस्तार परियोजनाओं पर कुल मिलाकर 2,000 करोड़ रुपए खर्च कर रही है। उन्होंने कहा कि इन कारखानों पर काम चल रहा है और अलीगढ़ कारखाने से उत्पादन इसी साल अक्तूबर में शुरू होने की उम्मीद है जबकि बालासिनोर कारखाने से अगले साल फरवरी तक उत्पादन शुरू हो जाएगा। इन दोनों कारखानों के चालू होने के बाद जे के सीमेंट की कुल उत्पादन क्षमता बढ़कर 1.5 करोड़ टन सालाना तक पहुंच जाएगी और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। सिंह ने कहा, हमारा समग्र लक्ष्य 10,000 करोड़ रुपए के कारोबार वाली कंपनी बनना है। इसमें एक दो साल का समय लग सकता है लेकिन हम इस दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं।




# इस सप्ताह शेयर बाजारों की धारणा मजबूत रहेगी

● जोरदार उछाल के बाद कुछ करेक्शन की संभावना : विशेषज्ञ

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**शेयर बाजारों** में इस सप्ताह धारणा मजबूती की रहेगी। हालांकि, शुक्रवार को दर्ज भारी-भरकम बढ़त के बाद सप्ताह के दौरान बाजार में कुछ करेक्शन आ सकता है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को सबको हैरान करते हुए कॉरपोरेट कर की दरों में कटौती की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रतिभूति की बिक्री से होने वाले पूंजीगत लाभ पर बढ़ा हुआ अधिभार लागू नहीं होगा। इससे बंबई शेयर बाजार के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स ने शुक्रवार को 1,921 अंक की लंबी छलांग लगाई। यह एक दशक से अधिक में किसी कारोबारी दिन में सेंसेक्स की सबसे ऊंची बढ़त है। इसके अलावा जीएसटी परिषद ने होटल शुल्क तथा कुछ सामान पर भी कर की दरें घटाने की घोषणा की है। सैमको सिक्योरिटीज एंड स्टॉकनोट के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिमीत मोदी ने कहा, शुक्रवार को जोरदार तेजी के बाद अब बाजार में कुछ करेक्शन आ सकता है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक अपनी लिवाली कब शुरू करते हैं और वे करों में कटौती को किस रूप में लेते हैं। मौजूदा कंपनियों के लिए मूल कॉरपोरेट कर की दर को 30 से घटाकर 22 प्रतिशत किया गया है। वहीं एक अक्टूबर, 2019 के बाद स्थापित होने वाली नई विनिर्माण कंपनियों के लिए इसे 25 से घटाकर 15 प्रतिशत किया गया है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजार में अब उत्साह लौटेगा। नए वित्तीय उपायों की घोषणा से घरेलू बाजार में सुस्ती की आशंका दूर होगी। एफपीआई के लिए अब भारतीय बाजारों में लौटने की वजह है। इस प्रगतिशील कदम से उपभोग और निवेश बढ़ेगा। बीते सप्ताह बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स साप्ताहिक आधार पर 629.63 अंक या 1.68 प्रतिशत की बढ़त में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 198.30 अंक या 1.79 प्रतिशत के लाभ में रहा। विश्लेषकों का कहना है कि इस सप्ताह वृहद आर्थिक मोर्चे पर कोई आंकड़ा नहीं आना है। ऐसे में बाजार की दिशा काफी हद तक रुपए के रुख, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और विदेशी निवेशकों के निवेश के रुख से तय होगी।

## सेंसेक्स की शीर्ष दस में से छह कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.15 करोड़ रुपए बढ़ा

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**सेंसेक्स की** शीर्ष दस कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) बीते सप्ताह 1.15 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के पूंजीकरण में सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कॉरपोरेट कर में कटौती समेत अन्य उपाय करने से शुक्रवार को सेंसेक्स में 1,921 अंक की तेजी दर्ज हुई। यह एक दशक से अधिक में सेंसेक्स की एक दिन की सबसे बढ़त है। इसी के साथ साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 629.63 अंक यानी 1.68 प्रतिशत बढ़ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई अन्य कंपनियां रहीं, जिनका बाजार पूंजीकरण बढ़ा है। इसके विपरीत टीसीएस, एचडीएफसी, इन्फोसिस और आईटीसी के पूंजीकरण में गिरावट दर्ज की गई। शीर्ष दस कंपनियों में, एचडीएफसी बैंक के बाजार पूंजीकरण में सबसे ज्यादा वृद्धि हुई। बैंक का बाजार मूल्यांकन 39,375.82 करोड़ रुपए बढ़कर 6,56,546.37 करोड़ रुपए रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 35,697.75 करोड़ रुपए चढ़कर 4,26,403.03 करोड़ रुपए हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिडेट का बाजार पूंजीकरण 18,288.37 करोड़ बढ़कर 7,95,179.62 करोड़ रुपए और कोटक महिंद्रा बैंक का पूंजीकरण 10,494.42 करोड़ रुपए की बढ़त के साथ 2,93,824.83 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार मूल्यांकन 8,924.61 करोड़ रुपए उछलकर 2,69,255.53 करोड़ रुपए और आईसीआईसीआई बैंक का पूंजीकरण 2,655.01 करोड़ रुपए चढ़कर 2,69,529.14 करोड़ रुपए हो गया।

वहीं, दूसरी ओर टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 28,424.3 करोड़ रुपए लुढ़ककर 7,75,092.58 करोड़ रुपए पर आ गया। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 10,329.6 करोड़ रुपए गिरकर 3,45,793.87 करोड़ रुपए और एचडीएफसी का बाजार मूल्यांकन 5,792.01 करोड़ घटकर 3,54,270.94 करोड़ रुपए रह गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 2,211.29 करोड़ रुपए घटकर 2,92,566.88 करोड़ रुपए रह गई। सेंसेक्स की शीर्ष दस कंपनियों में बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर रही। इसके बाद टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई का स्थान रहा।

## कॉरपोरेट कर में कमी से बैंकिंग एफएमसीजी का होगा फायदा

● दवा, आईटी कंपनियां रहेंगी बेअसर

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**आईसीआईसीआई** डायरेक्ट रिसर्च का मानना है कि कॉरपोरेट कर दरें घटाने से बैंकिंग और एफएमसीजी क्षेत्र को तो फायदा होगा, लेकिन आईटी और दवा कंपनियों को इससे कोई ठोस फायदा नहीं होगा क्योंकि इनके लिए कॉरपोरेट कर की प्रभावी दरें पहले से ही कम हैं।

उसने एक रिपोर्ट में कहा, सरकार ने शुक्रवार को कॉरपोरेट कर की दर करीब 35 प्रतिशत से घटाकर 25.17 प्रतिशत करने की घोषणा की है। इससे लगता है कि सरकार प्रत्यक्ष कर संहिता के अपने महत्वपूर्ण एजेंडे पर काम कर रही है। यह वृद्धि को सुधारने के लिए तथा हाल में सुस्त चल रही धारणा को बल देने के लिए बड़ा कदम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसका तत्काल फायदा घरेलू कॉरपोरेट जगत में नकदी प्रवाह बढ़ने के रूप में सामने आएगा। इस बढ़ी हुई नकदी का इस्तेमाल वह या तो कर्ज कम करने या क्षमता बढ़ाने को होने वाले निवेश में किया जा सकता है। इसके साथ ही 2023 तक चालू होने वाली नई विनिर्माण कंपनियों के लिए कॉरपोरेट कर की दर को घटाकर 15 प्रतिशत करने से वैश्विक पूंजी आकर्षित होगी और निवेश के चक्र को गति मिलेगी। रिपोर्ट के अनुसार, इसके कारण बैंकिंग और एफएमसीजी क्षेत्र में क्रमश: 48.20 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की सालाना सकल वृद्धि दर देखी जा सकती है जो इससे पहले क्रमश: 42.20 प्रतिशत और 12.20 प्रतिशत थी। इनके इतर आईटी और दवा कंपनियों के लिए कोई तेजी नहीं होगी क्योंकि उनकी मौजूदा कर की दर पहले से ही कम है। आईसीआईसीआई डायरेक्ट रिसर्च ने क्षेत्रवार विश्लेषण करते हुए कहा कि वाहनों के कल-पुर्जे बनाने वाली कंपनियों को कर छूट से फायदा होगा। उसने कहा, वाणिज्यिक वाहनों के विनिर्माताओं को निजी खर्च चक्र शुरू होने से लाभ होगा।

# हाउडी मोदी को लेकर अमेरिकी भारतीयों में दिखा गजब का उत्साह

एजेंसी। ह्यूस्टन

**अमेरिका में** भारतीय मूल के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हाउडी, मोदी महारैली को लेकर काफी उत्साहित नजर आए और उन्हें लगता है कि यह कार्यक्रम द्विपक्षीय संबंधों को नए स्तर पर ले जाएगा। डलास में रहने वाले अशोक मागो ने कहा कि हाउडी, मोदी दोनों नेताओं के लिए दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के साझा मूल्यों और सिद्धांतों को संसार को दिखाने का अवसर है। उन्होंने कहा, इस मुलाकात की अहमियत बहुत है।

ह्यूस्टन में एलिंगटन फील्ड ज्वाइंट रिजर्व बेस में ट्रंप का स्वागत करने के लिए इंतजार करने वाले मागो ने पीटीआई-भाषा से कहा, हाउडी मोदी दिखाता है कि राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिका-भारत संबंध को मजबूत करना चाहते हैं और इस ओर प्रतिबद्ध हैं। मुझे नहीं लगता कि राष्ट्रपति ट्रंप ने इस तरह किसी विदेशी नेता के साथ मंच साझा किया है। भारत-अमेरिका रिश्ते को सुदृढ़ बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले प्रतिष्ठित भारतीय अमेरिकी मागो भारतीय मूल के उन चार अमेरिकियों में से एक हैं जिन्हें ज्वाइंट रिजर्व बेस पर ट्रंप के आगमन पर उनसे मिलने का व्हाइट हाउस की ओर न्योता मिला है। मागो के साथ वायु सेना अड्डे पर आए पीयूष पटेल ने कहा कि यह एक सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने कहा, मेरे हिसाब से यह महारैली भारत-अमेरिका संबंध को बिल्कुल नए स्तर पर ले जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत के साथ सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र की तरह व्यवहार किया जाना चाहिए जैसा कि प्रमुख यूरोपीय देशों के साथ किया जाता है। उनके अनुसार, रक्षा, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा सहयोग के ऐसे महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं जो संबंधों को नए स्तर पर ले जाएंगे।

सुनील मैनी ने कहा, ट्रंप और मोदी का ह्यूस्टन में 50,000 भारतीय अमेरिकियों को संबोधित करने के दोनों देशों तथा समुदाय के लिए काफी मायने हैं। उन्होंने कहा, आज ट्रंप और मोदी के जैसा कोई अन्य नेता नहीं हैं। दोनों के लिए देश पहले है। दोनों देश के लोगों के लिए काम कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि गैर लाभकारी टेक्सास इंडिया फोरम की तरफ से आयोजित साझे सपने, उज्ज्वल भविष्य कार्यक्रम में अमेरिका में भारतीय मूल के अमेरिकी लोगों के शानदार योगदान पर प्रकाश डाला गया और इसमें अमेरिका और भारत के बीच मजबूत और लंबी साझीदारी पर चर्चा की गई। आयोजकों ने कहा कि करीब 90 मिनट के इस रंगारंग कार्यक्रम में टेक्सास और अमेरिका भर से करीब 400 कलाकार भाग लिया। लाइव और मल्टीमीडिया प्लेटफॉर्म पर 27 समूह प्रदर्शन किया जो भारतीय मूल के अमेरिकी समुदाय की विविधता प्रदर्शित किया गया।



ह्यूस्टन में टेक्सास के जॉर्ज बुश अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते अमेरिका में भारतीय राजदूत हर्षवर्धन श्रृंगला व भारत में अमेरिकी राजदूत केनेथ जस्टर



ह्यूस्टन में भारतीय समुदाय के लोगों से मिलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## सिख प्रतिनिधि मंडल ने मोदी का जताया आभार

**ह्यूस्टन।** समूचे अमेरिका से सिखों के 50 सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल ने यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और काली सूची से समुदाय के 300 से अधिक लोगों के नाम हटाने के लिए उनका शुक्रिया अदा किया। प्रतिकूल सूची या काली सूची को लेकर विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों की समीक्षा बैठक के बाद भारत सरकार ने देश-विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप में काली सूची में दर्ज 312 विदेशी सिख नागरिकों के नाम इस सूची से हटा दिए थे। समुदाय के सदस्यों ने शनिवार को ह्यूस्टन में मोदी से मुलाकात की और उन्हें पारंपरिक सिरोपा भेंट किया। उन्होंने काली सूची में दर्ज सिख अमेरिकी नागरिकों के नाम हटाने के लिए उनका शुक्रिया अदा किया। प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहे इंडियाना के गुरिंदर सिंह खालसा ने कहा, हमने प्रधानमंत्री से राजनीतिक शरण चाहने वाले सिखों के लिए वीजा और पासपोर्ट सेवा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया क्योंकि यह अमेरिका में बड़ी तादाद में रहने वाले सिख समुदाय के लिए ऐसे समय में अहम है जब हम गुरु नानक देव जी का 550वां प्रकाश वर्ष मनाने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बाद में ट्वीट किया, ह्यूस्टन में सिख समुदाय के लोगों के साथ मेरी शानदार बातचीत हुई। भारत के विकास को लेकर उनका जुनून देखकर मुझे अच्छा लगाउ मोदी ने सिख प्रतिनिधिमंडल को कुछ देर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में उनके पास उन्हें बताने के लिए चौंकाने वाली खुशखबरी होगी। लेकिन इसके लिए उन्हें कुछ समय इंतजार करना होगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने ट्वीट किया कि समुदाय के सदस्यों ने मोदी को भारत सरकार द्वारा लिए गए कुछ साहसिक फैसलों पर बधाई दी। प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री से गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश वर्ष के उपलक्ष्य में नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का नाम बदलकर उसे गुरु नानक देव अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा करने का अनुरोध किया। खालसा ने कहा, उन्होंने दिल से बात की। वह सिख समुदाय के सच्चे हितैषी हैं। प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री को अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन भी सौंपा।

## ह्यूस्टन पहुंच कर मोदी ने कहा हाउडी ह्यूस्टन

**ह्यूस्टन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकी समुदाय को संबोधित करने तथा अनेक कार्यक्रमों में शिरकत करने के लिए शनिवार को यहां पहुंचे और उन्होंने यहीं के अंदाज में कहा हाउडी ह्यूस्टन। मोदी ने दोपहर यहां पहुंचने के बाद ट्वीट किया हाउडी ह्यूस्टन। साथ ही कहा, ह्यूस्टन में दोपहर में मौसम अच्छा है। इस गतिशील और ऊर्जावान शहर में आज और कल अनेक कार्यक्रमों के प्रति आशान्वित हूं। मोदी का दिन में समुदाय के नेताओं से और अग्रणी ऊर्जा कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ मुलाकात का कार्यक्रम है। अमेरिका में भारतीय दूत हर्षवर्धन श्रृंगला और भारत में अमेरिकी दूत केनेथ जस्टर तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रधानमंत्री की अगवानी की। हवाई अड्डे और होटल के प्रवेश द्वार पर लोग हाथों में भारत और अमेरिका का झंड़ा ले कर उनके स्वागत में खड़े दिखाई दिए। हाउडी मोदी कार्यक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी मौजूद रहेंगे और मोदी 50,000 से ज्यादा भारतीय-अमेरिकी लोगों को संबोधित करेंगे। ह्यूस्टन के बाद मोदी न्यूयार्क जाएंगे। मोदी मंगलवार को ट्रंप से न्यूयार्क में मिलेंगे। न्यूयार्क की बैठक में आगामी वर्षों के लिए दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों की दिशा तय होने की संभावना है।

## बलोच, सिंधी और पख्तून समूहों को मोदी, ट्रंप से मदद की आस

**ह्यूस्टन।** सिंधी, बलोच और पख्तून समूह के प्रतिनिधि अमेरिका के ह्यूस्टन स्थित एनआरजी स्टेडियम के सामने रविवार को एकसाथ प्रदर्शन कर पाकिस्तान से आजादी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ध्यान आकर्षित कराएंगे। पूरे अमेरिका से बलोच अमेरिकी, सिंधी अमेरिकी और पख्तून अमेरिकी समुदाय के लोग शनिवार को यहां पहुंचे हैं। अमेरिका में अपनी तरह के इस पहले प्रदर्शन में तीनों समुदाय के लोग एक साथ पाकिस्तान से आजादी के लिए भारत और अमेरिका के नेताओं से मदद की गुहार लगाएंगे। समूहों के सदस्यों ने शनिवार को आरोप लगाया कि पाकिस्तान सरकार उनके समुदाय के लोगों के मानवाधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन कर रही है। अमेरिका में बलोच नेशनल मूवमेंट के प्रतिनिधि नबी बक्श बलोच ने पीटीआई-भाषा से कहा, हम पाकिस्तान से आजादी की मांग कर रहे हैं। भारत और अमेरिका को हमारी मदद करनी चाहिए है ठीक वैसे ही जैसे 1971 में भारत ने बांग्लादेश के लोगों की मदद की थी। उन्होंने कहा, हम यहां प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप से हमारे उद्देश्यों के वास्ते समर्थन का अनुरोध करने के लिए हैं। पाकिस्तान सरकार बड़े पैमाने पर बलोच लोगों के मानवाधिकार का हनन कर रही है। 100 से अधिक अमेरिकी सिंधी शनिवार को यहां पहुंचे। वे एनआरजी स्टेडियम के सामने एकत्र होने की योजना बना रहे हैं जहां पर रविवार को मोदी का हाउडी मोदी कार्यक्रम होना है। उन्हें उम्मीद है कि आजादी की मांग करने वाले पोस्टर-बैनर पर मोदी और ट्रंप का ध्यान जाएगा। जिय सिंध मुताहिदा मुहाज़ के जफर सहितो ने कहा, यह सबसे बड़े और पुराने लोकतंत्रों-स्वतंत्र विश्व के नेताओं की ऐतिहासिक रैली है। हम सिंध के लोग पाकिस्तान से आजादी चहते हैं। जिस तरह से 1971 में भारत ने बांग्लादेश की आजादी में मदद में की, हम वैसे सिंध के लिए अलग देश चाहते है।

# जावड़ेकर ने दोहराया, संवहनीय विकास चाहता है भारत

एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र

**पर्यावरण,** वन एवं जलवायु परिवर्तन मामलों के केन्द्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने संयुक्त राष्ट्र के एक मंच पर कहा कि भारत संवहनीय तरीके से विकास करेगा लेकिन साथ ही सुनिश्चित करेगा कि उसके नागरिकों को विकास के सभी लाभ मिलें।



संयुक्त राष्ट्र के क्लाइमेट एक्शन समिट में उद्योगों के रूपांतरण से जुड़े एक कार्यक्रम के दौरान जावड़ेकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट मॉडल को रेखांकित किया। इसमें उत्पादित वस्तु में कोई खामी नहीं होती है और न ही उत्पादन के दौरान पर्यावरण पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जावड़ेकर ने कहा, मेरा देश विकास के रास्ते पर है। मैं (विकास की चाहत रखने वाले) अपने लोगों से वह नहीं छीन सकता। हम स्थिर विकास चाहते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस की ओर से आयोजित क्लाइमेट एक्शन समिट का लक्ष्य 2016 पेरिस समझौते के क्रियान्वयन को बढ़ावा देना है। इसमें आपस में जुड़े नौ क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाएगा। इन सभी बदलावों का नेतृत्व 19 देश करेंगे और अंतरराष्ट्रीय संगठन उनकी सहायता करेंगे। इनमें से उद्योगों में बदलाव के नेतृत्व की जिम्मेदारी भारत और स्वीडन की है।

जावड़ेकर ने कहा कि यह नौ रास्ते पेरिस समझौते के लक्ष्यों को पाने में मदद करेंगे। मंत्री ने कहा कि कार्बन एकत्र करने की बात वर्षों से हो रही है, लेकिन अभी तक उसे बड़े पैमाने पर लागू नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत में पहला ऐसा परिसर बनने वाला है, जो कार्बन एकत्र करेगा। उन्होंने कहा, ऐसे में कार्बन उत्सर्जन होगा, जिसे एकत्र करके दूसरी फैक्टरियों में कच्चे माल की तरह इस्तेमाल किया जाएगा। यह बड़ी बात है। जावड़ेकर ने प्रति एक टन पर छह डॉलर कर की भारतीय नीति की जानकारी देते हुए इसे सही और कड़ी नीति बताई। उन्होंने कहा, ऐसा इसलिए है ताकि उद्योग यह सोचना शुरू करें कि वे कोयले का उपयोग कम कैसे कर सकते हैं और कैसे दूसरे विकल्पों का इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत शायद पहला ऐसा देश है, जहां ऐसी नीति है। भारत का सीमेंट उद्योग सबसे कम कार्बन उत्सर्जन करने का उद्योग है।

जावड़ेकर ने कहा कि भारतीय विमानन उद्योग जैवईंधन की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, देहरादून से दिल्ली तक जैवईंधन इथेनॉल से हमारी पहली उड़ान सफल रही। इस दिशा में हम और प्रगति कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि अब हमारी योजना बोईंग को जैवईंधन पर उड़ाने की है और मुझे यकीन है कि सफलता मिलेगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भारत सरकार इलेक्ट्रॉनिक वाहनों को बढ़ावा दे रही है और उन्हें कर संबंधी छूट भी दे रही है। उन्होंने कहा कि यूरो-6 वाले वाहन अप्रैल 2020 तक बाजार में उपलब्ध होंगे।

# सऊदी अरब पर सभी हमले रोकने के हुती के फैसले का संयुक्त राष्ट्र ने किया स्वागत

एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र (अमेरिका)

**यमन** के लिए संयुक्त राष्ट्र के दूत ने हुती विद्रोहियों द्वारा सऊदी अरब पर सभी हमले रोकने के फैसले का शनिवार को स्वागत किया। उनका कहना है कि इससे वर्षों का खूनी संघर्ष खत्म हो सकता है।

यमन के विशेष दूत मार्टिन ग्रिफीथ्स ने कहा कि हुती की ओर से किए गए प्रयास का लागू होना इस युद्ध को खत्म करने लिए मजबूत संदेश देगा। ईरान समर्थित हुती विद्रोहियों का पिछले पांच साल से सऊदी अरब गठबंधन के साथ युद्ध चल रहा है। सऊदी अरब गठबंधन देश की अंतरराष्ट्रीय रूप से मान्यता प्राप्त सरकार के समर्थन में है। हुती का देश की राजधानी सना और यमन के अन्य हिस्सों पर कब्जा है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय की ओर से जारी एक बयान में ग्रिफीथ्स ने संघर्ष खत्म करने के लिए एक राजनीतिक समाधान की इच्छा की प्रशंसा की है। शुक्रवार को यमन के हुती विद्रोहियों ने सऊदी अरब पर अपने सभी हमले रोकने की घोषणा की थी। हालांकि सऊदी अरब के विदेश मंत्री अदेल-अल-जुबैर ने इस पर शनिवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा, हम दूसरे पक्षों को उनके कार्य, कदम से देखते हैं न कि उनके शब्दों से। इसलिए हम देखेंगे कि वह ऐसा वास्तव में करेंगे या नहीं। ग्रिफीथ्स ने इस बात पर जोर दिया कि इस अवसर का लाभ हिंसा कम करने के लिए किया जा सकता है। दरअसल सऊदी के तेल संयंत्रों पर पिछले सप्ताह किए गए हवाई हमलों के बाद हुती ने यह घोषणा की है। हुती ने ही उन हमलों की जिम्मेदारी ली थी।

### संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की उपलब्धियों के कसीदे पढ़ेंगे ट्रम्प

**संयुक्त राष्ट्र।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र के समक्ष अपने देश की उपलब्धियों का बखान करेंगे। ट्रम्प ने अपने भाषण के बारे में कहा, हम कहेंगे कि अमेरिका विश्व का सबसे महान देश है। यह कभी इतना मजबूत और कभी इतना बेहतर नहीं था। उन्होंने कहा, और हां, अमेरिकियों को इतिहास का सबसे बेहतरीन राष्ट्रपति मिला है।

# रूहानी ने लगाया विदेशी ताकतों पर खाड़ी में असुरक्षा बढ़ाने का आरोप

● रूहानी का यह बयान क्षेत्र में और सैनिक तैनात करने की अमेरिका की हालिया घोषणा की पृष्ठभूमि पर आया है

एजेंसी। तेहरान



**ईरान** के राष्ट्रपति हसन रूहानी ने खाड़ी में विदेशी ताकतों की मौजूदगी की रविवार को निंदा की और कहा कि ईरान शांति के लिए संयुक्त राष्ट्र में एक क्षेत्रीय सहयोग योजना पेश करेगा। रूहानी का यह बयान क्षेत्र में और सैनिक तैनात करने की अमेरिका की हालिया घोषणा की पृष्ठभूमि पर आया है।

रूहानी ने वार्षिक सैनिक परेड से पहले टेलीविजन में दिए अपने संबोधन में कहा, विदेशी ताकतें हमारे क्षेत्र के लिए और हमारे लोगों के लिए समस्याएं और असुरक्षा पैदा कर सकती है। उन्होंने कहा कि ईरान आने वाले दिनों में संयुक्त राष्ट्र में शांति योजना पेश करेगा। रूहानी ने कहा, इस संवेदनशील और अहम ऐतिहासिक क्षण में हम अपने पड़ोसियों के लिए यह घोषणा करना चाहते हैं कि हम उनकी ओर मित्रता और भाईचारे का हाथ बढ़ाते हैं। ईरान और अमेरिका के संबंध इस वक्त बेहद तनाव पूर्ण हैं और इसकी शुरुआत पिछले साल उस वक्त हुई जब अमेरिका ने 2015 के परमाणु समझौते से खुद को अलग कर लिया और ईरान पर अधिकतम दबाव बनाने के लिए उस पर अनेक प्रतिबंध लगाए। अमेरिका के रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने शुक्रवार को घोषणा की कि अमेरिका सऊदी अरब के अनुरोध पर वहां और सैनिक भेज रहा है। उन्होंने कहा था कि ए बल रक्षात्मक प्रकृति के होंगे और इनका पूरा ध्यान हवाई और मिसाइल रक्षा पर होगा।

रूहानी ने अपने भाषण में खाड़ी क्षेत्र में विदेशी ताकतों को दूर रहने को कहा। उन्होंने कहा कि अगर वे गंभीर हैं तो उन्हें हमारे क्षेत्र को हथियार प्रदर्शन के क्षेत्र में तब्दील नहीं करना चाहिए। रूहानी ने दो टूक कहा, आपकी मौजूदी हमेशा हमारे क्षेत्र में पीड़ा और दुख लाई है। आप अपने आप को जितना हमारे क्षेत्र से और हमारे देशों से दूर रखेंगे, हमारे क्षेत्र में उतनी ही अधिक सुरक्षा रहेगी। रूहानी का संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक से पहले सोमवार को न्यूयार्क जाने का कार्यक्रम है।

# हांगकांग के प्रदर्शनकारियों ने सबवे स्टेशन पर तोड़फोड़ की

एजेंसी। हांगकांग

**हांगकांग** में लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारी रविवार को हिंसक हो गए और उन्होंने एक सब-वे स्टेशन में तोड़फोड़ की, निगरानी कैमरे और इलेक्ट्रॉनिक टिकट सेंसर तोड़ डाले।

प्रदर्शनकारियों ने गेट के टिकट सेंसर तोड़ने के लिए हथौड़े का इस्तेमाल किया और टिकट मशीनों पर पेंट छिड़क दी तथा स्क्रीन तोड़ डाले। अपनी पहचान छुपाने के लिए उन्होंने छातों का इस्तेमाल किया। शाटिन स्टेशन पर दोपहर बाद हमला किया गया। हमले के बाद दंगा नियंत्रण पुलिस वहां पहुंची और स्टेशन की रक्षा में जुट गई। हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शन चौथे महीने भी जारी है और यहां अक्सर दिन या रात में हिंसक घटनाएं हो जाती हैं। प्रदर्शनकारियों के एक कट्टर समूह का कहना है कि सरकार का ध्यान आकर्षिक करने के लिए सख्त कदम उठाया जाना जरूरी है। शनिवार की रात प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर गैसोलीन बम फेंके और गलियों में आगजनी की जिसके बाद पुलिस ने उनके खिलाफ आंसू गैस के गोले और रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया।




हांगकांग में एक सबवे स्टेशन पर तोड़फोड़ करते प्रदर्शनकारी

## नीदरलैंड में गांधी की 150वीं जयंती पर होगा गांधी मार्च का आयोजन

**द हेग।** नीदरलैंड में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर लोगों को जागरूक करने के लिए कई तरह के आयोजन किए जाएंगे। इसमें एक अहिंसा मार्च का आयोजन भी शामिल है। भारतीय दूतावास यहां गांधी नॉनवायलेंस फाउंडेशन और अन्य समूहों के साथ मिलकर साइकिल रैली, महात्मा गांधी के जीवन को दिखाने वाली प्रदर्शनी, स्मृति सभा सहित देश में लगी गांधी की चार प्रतिमाओं के पास कई कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। भारतीय दूतावास ने यहां एक बयान में कहा कि जयंती उत्सव की शुरुआत 29 सितंबर को साइकिल रैली से होगी। इस रैली में गांधी के सादा जीवन और सरलता के दर्शन के बारे में लोगों को बताया जाएगा। द हेग में यह रैली भारतीय दूतावास से शुरू होगी और प्रसिद्ध पीस पैलेस, पार्लियामेंट और प्रसिद्ध रिजॉर्ट स्केवेनीनगेन से गुजरेगी और भारतीय दूतावास वापस पहुंचेगी।

# पाकिस्तान में बस दुर्घटना में 26 लोगों की मौत

एजेंसी। इस्लामाबाद

**उत्तर-पश्चिमी** पाकिस्तान में एक बस के पहाड़ में टक्कर मारने से कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और अन्य 13 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि पहाड़ी रास्ते पर वाहन मोड़ते समय चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया था, जिस कारण यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि हादसा गिलगित-बाल्टिस्तान (जीबी) के पास खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की सीमा पर बाबुसर टोप इलाके में हुआ।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून की एक खबर के अनुसार बस स्कार्दू से रावलपिंडी जा रही थी। बस में 16 सैन्य कर्मी सहित 40 यात्री सवार थे। गिलगित-बाल्टिस्तान के मुख्यमंत्री के प्रवक्ता राशीद अरशद ने मलबे से महिला और बच्चों सहित 26 लोगों के शव बरामद होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि 13 यात्रियों को चिलास जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनमें से कुछ की हालत गंभीर है।



उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में सड़क हादसे के बाद अस्पताल में भर्ती घायल यात्री

डायमर पुलिस प्रवक्ता मोहम्मद वकील के अनुसार बस एक निजी कम्पनी की थी, जो स्कार्दू से रावलपिंडी जा रही थी। रविवार सुबह चालक ने एक मोड़ पर वाहन पर से संतुलन खो दिया और वह पहाड़ से जा टकराई।

# बल्लेबाजों ने किया निराश, भारत हारा

## ●तीसरा व आखिरी टी-20: द.अफ्रीका ने 9 विकेट से हराया, सीरीज 1-1 से बराबर

**एजेंसी।** बेंगलुरू

कप्तान क्विंटन डिकाक की बड़ी अर्धशतकीय पारी से दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को 19 गेंद शेष रहते हुए नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला।-। से बराबर कराई। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरे भारत के किसी भी बल्लेबाज ने टिककर खेलने का प्रयास नहीं किया। भारतीय टीम नौ विकेट पर 134 रन ही बना पाई। भारत की तरफ से सलामी बल्लेबाज शिखर धवन (25 गेंदों पर 36) ने सर्वाधिक रन बनाए। उनके अलावा तीन अन्य बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे। कप्तान डिकाक ने फिर से लाजवाब पारी खेली और उनके गेंदबाजों ने जो मजबूत नींव रखी थी उसे अंजाम तक पहुंचाया। उन्होंने 52 गेंदों पर छह चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 79 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका की जीत आसान कर दी। दक्षिण अफ्रीका ने 16.5 ओवर में एक विकेट पर 140 रन बनाए। इस तरह से तीन मैचों की श्रृंखला।-। से बराबरी पर छूटी। धर्मशाला में पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था जबकि भारत ने


धवन रन 36


कोहली रन 9


रोहित रन 9


श्रेयस रन 5

मोहाली में दूसरे मैच में सात विकेट से जीत दर्ज की थी। दक्षिण अफ्रीकी जीत की नींव उसके गेंदबाजों ने रखी। ब्यूरॉन हेंड्रिक्स (14 रन देकर दो), ब्यूरॉन फोर्टीन (19 रन देकर दो) और कैगिसो रबाडा (39 रन देकर तीन) ने भारत को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया जबकि तबरेज शम्सी (23 रन देकर एक) ने शुरू में रन गंवाने के बाद शानदार वापसी की। भारतीय बल्लेबाजों ने जहां गैरजिम्मेदाराना शाट लगाकर विकेट गंवाए वहीं डिकाक ने शुरू से सुनिश्चित किया कि रन भी बने और विकेट भी बचे रहें। उन्होंने और रीजा हेंड्रिक्स (26 गेंदों पर 28) ने पहले विकेट के लिए दस ओवरों में 76 रन जोड़कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। डिकाक शुरू से गेंदबाजों पर हावी रहे। गेंद थोड़ा रूककर बल्ले पर आ रही थी लेकिन नवदीप सैनी पर लगाए गए डिकाक के दोनों छक्के दर्शनीय थे। उन्होंने वाशिंगटन सुंदर पर भी छक्का लगाया और हार्दिक पंड्या पर डीप एक्स्ट्रा कवर पर चौका लगाकर 38 गेंदों पर अपना चौथा अर्धशतक पूरा किया। हार्दिक ने इस ओवर में रीजा हेंड्रिक्स को आउट किया जिनका विराट कोहली ने शानदार कैच लिया, लेकिन तेम्बा बावुमा (23 गेंदों पर नाबाद 27) ने अपने कप्तान का अच्छा साथ दिया। इन दोनों दूसरे विकेट के लिए 64 रन की अटूट साझेदारी की। डिकाक ने हार्दिक की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1000 रन भी पूरे किए जबकि बावुमा ने क्रुणाल पर विजई छकका लगाया। इससे पहले भारत ने पहले दस ओवरों के अंदर ही अपने तीनों सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों रोहित शर्मा (आठ गेंदों पर नौ), धवन और कप्तान कोहली (15 गेंदों पर नौ) के विकेट गंवा दिए। इन तीनों में केवल धवन ही दमदार बल्लेबाजी कर पाए। एंडिल फेलुकवायो पर दो कलात्मक चौके और शम्सी पर आकर्षक छक्के धवन की पारी के आकर्षण रहे। रोहित के तीसरे ओवर में ब्यूरॉन हेंड्रिक्स की गेंद पर स्लिप में कैच देने के बाद धवन रन बनाने की जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे थे लेकिन शम्सी पर एक और छक्का जड़ने के प्रयास में वह गेंद हवा में लहरा गए और मिडविकेट पर कैच हो गए। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। कोहली ने पारी की शुरुआत अपेक्षित नहीं रही। वह रन बनाने के लिए जूझते हुए नजर आए। कैगिसो रबाडा पर हावी होने के प्रयास में उन्होंने गेंद मिडविकेट सीमा रेखा की तरफ उछाल दी लेकिन फेलुकवायो ने वहां उसे बड़ी खूबसूरती से कैच में बदल दिया। विकेट गिरने का क्रम इसके बाद भी जारी रहा। खराब फार्म में चल रहे ऋषभ पंत (20 गेंदों पर 19 रन) ने फिर से अपनी गलती से विकेट गंवाया। वह फोर्टीन की चाल में फंस गए और लांग आफ पर आसान कैच दे बैठे। इसी ओवर में श्रेयस अय्यर (आठ गेंदों पर पांच) के आउट होने से स्कोर पांच विकेट पर 92 रन हो गया। अब पंड्या बंधुओं पर दारोमदार था लेकिन क्रुणाल तिहरे अंक में पहुंचने से पहले ही पवेलियन लौट गए। हार्दिक (18 गेंदों पर 14) अपनी पूरी पारी के दौरान रन बनाने के लिए जूझते रहे। रविंद्र जडेजा (17 गेंदों पर 19) ने रबाडा पर छक्का जड़कर उम्मीद जगाई थी लेकिन अंतिम ओवर में तीन विकेट गंवाने से भारत 140 रन तक भी नहीं पहुंच पाया।

### स्कोरबोर्ड

**भारत:** धवन का बावुमा बो शम्सी 36, रोहित का रीजा हेंड्रिक्स बो ब्यूरॉन हेंड्रिक्स 09, कोहली का फेलुक्वायो बो रबाडा 09, पंत का फेलुक्वायो बो फोर्टीन 19, श्रेयस स्टं. डिकाक बो फोर्टीन 5, हार्दिक का मिलर बो रबाडा 14, कृणाल का डिका बो ब्यूरॉन हेंड्रिक्स 04, जड़ेजा का एवं बो रबाडा 19, सुंदर रन आउट 04, दीपक चाहर नाबाद 00, सैनी नाबाद 00, **अतिरिक्त:** 14 (लेग बाई: 02, वाईड: 12), **कुल:** 20 ओवर में नौ विकेट पर: 134 रन, **विकेट पतन:** I-22, 2-63, 3-68, 4-90, 5-92, 6-98, 7-127, 8-133, 9-133, **गेंदबाजी:** फोर्टीन 3-0-19-0, रबाडा 4-0-39-3, ब्यूरॉन हेंड्रिक्स 4-0-14-2, फेलुक्वायो 4-0-28-0, शम्सी 4-0-23-I, प्रीटोरियस I-0-8-0

**दक्षिण अफ्रीका:** रीजा का कोहली बो हार्दिक 28, क्विंटन डिकाक नाबाद 79, तेंबा बावुमा, नाबाद 27, **अतिरिक्त:** छह (लेग बाई: दो, वाईड: चार), **कुल:** 16.5 ओवर में एक विकेट पर: 140 रन, **विकेट पतन:** I-76, **गेंदबाजी:** वाशिंगटन 4-0-27-0, चाहर 3-0-15-0, सैनी 2-0-25-0, क्रुणाल 3.5-0-40-0, हार्दिक 2-0-23-I, जड़ेजा 2-0-8-0


धवन का विकेट लेने के बाद तबरेज

## श्रीनिवासन की बेटी रूपा का टीएनसीए अध्यक्ष बनना तय



**चेन्नई।** बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन ने तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) पर अपनी मजबूत पकड़ बरकरार रखी है क्योंकि उनकी बेटी रूपा गुरूनाथ का 26 सितंबर को होने वाली एजीएम में बीसीसीआई से मान्यता प्राप्त किसी इकाई की पहली महिला अध्यक्ष बनना तय है। इसकी संभावना लगभग न के बराबर है कि श्रीनिवासन की बेटी को किसी तरह का विरोध का सामना करना पड़े। नामांकन की अंतिम तिथि 24 सितंबर है। सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में रविवार को यहां हुई टीएनसीए कार्यकारिणी की बैठक में फैसला किया गया। विभिन्न पदो के लिए जो अन्य उम्मीद्वार मैदान में है उनमें आर एस रामास्वामी (उपाध्यक्ष), के ए शंकर (संयुक्त सचिव), जे पार्थसारथी (कोषाध्यक्ष) और एन वेंकटरमन (सहायक कोषाध्यक्ष) शामिल है। रूपा के अध्यक्ष बनने का मतलब है कि टीएनसीए की कमान श्रीनिवासन परिवार के हाथों में ही रहेगी जैसा कि पिछले दो दशक में अधिकतर समय रहा है। गौरतलब है कि रूपा के पति गुरूनाथ मयप्पन चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व टीम प्रिंसिपल थे और बीसीसीआई ने 2013 आईपीएल के दौरान स्पॉट फिक्सिंग के मामले में लिप्त रहने के कारण उन पर आजीवन प्रतिबंध लगा रखा है। मयप्पन को आईपीएल के बीच मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था। शनिवार को राजकोट में शाह परिवार ने सौराष्ट्र क्रिकेट संघ पर अपना दबदबा बरकरार रखा है। बीसीसीआई के पूर्व सचिव निरंजन शाह के बेटे जयदेव शाह सौराष्ट्र के अध्यक्ष बने है। जयदेव ने 16 साल तक प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलने के बाद संन्यास लिया। इस दौरान वह चेतेश्वर पुजारा, रविंद्र जडेजा और जयदेव उनादकट जैसे भारतीय खिलाड़ियों के भी कप्तान रहे। एक अन्य राज्य इकाई हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ में भी पारिवारिक शासन बरकरार रहेगा। बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष अनुराग ठाकुर के छोटे भाई अरूण 27 सितंबर को वहां कार्यभार संभालेंगे।

## बोर्ड अध्यक्ष एकादश की टीम हार गई

### ●दक्षिण अफ्रीका महिला टीम ने 83 रन से हराया

**एजेंसी।** सूरत

दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम ने भारतीय दौरे की शुरूआत सकारात्मक तरीके से करते हुए रविवार को दूसरे टी20 अभ्यास मुकाबले में बोर्ड अध्यक्ष एकादश को 83 रन से शिकस्त दी।

पहला अभ्यास मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 174 रन बनाने के बाद भारतीय पारी को महज 91 पर समेट दिया। लेग स्पिनर लुस ने 17 रन देकर तीन विकेट लेकर बोर्ड अध्यक्ष एकादश के मध्यक्रम को झकझोर दिया। शबनिब इस्माइल ने 11 रन देकर तीन और अयाबोंग खाका ने सात रन देकर दो विकेट लिए। इससे पहले दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर लिजेली ली ने 10 चौके और एक छक्के की मदद से 48 गेंद में 65 रन की पारी खेली। उन्होंने तजमिन ब्रिट्स (20 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी की। आखिरी के ओवरों में मिगनोन डु प्रीज ने 18 गेंद में 40 रन की तेज तर्रार पारी खेली जिन्हें नांदिने डि क्लार्क (29) का साथ मिला और दोनों ने स्कोर को 170 के पार पहुंचाया। भारत के लिए तरन्नुम पाठक ने 23 रन देकर दो विकेट जबकि पूजा वस्त्रकार ने 32 रन देकर एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बोर्ड एकदश की शुरुआत बेहद ही खराब रही। टीम ने तीसरे ओवर तक एमडी थिरुशकामिनि (दो), युवा खिलाड़ी शेफाली वर्मा (शून्य), वनिता वीआर (चार) और कप्तान सुष्मा वर्मा (शून्य) के विकेट गंवा दिए। इस समय टीम का स्कोर सिर्फ छह रन था। भारती फुलमानी(23) और मानसी जोशी (20) ही बोर्ड एकादश के लिए कुछ रन जुटा सके। दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम भारत के खिलाफ 24 सितंबर से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के अलावा तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला भी खेलेगी।


खाका

## मारिन ने चीन ओपन बैडमिंटन खिताब पर किया कब्जा

### ● यिंग को 14-21 21-17 21-18 से हराया

**एजेंसी।** शंघाई

तीन बार की विश्व चैम्पियन कैरोलिना मारिन ने कैरियर को समाप्त करने वाली चोट से उबरने के बाद वापसी करते हुए रविवार को अपना चीन ओपन खिताब बरकरार रखा।

स्पेन की इस खिलाड़ी ने आठ महीने बाद वापसी की है, उन्होंने ताईवान की दूसरी वरीयता प्राप्त ताई जु यिंग से एक गेम से पिछड़ने के बाद 65 मिनट में 14-21 21-17 21-18 से जीत हासिल की। मारिन जीत के बाद रोते हुए कोर्ट के फर्श पर ही लेट गई और हाथों में सिर लेकर रोते हुए उन्होंने कहा, यह अविश्वसनीय है। मैं रिहैबिलिटेशन के दौरान सोच नहीं सकती थी कि मैं वापसी के बाद दूसरे टूर्नामेंट में जीत दर्ज कर सकूंगी। जापान के विश्व चैम्पियन केंटो मोमोटा ने फाइनल में इंडोनेशिया के सातवें वरीय एंथोनी सिनिसुका जिनटिंग को 19-21 21-17 21-19 से शिकस्त दी।



## भूटिया ने पूर्व आई-लीग क्लब यूनाइटेड सिक्किम एफसी को बंद किया

**नई दिल्ली।** बाईचुंग भूटिया ने आई-लीग मे प्रतिनिधित्व कर चुके अपने फुटबाल क्लब यूनाइटेड सिक्किम एफसी को रविवार को बंद करने का फैसला किया। यह फैसला भूटिया के राज्य की खेल इकाई से जुड़ने के बाद हितो के टकराव और जमीनी स्तर के फुटबाल पर ध्यान देने के लिए किया गया है। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान ने एक बयान जारी कर कहा कि उनके क्लब की स्थापना 2004 मे हुई थी और 15 साल तक अस्तित्व मे रहने के बाद यह बंद हो रहा है। इस दौरान इसने 2012-13 सत्र मे देश के शीर्ष लीग आई-लीग के दूसरी डिवीजन मे खिताब हासिल किया। क्लब ने अपने बयान मे कहा, हमारे लिए यह काफी मुश्किल फैसला है। हमें यह घोषणा करते हुए काफी पीड़ा हो रही है कि यूनाइटेड सिक्किम फुटबाल क्लब अब अस्तित्व मे नही रहेगा। हमने 15 साल तक अस्तित्व मे रहने के बाद क्लब को बंद करने का फैसला किया। इस फैसले के पीछे दो वजह है पहला, जमीनी स्तर पर फुटबाल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए और दूसरी बाईचुंग तथा अर्जुन दोनो ही सिक्किम फुटबाल महासंघ का हिस्सा है, जिससे यह हितों के टकराव का बड़ा मुद्दा बनता है।

## भारत की टीम एएफसी अंडर-16 चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई



### ● उज्बेकिस्तान से ड्रा खेला

**एजेंसी।** ताशकंद (उजबेकिस्तान)

भारत की जूनियर फुटबाल टीम ने मेजबान उज्बेकिस्तान से रविवार को यहां।-। से ड्रा खेलकर ग्रुप बी में शीर्ष पर रहते हुए अगले साल बहरीन में खेले जाने वाले एएफसी अंडर-16 चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। भारतीय टीम के तीन मैच में सात अंक रहे जो उज्बेकिस्तान के बराबर थे लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण भारत शीर्ष पर रहा। भारतीय टीम को गोल अंतर 10 का रहा जबकि उज्बेकिस्तान का गोल अंतर तीन था। भारत ने इससे पहले टूर्नामेंट में तुर्कमेनिस्तान और बहरीन को एक समान 5-0 से हराया था। भारत को क्वालीफाई करने के लिए सिर्फ ड्रा की जरूरत थी और टीम ने मैच के 68वें मिनट में श्रीदत्त के गोल से बढ़त कायम कर ली। मेजबान टीम ने हालांकि 81वें मिनट में गोल कर स्कोर को।-। से बराबर कर दिया लेकिन भारतीय टीम ने उन्हें कोई और मौका नहीं दिया। भारत ने लगातार तीसरी और कुल नौवीं बार एएफसी अंडर-16 चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है। टीम की इस सफलता पर कोच बिबियानो फर्नाडिज ने कहा, मुझे अपने खिलाड़ियों पर फख्र है। सबने कड़ी मेहनत की जिसके लिए सहयोगी सदस्यों और खिलाड़ियों को बराबर श्रेय दिया जाना चाहिए।

## बार्सिलोना की खराब शुरुआत

### ● ला लिगा फुटबाल टूर्नामेंट: ग्रानाडा से 0-2 से पराजित किया



**एजेंसी।** मैड्रिड

बार्सिलोना को स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद ला लिगा फुटबाल टूर्नामेंट के मुकाबले में ग्रानाडा से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। बार्सिलोना के लिए लियोनल मेस्सी और अंसू फाती ने शुरूआती एकादश में शुरूआत नहीं की। मेस्सी अब भी पूरी तरह फिट नहीं दिखते। दोनों हाफ टाइम में मैदान पर उतरे। लेकिन ग्रानाडा ने रामोन अजीज के दूसरे ही मिनट में किए गए गोल से बढ़त बना ली। इसके बाद एलवारो वाडिलो ने 66वें मिनट में पेनल्टी को गोल में तब्दील किया। बार्सिलोना ने अभी तक केवल दो ही मैच में जीत हासिल की है और उसके केवल सात ही अंक हैं। यह 1994 के बाद से उसकी सत्र में काफी खराब शुरूआत है।

## दुती को फाइनल में पहुंचने की उम्मीद

**एजेंसी।** नई दिल्ली

भारत की सबसे तेज धाविका दुती चंद ने 27 सितंबर से दोहा में शुरू हो रही विश्व चैम्पियनशिप के 100 मीटर स्पर्धा में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ फाइनल्स में जगह बनाने का लक्ष्य रखा है। दुती दोहा की परिस्थितियों से सामांजस्य बैठाने के लिए शाम में अभ्यास कर रही है। दोहा में उनकी स्पर्धा का आयोजन शाम या रात में होगा। वह आगामी प्रतियोगिता में पिछले सत्र (लंदन 2017) की नाकामी को पीछे छोड़कर शानदार प्रदर्शन करना चाहती है। दुती ने कहा, मुझे दोहा में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है, यही मेरा लक्ष्य है। पिछली बार मैच सेमीफाइनल में भी नहीं पहुंच सकी थी लेकिन इस बार मेरा लक्ष्य फाइनल्स में पहुंचना है। यह हालांकि आसान नहीं होगा लेकिन अगर मैं ऐसा कर सकी तो मुझे खुशी होगी। लंदन विश्व चैम्पियनशिप में दुती ने 12.07 सेकेंड के समय के साथ निराशाजनक प्रदर्शन किया था और वह सेमीफाइनल में पहुंचने में नाकाम रहीं थी। दुती दोहा विश्व चैम्पियनशिप के लिए तय 11.24 सेकेंड के क्वालीफिकेशन मार्क को हासिल करने में भी नाकाम रही। उन्होंने हालांकि दोहा में अप्रैल में हुए एशियाई चैम्पियनशिप में 11.26 सेकेंड के समय के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था जो राष्ट्रीय रिकार्ड भी है। ओडिशा की 23 साल की इस एथलीट ने कहा, मैं इन दिनों रात में सात से आठ बजे के बीच अभ्यास कर रही हूं, ताकि खुद को दोहा के समय के हिसाब से ढाल सकूं। मेरी तैयारी अच्छी चल रही है। देखते है दोहा में क्या होता है। दुती जुलाई में इटली के नपोली में आयोजित 100 मीटर की स्पर्धा को 11 मिनट 32 सेकंड में पूरा कर स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी थी। वह इन दिनों आपने कोच एन रमेश के साथ भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में अभ्यास कर रही है। दोहा में दुती महिलाओं के 100 मीटर हिट्स में 28 सितंबर को भाग लेंगी जो स्थानीय समय के मुताबिक शाम साढ़े चार (भारतीय समय के मुताबिक शाम सात) बजे शुरू होगा। वह इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 25 सितंबर को दोहा रवाना होंगी।



### ●व्सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का भी प्रयास


सिंगापुर फार्मला वन की ट्राफी के साथ वेटल

## लुकाकू का गोल, इंटर मिलान तालिका में शीर्ष पर


यूवेंटस ने आरोन रामसे के सीरी ए में पहले गोल और क्रिस्टियानो रोनाल्डो के पेनेल्टी गोल की मदद से वेरोना को 2-। से मात दी


**मिलान।** रोमेलू लुकाकू के गोल की मदद से इंटर मिलान ने सीरी ए फुटबाल टूर्नामेंट में प्रतिद्वंद्वी एसी मिलान पर 2-0 से जीत हासिल की और तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। बेल्जियम के स्ट्राइकर लुकाकू (78वें मिनट) और मार्सेलो ब्रोजोविच (49वें मिनट) के गोल से इंटर मिलान ने चौथे मैच में चौथी जीत हासिल की। इससे वह तालिका में यूवेंटस से दो अंक आगे शीर्ष पर है। यूवेंटस ने आरोन रामसे के सीरी ए में पहले गोल और क्रिस्टियानो रोनाल्डो के पेनेल्टी गोल की मदद से वेरोना को 2-। से मात दी।

# चोटिल दीपक को चांदी, राहुल को कांसा

## ● विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

एजेंसी। नूर सुल्तान (कजाखस्तान)

दीपक पूनिया के चोटिल होने के कारण फाइनल से हट जाने के बाद राहुल अवारे ने रविवार को कांस्य पदक जीता जिससे भारत ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में पदकों के मामले में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहा। अवारे ने 61 किग्रा के कांस्य पदक मुकाबले में 2017 के पैन अमेरिकी चैंपियन टाइलर ली ग्राफ को 11-4 से हराकर भारत के पदकों की संख्या पांच पर पहुंचाई। भारत की तरफ से दीपक पूनिया ने रजत जबकि बजरंग पूनिया, राहुल अवारे, रवि कुमार दहिया और महिला वर्ग में विनेश फोगाट ने कांस्य पदक जीते। दीपक पूनिया सेमीफाइनल के दौरान लगी टखने की चोट के कारण ईरान के हजसान याजदानी के खिलाफ के 86 किग्रा वर्ग में फाइनल में नहीं उतर पाए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत का विश्व चैंपियनशिप में इससे पहले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2013 में था जब उसने तीन पदक जीते थे। तब अमित दहिया ने रजत, बजरंग पूनिया ने कांस्य और संदीप तुलसी यादव ने ग्रीको रोमन में कांस्य पदक जीता था। अवारे ने कहा, मैं स्वर्ण पदक जीत सकता था। यह मेरी पहुंच में था। मैं सेमीफाइनल (बेका लोमताद्जे) पर जीत दर्ज कर सकता है। अवारे का अपने मुकाबले में पूरी तरह से नियंत्रण था और वह अपने करियर की सबसे बड़ा पदक जीतने में सफल रहे। महाराष्ट्र के इस पहवालन ने राष्ट्रमंडल खेल 2018 में स्वर्ण तथा एशियाई चैंपियनशिप (2009 और 2011) में कांस्य पदक जीते थे। उन्होंने कहा, मैं चोटों से परेशान रहा। मैं 2014 में तैयार था लेकिन तब राष्ट्रमंडल या एशियाई खेलों के लिए ट्रायल नहीं हुआ। इसलिए मुझे खुद को साबित करने का मौका नहीं मिला। कुश्ती में हरियाणा के पहलवानों का दबदबा रहा है लेकिन अवारे महाराष्ट्र के पहले पहलवान है जिन्होंने सीनियर विश्व चैंपियनशिप में पदक जीता। उन्होंने कहा, लेकिन मराठा खेल इतिहास मुझे यह पदक जीतने के लिए याद रखेगा। मैं यह उपलब्धि हासिल करने वाला उस क्षेत्र का पहला खिलाड़ी हूं। भारत के पहले ओलंपिक व्यक्तिगत पदक विजेता केडी जाधव भी महाराष्ट्र के ही थे। उन्होंने हेलंसिकी ओलंपिक 1952 में कांस्य पदक जीता था। अमेरिकी पहलवान ने मुकाबला शुरू होते अवारे की टांगों पर हमला करके दो अंक जुटाए लेकिन इसके बाद भारतीय पहलवान सतर्क हो गया। अवारे ने जल्द ही 4-2 से बढ़त बना दी। दूसरे पीरियड में ग्राफ ने अवारे के पांव पर नियंत्रण कर दिया था लेकिन भारतीय उनकी पकड़ को छुड़वाने में कामयाब रहे। इसके बाद अवारे ने आक्रामक रवैया अपनाया और जल्द ही 10-2 से बढ़त हासिल की। अमेरिकी खिलाड़ी ने बीच में चुनौती भी दी लेकिन उनका यह प्रयास नाकाम रहा। अवारे इससे पहले सेमीफाइनल में यूरोपीय चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता बेका लोमाताद्जे से हार गए थे। इससे पहले चैंपियनशिप के अंतिम दिन सुबह पता चला कि दीपक चोट के कारण फाइनल नहीं खेल पाएंगे। दीपक ने कहा, बायां पैर वजन नहीं ले पा रहा है। इस हालत में लड़ना मुश्किल है। मैं जानता हूं कि याजदानी के खिलाफ यह बड़ा मौका था लेकिन मैं कुछ नहीं कर सकता। इस तरह 20 साल के भारतीय खिलाड़ी को अपनी पहली सीनियर विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। स्विट्जरलैंड के स्टेफान रेचमुथ के खिलाफ शनिवार को सेमीफाइनल के दौरान वह मैच से लड़खड़ाते हुए आए थे और उनकी बाईं आंख भी सूजी हुई थी। इस तरह सुशील कुमार भारत के एकमात्र विश्व चैम्पियन बने रहेंगे जिन्होंने मास्को 2010 विश्व चैम्पियनशिप के 66 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। दीपक विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले पांचवें भारतीय हैं। उनसे पहले बिशम्बर सिंह (1967), सुशील कुमार (2010), अमित दहिया (2013) और बजरंग पूनिया (2018) फाइनल में पहुंचे थे।



राहुल

## नौकरी के लालच में कुश्ती में आए दीपक



### ● पहुंचे विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल तक

**नूर-सुल्तान।** विश्व चैम्पियनशिप मे रजत पदक जीतने वाले भारतीय पहलवान दीपक पूनिया ने जब कुश्ती शुरू की थी तब उनका लक्ष्य इसके जरिए नौकरी पाना था जिससे वह अपने परिवार की देखभाल कर सके। वह काम की तलाश में थे और 2016 में उन्हें भारतीय सेना में सिपाही के पद पर काम करने का मौका मिला। लेकिन ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार ने उन्हे छोटी चीजों को छोड़कर बड़े लक्ष्य पर ध्यान देने का सुझाव दिया और फिर दीपक ने पीछे मुड़कर नही देखा। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता सुशील ने दीपक को प्रायोजक ढूंढने में मदद की और कहा, कुश्ती को अपनी प्राथमिकता बनाओ, नौकरी तुम्हारे पीछे भागेगी। दीपक ने दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम के अपने सीनियर पहलवान की सलाह मानी और तीन साल के भीतर आयु वर्ग के कई बड़े खिताब हासिल किए। वह 2016 में विश्व कैडेट चैंपियन बने थे और पिछले महीने ही जूनियर विश्व चैम्पियन बने। वह जूनियर चैम्पियन बनने वाले सिर्फ चौथे भारतीय खिलाड़ी है जिन्होंने पिछले 18 साल के खिताबी सूखे को खत्म किया था। एस्तोनिया में हुई जूनियर विश्व चैम्पियनशिप मे जीत दर्ज करने के एक महीने के अंदर ही उन्हे अपने आदर्श और ईरान के महान पहलवान हजसान याजदानी से भिड़ने का मौका मिला। उन्हे हराकर वह सीनियर स्तर के विश्व चैम्पियनशिप का खिताब भी जीत सकते थे। सेमीफाइनल के दौरान लगी टखने की चोट के कारण उन्होंने विश्व चैम्पियनशिप के 86 किग्रा वर्ग की खिताबी स्पर्धा से हटने का फैसला किया जिससे उन्होंने रजत पदक अपने नाम कर लिया। स्विट्जरलैंड के स्टेफान रेचमुथ के खिलाफ शनिवार को सेमीफाइनल के दौरान वह मैच से लड़खड़ाते हुए आए थे और उनकी बाई आंख भी सूजी हुई थी। वह इस खेल के इतिहास के सबसे अच्छे पहलवानो मे एक को चुनौती देने से चूक गए। दीपक के लिए हालांकि पिछले तीन साल किसी सपने की तरह रहे है। दीपक की सफलता के बारे मे जब भारतीय टीम के पूर्व विदेशी कोच व्लादिमीर मेस्तविरिशिविली से पूछा गया तो उन्होंने कहा, यह कई चीजो के एक साथ मिलने से हुआ है। हर चीज का एकसाथ आना जरूरी था। दीपक के विकास मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इस कोच ने कहा, इस खेल मे आपको चार चीजें चाहिए होती है जो दिमाग, ताकत, किस्मत और मैट पर शरीर का लचीलापन है। दीपक के पास यह सब है। वह काफी अनुशासित पहलवान है जो उसे पिता से विरासत में मिला है। नई तकनीक को सीखने मे एक ही चीज बार-बार करने से खिलाड़ी ऊब जाते है लेकिन दीपक उसे दो, तीन या चार दिनों तक करता रहता है, जब तक पूरी तरह से सीख ना ले। दीपक के पिता 2015 से रोज लगभग 60 किलोमीटर की दूरी तय करके उसके लिए हरियाणा के झज्जर से दिल्ली दूध और फल लेकर आते थे। उन्हें बचपन से ही दूध पीना पसंद है और वह गांव मे केतली पहलवान के नाम से जाने जाते है। केतली पहलवान के नाम के पीछे भी दिलचस्प कहानी है। गांव के सरपंच ने एक बार केतली मे दीपक को दूध पीने के लिए दिया और उन्होंने एक बार मे ही उसे खत्म कर दिया। उन्होने इस तरह एक-एक कर के चार केतली खत्म कर दी जिसके बाद से उनका नाम केतली पहलवान पड़ गया। दीपक ने कहा कि उनकी सफलता का राज अनुशासित रहना है। मुझे दोस्तो के साथ घूमना, मॉल जाना और शॉपिंग करना पसंद है। लेकिन हमें प्रशिक्षण केंद्र से बाहर जाने की अनुमति नही है। मुझे जूते, शर्ट और जींस खरीदना पसंद है, हालांकि मुझे उन्हे पहनने की जरूरत नही पड़ती क्योंकि मै हमेशा एक ट्रैक सूट में रहता हूं। टूर्नामेंट के बाद जब भी मुझे मौका मिलता है मै बाहर जाकर अपना मनपसंद खाना खाता हूं। लेकिन छुट्टी खत्म होने के बाद उसके बारे में सोचता भी नही हूं। उसके बाद कुश्ती और प्रशिक्षण ही मेरी जिंदगी होती है। ओलंपिक गोल्ड क्वेस्ट (ओजीक्यू) से प्रायोजन मिलने के बाद दीपक की चिंताएं दूर हुई और वह अपने खेल पर ज्यादा ध्यान देने लगे। बीस साल के इस खिलाड़ी ने कहा, 2015 तक मै जिला स्तर पर भी पदक नही जीत पा रहा था। मै किसी भी हालत में नतीजा हासिल करना चाहता था ताकि कही नौकरी मिल सके और अपने परिवार की मदद कर सकूं। मेरे पिता दूध बेचते थे। वह काफी मेहनत करते थे। मै किसी भी तरह से उनकी मदद करना चाहता था। मैट पर उनकी सफलता से परिवार की आर्थिक स्थिति मे सुधार हुआ। वह 2018 मे भारतीय सेना में नायक सूबेदार के पद पर तैनात हुए। दीपक अब इस खेल से पैसे बनाना सीख गए है और अब उन्होंने पिता को दूध बेचने से भी मना कर दिया। उन्होंने पिछले साल एसयूवी कार खरीदी है। उन्होंने हंसते हुए कहा, मुझे यह नही पता है कि मैने कितनी कमाई की है। मैने कभी उसकी गिनती नही की। लेकिन यह ठीक-ठाक रकम है। मैट दंगल पर भाग लिए अब काफी समय हो गया लेकिन मैने इससे काफी कमाई की और सब खर्च भी किया।

### कार्तिकेयन आटोबॉक्स सुपर जीटी सीरीज में दूसरे स्थान पर रहे

**मुराता (जापान)।** भारत के नरेन कार्तिकेयन खराब मौसम के बावजूद रविवार को यहां ऑटोबक्स सुपर जीटी सीरीज मे पहली बार पोडियम पर पहुंचने में सफल रहे। अभी जापानी सुपर जीटी चैंपियनशिप में रेसिंग कर रहे कार्तिकेयन मोडुलो नकाजिमा रेसिंग होंडा एनएसएक्स जीटी को ड्राइव कर रहे थे और उन्होंने प्रभावशाली प्रदर्शन किया तथा दूसरा स्थान हासिल किया। कार्तिकेयन ने शनिवार को अभ्यास में तीसरा सबसे तेज समय निकालकर पोडियम पर पहुंचने की झलक दिखाई थी।

### भारत अंडर-18 टीम बांग्लादेश चुनौती के लिए तैयार

**काठमांडू।** आत्मविश्वास से भरी भारत की अंडर-18 फुटबाल टीम सोमवार को सैफ चैम्पियनशिप में यहां बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत जीत से करने की कोशिश करेगी। बांग्लादेश ने ग्रुप के शुरूआती मुकाबले में श्रीलंका पर 3-0 से जीत हासिल की और भारत के अंडर-19 कोच फ्लाएड पिंटो विपक्षी टीम की मजबूती से अच्छी तरह वाकिफ है। पिंटो ने कहा, हमने श्रीलंका के खिलाफ उनके पहले मैच में देखा था। उनका दमखम और ताकत शानदार है। इसका मतलब है कि हमें अपने खेल मे सर्वश्रेष्ठ होना होगा। यह हमारे लिए परीक्षा होगी। लेकिन हम चुनौतियों के लिए तैयार हैं। हमें ध्यान लगाए रखना होगा और उसी ऊर्जा से खेलना जिससे हम पहले खेल रहे थे। भारतीय टीम नवंबर में होने वाले एएफसी अंडर-19 क्वालीफायर की तैयारियो मे जुटी है और इस कारण यह चैम्पियनशिप काफी अहम बन गई है।

### पदक तालिका में शीर्ष पर रहने की चुनौती: तैराकी कोच प्रदीप

**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय तैराकी कोच प्रदीप एस कुमार ने रविवार को कहा कि मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 10वीं एशियाई आयु वर्ग चैम्पियनशिप में भारत का लक्ष्य पदक तालिका में शीर्ष पर रहने का होगा। प्रदीप ने उम्मीद जताई कि भारतीय खिलाड़ी पिछले प्रदर्शन में सुधार करेंगे जहां उन्होंने पांच स्वर्ण, 13 रजत और 22 कांस्य पदक हासिल किए थे। कई खिलाड़ियों के लिए यह पहली बार होगा जब वे घर में किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। ऐसे में उनका हौसला बढ़ा हुआ है। सभी तैराक पिछले प्रदर्शन में सुधार कर पदकों की संख्या बढ़ाना चाहते है। द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच ने कहा, इसमें कोई शक नही कि हमारी कोशिश पदक तालिका में शीर्ष पर रहने की होगी। नौ दिनों तक चलने वाला यह टूर्नामेंट ओलंपिक क्वालीफाइंग स्पर्धा है जिसमें ईरान, जार्डन, कुवैत, किर्गिज गणराज्य, मालदीव, नेपाल, ओमान, कतर, सऊदी अरब, तुर्कमेनिस्तान, यूएई, उज्बेकिस्तान, वियतनाम, थाईलैंड, श्रीलंका, दक्षिण कोरिया, फिलीपीस, इंडोनेशिया, सिंगापुर, बांग्लादेश और सीरिया जैसे देशों के खिलाड़ी भाग लेंगे।

## मेरे कोच को सम्मानित किया जाए : पंघाल



### ● मुझे पुरस्कार पाने की चाह नहीं

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय मुक्केबाज अमित पंघाल (52 किग्रा) का कहना है कि उन्हें व्यक्तिगत सम्मान नहीं चाहिए लेकिन वह चाहते हैं कि उनके पूर्व कोच अनिल धनकड़ को सम्मानित किया जाए। वह शनिवार को रूस के एकातेरिनबर्ग में समाप्त हुई विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बने। वह एशियाई खेलों और एशियाई चैम्पियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। अर्जुन पुरस्कार के लिए उनके नाम की अनदेखी की गई क्योंकि 2012 में चिकन पाक्स के उपचार के लिए ली गई दवाई से वह डोपिंग उल्लघंन कर बैठे थे। डोपिंग परीक्षण में विफल होने के कारण उन पर एक साल का प्रतिबंध भी लगा था। मैं पुरस्कारों की परवाह नहीं करता लेकिन मुझे खुशी होगी अगर मेरे पूर्व कोच अनिल धनकड़ के नाम पर द्रोणाचार्य पुरस्कार के लिए विचार किया जाए। उन्होंने शुरूआती वर्षों में मुझे ट्रेनिंग दी और अगर वह नहीं होते तो मैं आज ऐसा मुक्केबाज नहीं होता। मैंने 2008 में मुक्केबाजी शुरू की थी और धनकड़ सर तब से मेरे लिए अहम बने रहे हैं। अब भी जब मुझे किसी मामले में मार्गदर्शन की जरूरत होती है तो मैं धनकड़ सर के पास जाता हूं। उन्हें पुरस्कार मिलने का मतलब मुझे पुरस्कार मिलना होगा। बल्कि मुझे ज्यादा खुशी होगी। पैंतालीस वर्षीय धनकड़ कभी भी किसी राष्ट्रीय टीम से नहीं जुड़े हैं लेकिन जब वह मुक्केबाज थे तो राष्ट्रीय स्तर के पदकधारी थे। उन्होंने अपने शिष्य के इस लगाव के बारे में कहा, मैं 2005 से उसे जानता हूं। मेरे लिए वह परिवार की तरह है। मैं उसके परिवार वालों से काफी करीब हूं और वह मेरे बच्चे की तरह ही है। भारतीय सेना के 23 वर्षीय नायब सूबेदार पंघाल पिछले दो वर्षों से शानदार फार्म में हैं। उन्होंने 49 किग्रा से 52 किग्रा में वजन वर्ग में खेलने का फैसला किया लेकिन इस बदलाव के बावजूद उनके प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ा। अब वह अगले साल फरवरी में चीन में होने वाले एशियाई ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग लेंगे। उन्होंने कहा, यह एक और चुनौती है और मैं इसमें बेहतर करने की कोशिश करूंगा।

### कजाखस्तान और उज्बेकिस्तान के करीब पहुंच रहे हैं भारतीय मुक्केबाज : निएवा

**नई दिल्ली।** हाई परफॉरमेंस निदेशक सांटियागो निएवा ने कहा कि हाल में समाप्त हुई पुरूष विश्व चैम्पियनशिप में भारतीय मुक्केबाजो का प्रदर्शन दिखाता है कि वे कजाखस्तान और उज्बेकिस्तान जैसे पारंपरिक मजबूत देशो के निकट पहुंच रहे है। भारत ने रूस के एकातेरिनबर्ग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें अमित पंघाल (52 किग्रा) ने रजत और मनीष कौशिक (63 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता। इससे पहले देश ने एक चरण में एक कांस्य से ज्यादा पदक नही प्राप्त किए थे। हम जिस लिए यहां आए थे, हमने वो कर दिखाया है। हमने पदक जीते और पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन किया। लख्य हासिल कर लिया। उन्होंने कहा, चीन और अजरबेजान जैसे देश जो काफी अच्छे है, वे बिना पदक के लौट रहे है जबकि हमने अपनी तालिका में सुधर किया है जो शानदार है। हम गर्व महसूस कर सकते है। राष्ट्रीय कोच सी ए कटप्पा ने कहा, मै शानदार प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा था लेकिन सच बताऊंतो मै मुक्केबाजों की ऊर्जा से हैरान रह गया। हमारी उम्मीदें पूरी ही नही हुईं बल्कि हमने इससे ज्यादा हासिल किया। हमें अभी काफी काम करना है लेकिन हम करीब आ रहे है। हम मानते है कि हम कजाखस्तान और उज्बेकिस्तान के साथ बराबरी कर सकते है। हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे है।

## लावेर कप में यूरोप ने बनाई 7-5 से बढ़त

एजेंसी। जिनेवा

जैस सोक और निक किर्गियोस की जोड़ी ने यहां चल रहे लावेर कप टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दिन राफेल नडाल और स्टेफानोस सिटसिपास की जोड़ी को शिकस्त दी, लेकिन इसके बावजूद यूरोप ने टीम वर्ल्ड पर 7-5 की बढ़त बनाई हुई है।

सोक और किर्गियोस ने शनिवार को युगल मुकाबले में 6-4 3-6 10-6 से जीत हासिल की। अमेरिकी ओपन जीतने के बाद नडाल (19 ग्रैंडस्लैम खिताब) ने अपने पहले एकल मैच में मिलोस राओनिच को 6-3 7-6 से हराया था लेकिन युगल में उन्हें हार मिली। बीस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन रोजर फेडरर ने शुक्रवार को एलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ मिलकर युगल मुकाबले में जीत हासिल की थी और उन्होंने आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी किर्गियोस को 6-7 7-5 10-7 से शिकस्त दी। टीम वर्ल्ड के जान इस्नर ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ज्वेरेव को 6-7 6-4 10-। से शिकस्त दी। तीन दिवसीय लावेर कप में पहले दिन विजेता को एक अंक, दूसरे दिन दो अंक और तीसरे दिन तीन अंक दिए जाते हैं। यूरोप ने शिकागो में 2018 के चरण में 13-8 से जीत हासिल की थी।

### नडाल हाथ की चोट के कारण हटे



**पेरिस।** यूएस ओपन चैंपियन राफेल नडाल हाथ की चोट के कारण लीवर कप टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह अब डोमिनिक थीम यूरोप की टीम की तरफ से विश्व टीम के निक किर्गियोस का सामना करेंगे जबकि स्टीफेनोस सिटसिपास स्विस दिग्गज रोजर फेडरर के साथ युगल में उतरेंगे। नडाल ने कहा कि उनका हाथ सूज गया है और वह खेद के साथ इस टूर्नामेंट से हट रहे हैं। मैंने यहां लीवर कप में बहुत अच्छा समय बिताया लेकिन मुझे निराशा है कि मैं आज नहीं खेल पाया। मेरे हाथ में सूजन है और मुझे विश्राम की जरूरत है।

## यू मुंबा ने गुजरात फार्चूनजाइंट्स को 31-25 से धूल चटाई



### ● प्रो कब्बड्डी लीग

एजेंसी। जयपुर

यू मुंबा ने आलराउंड खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) मैच में रविवार को गुजरात फार्चूनजाइंट्स को 31-25 से हराया। अभिषेक सिंह ने यू मुंबा की तरफ से सुपर 10 का स्कोर बनाया। उन्होंने कुल 11 अंक बनाए। यूं मुंबा के सुरिंदर सिंह और हरेंद्र कुमार ने डिफेंन्स में भी शानदार खेल दिखाकर अंक जुटाए। इस जीत से मुंबई टीम अंकतालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है और उसने प्लेआफ में जगह बनाने की अपनी उम्मीदें बढ़ा दी हैं।

## लाहिड़ी खिसके, संयुक्त 55वें स्थान पर



एजेंसी। जैकसन (अमेरिका)

भारतीय गोल्फर दो ओवर 74 के निराशाजनक कार्ड से यहां सैंडरसन फार्म्स चैम्पियनशिप के तीसरे दौर के बाद संयुक्त 55वें स्थान पर खिसक गए। लाहिड़ी का स्कोर तीन दौर के बाद तीन अंडर का है। वह दूसरे दौर में 70 का कार्ड खेलकर अच्छी स्थिति में थे। लेकिन तीसरे दौर में वह दो डबल बोगी और दो बोगी कर बैठे जबकि केवल चार बर्डी कर पाए जिससे वह बीती रात के स्थान से खिसक गए। कोलंबिया के सेबेस्टिन मुनोज ने एक शाट की बढ़त बनाई हुई है, उन्होंने नौ अंडर 63 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर 16 अंडर 200 है।

### मदप्पा संयुक्त 12वें और गंगजी संयुक्त 18वें स्थान पर रहे

**इंचियोन।** भारतीय गोल्फर विराज मदप्पा और राहिल गंगजी ने रविवार को यहां 35वें शिनहन डोंगाही ओपन के अंतिम दौर में थोड़ा बेहतर कार्ड खेला जिससे दोनों क्रमशः संयुक्त 12वें और संयुक्त 18वें स्थान पर रहे। इस टूर्नामेंट में केवल दो भारतीय ही कट मे प्रवेश कर पाए थे। मदप्पा ने 70 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर पांच अंडर रहा जबकि गंगजी ने 69 का कार्ड खेला और उनका कुल स्कोर चार अंडर रहा। दक्षिण कोरिया के जबे क्रूगर ने छह अंडर पार 65 का कार्ड खेलकर दो शाट की बढ़त से खिताब अपने नाम किया। इस तरह उन्होंने एशियाई टूर पर सात साल के सूखे को समाप्त किया।

## सेंट पीटर्सबर्ग ओपन में दिविज ने पुरुष युगल में चैम्पियन बने

एजेंसी। सेंट पीटर्सबर्ग (रूस)



भारतीय टेनिस खिलाड़ी दिविज शरन ने रविवार को स्लोवाकिया के इगोर जीलेने के साथ रविवार को सेंट पीटर्सबर्ग ओपन का खिताब अपने नाम किया। भारतीय खिलाड़ी के लिए यह करियर का पांचवां जबकि सत्र का दूसरा खिताब है। इससे पहले वह पुणे में खेले गए महाराष्ट्र ओपन के विजेता रहे थे। फाइनल में भारत-स्लोवाकिया के खिलाड़ियो की जोड़ी ने एक घंटे 17 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में इटली के मैट्टो बेरेटिनी और सिमोन बोलेली की जोड़ी को 6-3 3-6 10-8 से हराया। दिविज ने इस खिताब को अपनी मां के नाम समर्पित किया जिनका रविवार को जन्मदिन था। मुझे यह महसूस करने में थोड़ा समय लगा कि हमने वास्तव में मैच जीत लिया है। यह अचानक हुआ था। मैं इस जीत को अपनी मां को समर्पित करना चाहूंगा क्योंकि आज उनका जन्मदिन है। इगोर का यह पहला एटीपी खिताब है।

### वीनस विलियम्स वुहान ओपन से बाहर



**वुहान।** वीनस विलियम्स रविवार को यहां वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पहले दौर में ही हमवतन डेनली कोलिन्स से 7-5, 7-6 (715) से हारकर बाहर हो गई। वुहान ओपन में 2015 की चैंपियन वीनस पहले सेट में बढ़त पर थी लेकिन कोलिन्स ने 3-5 से पिछड़ने के बाद वापसी की और इसके बाद लगातार नौ गेम जीतकर 7-5, 5-0 से जीत के करीब पहुंच गई। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली वीनस ने हालांकि शानदार वापसी की और वह दूसरे सेट को टाईब्रेकर तक ले गई लेकिन आखिर में उन्हें मैच गंवाना पड़ा। कोलिन्स अगले दौर में नौंवीं वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका से होगा जिन्होंने अलिक्सांद्रा सासनोविच को 6-।, 6-2 से पराजित किया।

## भारत-बांग्लादेश के बीच तीसरा वनडे मैच आज



### ● अंडर-23 वनडे सीरीज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारत और बांग्लादेश के बीच तीसरा अंडर-23 एकदिवसीय मैच सोमवार को खेला जाएगा। अभी तक खेले गए दोनों मैच में कमजोर आंकी जाने वाली बांग्लादेश टीम ने भारत की मजबूत टीम को कड़ी टक्कर दी है। बांग्लादेश ने पहला मैच 34 रन से गंवाने के बाद बारिश से बाधित मैच में डकवर्थ लुईस के तहत पांच रन से जीत दर्ज की थी। इसको देखते तीसरे मैच में कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है। अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में अभी तक धीमी गति के गेंदबाजों का दबदबा रहा है। भारत की तरफ से शुभंग हेगड़े, रितिक शोकीन और यशस्वी जायसवाल ने अच्छी गेंदबाजी की है। वहीं बल्लेबाजी में आर्यन जुग्याल ही चले हैं। कुछ इसी तरह का प्रदर्शन बांग्लादेश का रहा है। टीम: भारत- प्रियम गर्ग (कप्तान), आर्यन जुग्याल, कार्तिक त्यागी, माधव कौशिक, यशस्वी जायसवाल, बीआर शरथ, समर्थ व्यास, रित्विक राय चौधरी, कुमार सूरज, अजीत सेठ, शुभंग हेगड़े, ऋत्विक शेकीन, दुष्यंत सोनी, अर्शदीप सिंह, हरप्रीत बरार। कोच: ऋषिकेष कानिकटकर। बांग्लादेश- सैफ हसन (कप्तान), फरदीन हुसैन, शब्बीर हसन, महिदुल इस्लाम, यासिर अली, मो. अली अमीन, जाकिर हसन, जाकिर अली अनिक, अरीफुल हसन, तनवीर इस्लाम, मैदेयी हसन, मानिक खान, शफीकुल इस्लाम, सोमन खान, रबीउल इक। मैनेजर: हबीबुल बशर। कोच: साइमन ग्रांट।

### दिव्यांशु और गुनगुन ने जीते खिताब



**लखनऊ।** दिव्यांशु श्रीवास्तव और गुनगुन साहू ने अंतर स्कूल टेबल टेनिस टूर्नामेंट में बालक और बालिका का एकल खिताब जीत लिया है। यूपीटीटीए में आयोजित प्रतियोगिता के बालक एकल के फाइनल में दिव्यांशु श्रीवास्तव ने अली अब्बास को 6-11, 11-7, 11-6, 11-5 से पराजित किया। वहीं बालिका एकल के खिताबी मुकाबले में गुनगुन साहू ने एलीना मिश्रा को 11-8, 12-10, 11-6 से हराया।



# उम्मीदों से भरा भविष्य

**लेफ्टीनेंट जनरल डॉ. एसपी कोचर का कहना है कि कृत्रिम मेधा के कारण टेलीकॉम उद्योग महापरिवर्तन से गुजर रहा है और जो विपुल अवसरों के द्वार खोलता है।**

किसी भी अन्य उद्योग की तरह, टेलीकॉम उद्योग भी आज महापरिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। यह उद्योग डिजीटल रूपांतरण के मुकाम पर पहुंच गया है और उसने नवयुगीन तकनीकों के संदर्भ में उल्लेखनीय बदलाव किए हैं। इन उभरती तकनीकों के आगमन ने लाखों लोगों को संवाद व अंतर्क्रिया के अलावा सूचना हासिल करने के नए तरीके आजमाने का अवसर प्रदान किया है, जिसने किसी रूप में इंसानी जीवनशैली पर एक दूरगामी प्रभाव डाला है।

अनेक संचार सेवा प्रदाता (सीएसपी) हैं जिन्होंने अपने ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए मल्टी चैनल नजरिया अपनाना शुरू किया है। कस्टम सर्विस से लेकर डिलीवरी तक, वैयक्तीकरण से लेकर उत्पाद गुणवत्ता तक, शिकायतें निपटाने से लेकर सामाजिक दायित्व तक, ग्राहक सेवा प्रदाताओं से मुख्यत: उच्च स्तरीय सेवा की अपेक्षा करते हैं।

हालांकि, संयोग से, यदि ग्राहक को अपेक्षित स्तर पर सेवाएं नहीं प्राप्त होती हैं, तो वह अन्य प्रदाता तलाशता है जो उसकी अपेक्षाओं पर खरा उतरता हो। कम्युनिकेशन नेटवर्कों में बढ़ती जटिलताएं कम करने के लिए, टेलीकॉम कंपनियां प्रचालनकारी लागतें घटाने के साथ साथ, आटोमेशन तथा कृत्रिम मेधा की सहायता से अपनी सेवा गुणवत्ता उन्नत कर सकती हैं। कृत्रिम मेधा के अलावा, बिजनेस इंटेलीजेंस एवं डाटा साइंस, साइबर सिक्युरिटी, ब्लॉक चेन, इंटरनेट सामग्री, एंड्रॉएड, संवर्धित वास्तविकता एवं वर्चुअल वास्तविकता एवं रोबोटिक्स आदि कुछ ऐसे सर्वाधिक प्रभावशाली तकनीकें हैं जो टेलीकॉम कंपनियों की सहायता करेंगी।

एआई कार्यभारों का स्वचालन है जो क्रियान्वयन में इंसानी बुद्धि की मांग करता है। मशीन को कुछ इस प्रकार बनाया जाता है कि यह इंसानों की तरह सोचती है तथा उनके कार्यों की नकल करती है। मकसद है ऐसे कार्य संपादित करना जो उनके लिए सर्वाधिक सरल हों जिन्हें करना अधिक जटिलतापूर्ण होता है। आश्चर्यजनक ढंग से, हम सभी डिजीटल वॉयस असिस्टेंट्स के जरिए अपनी दैनंदिन गतिविधियों में एआई का उपयोग करते हैं। एआई बगैर हाथों का उपयोग किए, सिर्फ उन्हें तयशुदा कार्य करने का आदेश देते हुए, यूजर्स को उनके उपकरणों व सेवाओं से संवाद करने का अवसर देती है, मसलन संगीत बजाना, अलार्म सेटर या लाइट जलाना या बुझाना।

## लाभ:

■ **कस्टमर नेटवर्क अनुभव बेहतर बनाना:** एआई प्लेटफार्म निर्मित करके, कंपनियां आसानी से ग्राहक अनुभव का मूल्यांकन कर सकती हैं। इससे टेलीकॉम कंपनियों को समझने में सहायता मिलती है कि किस ग्राहक ने नेटवर्क के कारण बुरे अनुभव का सामना किया। एआई आधारित विश्लेषण टेलीकॉम कंपनियों को दूरदर्शितापूर्ण डाटा प्रदान करता है जिससे कि वे समझ सकें कि किस ग्राहक को किस प्रकार की समस्याएं हैं और उन समस्याओं का समाधान कैसे किया जा सकता है।

■ **आटोमेशन कस्टमर सर्विस:** एआई आधारित बोट्स, बगैर किसी इंसान हस्तक्षेप के, एक साथ हजारों लोगों से संवाद कर सकते हैं। एआई मॉडल्स टेलीकॉम कंपनियों को सकारात्मक कदम उठाने का अवसर प्रदान करते हैं जब ग्राहक जिज्ञासा व्यक्त करता है। एआई आधारित चेटबोट्स सरल प्रश्नों का अपने आप उत्तर देते हैं जिसमें ग्राहक को सेवा प्रदाता से त्वरित जवाब की आवश्यकता होती है।

■ **बिक्री बढ़ाना :** सेल्स में उच्च क्लोजिंग दर हासिल करने के लिए, सही समय पर ग्राहक को उत्तम समाधान प्रस्तावित करना महत्वपूर्ण है। एआई आधारित सेल्स उपकरण इसे हासिल करने के लिए टैलीकाम सेल्स विभाग को सक्षम बनाते हैं। एआई मॉडल अगले सर्वोत्तम प्रस्तावों के लिए टेलीकॉम विक्रय प्रतिनिधियों को प्रस्तावनाएं देता है।

टेलीकॉम कन्युनिकेशन दायरे में एआई की भूमिका अपरिहार्य है। तकनीक ने ग्राहक सेवा से परे टेलीकॉम नेटवर्कों के अन्य क्षेत्रों की दिशा में मार्ग प्रशस्त किया है। यह नेटवर्क दक्षता बढ़ाने, आपरेशन संबंधी लागतें घटाने तथा ग्राहक अनुभव तथा सेवा गुणवत्ता सुधारने में आपरेटरों की सहायता करता है।

उभरती तकनीकों की महत्ता तथा टेलीकॉम इंडस्ट्री में आटोमेशन की बढ़ती मांग को देखते हुए, इन तकनीक आधारित योग्यताओं में ढलने के लिए भावी कार्यशक्ति को प्रशिक्षित करने की जरूरत है। एआई, बिगडाटा, मशीन लर्निंग जैसी तकनीकों के रूप में एवं इंटरनेट सामग्री ने टेलीकॉम दायरे में अपने पांव पसारने शुरू कर दिए हैं, इस इंडस्ट्री में मौजूदा नौकरियां जबरदस्त परिवर्तन का सामना करेंगी। इसीलिए, रणनीतिक फोकस है नवयुगीन तकनीकी दुनिया में युवा प्रतिभा भंडार की मांग पैदा करना। आज, एआई, बिगडाटा, मशीन लर्निंग एवं आईओटी ऐसी अहम योग्यताएं बन गयी हैं जिनकी टेलीकॉम उद्योग प्रतीक्षा कर रहा है और ये तकनीक आधारित योग्यताएं टेलीकॉम सेक्टर में बड़ा बदलाव लेकर आएंगी।

टेलीकॉम इंडस्ट्री भारत को डिजीटल बनाने के लक्ष्य को सशक्तीकरण के प्रति समर्पित है। इन तकनीकों के आगमन के कारण, टेलीकॉम सेक्टर में बदलते रोजगार अवसरों को ध्यान में रखते हुए, टेलीकॉम सेक्टर स्किल कौंसिल भावी कार्यशक्ति की तैयारी कर रही है जो न केवल औद्योगिक रूपांतरण बल्कि नए अवसरों को सृजन का माध्यम बनेगी। कौंसिल उभरती तकनीक आधारित रोजगार भूमिकाओं की योजना बना रही है, उन्हें योग्यता प्रशिक्षण प्रदान कर रही है व रोजगार के लिए तैयार कर रही है।

– (लेखक टेलीकॉम सेक्टर स्किल कौंसिल के सीईओ है।)

> “ एआई, बिगडाटा, मशीन लर्निंग जैसी तकनीकों के रूप में एवं इंटरनेट सामग्री ने टेलीकॉम दायरे में अपने पांव पसारने शुरू कर दिए हैं, इस इंडस्ट्री में मौजूदा नौकरियां जबरदस्त परिवर्तन का सामना करेंगी। इसीलिए, रणनीतिक फोकस है नवयुगीन तकनीकी दुनिया में युवा प्रतिभा भंडार की मांग पैदा करना।

## स्कॉलरशिप




### द काल्वरी युनिवर्सिटी अमरीका




में युनिवर्सिटी के अंडरग्रेजुएट डिग्री की पढ़ाई पूरी करने के लिए छात्रों को सहयोग का अवसर प्रदान कर रही है। इसमें विदेशी छात्र भी आवेदन कर सकते हैं। छात्रवृत्ति ट्यूशन फीस के मद में 500 से 2000 डॉलर के विभिन्न अवार्ड प्रदान करेगी।

**योग्यता:** इस छात्रवृत्ति की योग्यता पाने के लिए, आवेदकों को 2000–2021 सत्र के लिए युनिवर्सिटी में पूर्णकालिक बैचलर डिग्री कोर्स में प्रवेश लेना आवश्यक होगा। आवदेक अनिवार्यत: जूनियर या सीनियर अंडरग्रेजुएट या ग्रेजुएट इंटरनेशनल छात्र होना चाहिए। आवेदक डिग्री पाने के इच्छुक तथा पूर्णकालिक (कम सेकम 12 घंटा अंडरग्रेजुएट या कम से कम 9 घंटा सेमिनरी) पंजीकृत छात्र होने चाहिए।


आवेदकों को एक निबंध, हायर सेकेंडरी ग्रेड कार्ड जमा करने होंगे तथा उन सभी स्कूलों के अधिकृत दस्तावेज भी जिसमें उन्होंने भाग लिया है तथा औपचारिक अकादमिक ग्रेड प्राप्त हो। आवेदकों को फाफ्सा आवेदन जमा करने के अलावा युनिवर्सिटी में बैचलर डिग्री कोर्स में आवेदन करने के लिए अपने ऐसीटी व एसएटी स्कोर दर्ज कराने होंगे। भाषा नियम: आवेदकों के पास लेखन, शिक्षण व बोलने में अंग्रेजी भाषा में दक्षता प्राप्त होना आवश्यक है।

**आवेदन कैसे करें:** बैचलर डिग्री कोर्सवर्क प्रोग्राम में पंजीकरण कराएं। आवेदकों को आवेदन फार्म डाऊनलोड करना होगा तथा निम्न पते पर जमा करना होगा: फाइनैंशियल ऐड आफिस, काल्वरी युनिवर्सिटी, 15800 कालवरी रोड, कंसास सिटी, एमओ 64147, फोन नं– 8164256134, finaid@calvary.edu पर जमा करना होगा।

**आवेदन की अंतिम तिथि:** 1 दिसंबर, 2019।

---

### सिंगापोर इंटरनेशनल ग्रेजुएट अवार्ड



विभिन्न विश्वविद्यालयों की सहायता से, साइंस, टेक्नोलाजी एवं रीसर्च अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए सिंगापोर इंटरनेशनल ग्रेजुएट अवार्ड प्रस्तावित कर रहा है।

**योग्यता:** बायोमेडिकल साइंसेज व फिजीकल साइंस व इंजीनियरिंग जैसे विषयों को अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। आवेदकों में प्रवेश की योग्यता हासिल करने के लिए लेखन तथा अंग्रेजी भाषा बोलने में अच्छी निपुणता होनी चाहिए और वे अकादमिक निर्णायकों में अच्छी प्रतिष्ठा प्राप्त हों। शोध करने की लगन रखने वाले सभी विदेशी स्नातक आवेदन करने तथा अवार्ड की प्रतिस्पर्धा में आमंत्रित है।

**आवेदन कैसे करें:** आवेदन करने के लिए आपको नीचे दिए गए लिंक– https://app.a-star.edu.sg/sms/applicant/Login.aspx पर अपना ईमेल पता दर्ज करते हुए साइन अप करना होगा।

**आवेदन की अंतिम तिथि:** अगस्त 2020 के सत्र में भाग लेने वालों के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 1 दिसंबर, 2019 है।

# अपार है फैशन डिजाइन की संभावना

**अमनदीप सिंह कहते हैं कि अगर आपको रंगों, आकारों व डिजाइनों से जादू रचना पंसद है, तो फैशन डिजाइनर के रूप में काम करना आपके लिए उत्तम है–**

भारत में, फैशन इंडस्ट्री अभी चलन में आना शुरू हुई है। यह इंडस्ट्री प्रतिभाशाली, मेहनती व उत्साही लोगों के लिए चुनींदा अवसर प्रस्तावित करती है। फैशन डिजाइन कपड़ों तथा जीवन शैली सामग्रियों की डिजाइनिंग के लिए समर्पित कला है। फैशन डिजाइनिंग ने शाही लोगों द्वारा पहने जाने वाले डिजाइनर कपड़ों से लेकर आज के फैशनेबल कपड़ों तक का एक लंबा रास्ता तय किया है।

फैशन डिजाइनिंग आज की दुनिया में सर्वाधिक लाभदायक , आकर्षक, ग्लेमरस, और रोमांचकारी करियर विकल्पों में से एक है। यदि आपमें रचनात्मकता, स्टाइल व मौलिकता के गुण हैं तो फैशन डिजाइनिंग में करियर आपके लिए सर्वाधिक अनुकूल है।

एक तरफ, फैशन इंडस्ट्री लोगों की रचनात्मक कल्पनाओं तथा भौतिकवादी आवश्यकताओं दोनों को संतुष्ट करती है। दूसरी तरफ, यह प्रतिभाशाली लोगों को ग्लेमर, प्रसिद्धि, सफलता तथा शानदार वेतन का वादा भी करती है। इस कारण, यदि आप रंगों, आकारों व डिजाइनों के साथ जादू रच सकते हैं तो बस फैशन डिजाइनिंग की आकर्षक दुनिया में एक कामयाब करियर बनाने के लिए एक पेशेवर कोर्स कर लें। प्रतिष्ठित फैशन संस्थान में प्रवेश की आपकी दौड़ स्कूल के बाद सीधे शुरू हो जाएगी। यहां कुछ चरणों का उल्लेख हैं जो आपको अपने करियर की दिशा में आगे बढ़ने में सहायता कर सकते हैं।

**अपनी विशेषता को जानें:** फैशन डिजाइनर के रूप में करियर शुरू करने के लिए, दो प्रकार की योग्यताएं आवश्यक हैं– एक है स्वाभाविक तथा दूसरी है अर्जित।

■ स्वाभाविक योग्यताओं में एक सौम्य सौंदर्यबोध, रंग विशेषज्ञता, सुरुचिपूर्णता, तथा फैशन व चलन की समझ सम्मिलित होगी। व्यापक दृष्टि के बतौर, कपड़े की जानकारी आदि होना उन लोगों के लिए एक बड़ा लाभ है जो फैशन डिजाइनर के रूप में करियर बनाने को लेकर गंभीर हैं।

■ अर्जित योग्यताओं में एक शानदार, मान्यता प्राप्त फैशन संस्थान से योग्यता हासिल करना आता है। आप या तो पूर्णकालिक कोर्स में या अंशकालिक सर्टीफिकेट कोर्स के लिए पंजीकृत हो सकते हैं। अनेक अल्पकालिक सर्टीफिकेट कोर्स हैं जो पार्ट टाईम आधार पर, अति विशिष्टता के लिए एक ही फैशन संस्थान द्वारा प्रस्तावित किए जाते हैं। ये कोर्स आपको तकनीकी एवं रचनात्मक चिंतन योग्यताओं से लैस करते हैं।

■ **कोर्स कितना महंगा होगा?**

फीस का ढांचा संस्थान के अनुसार अलग अलग है। हालांकि, औसतन, आपको किसी प्रतिष्ठित संस्थान से फैशन डिजाइनिंग का कोर्स पूरा करने के लिए सालाना 50000 रूपए से अधिक अदा करने पड़ेंगे। कोर्स के सफल समापन के बाद, आप स्वरोजगार भी कर सकते हैं। वैकल्पिक रूप से, अनेक एक्सपोर्ट कंपनियां, गारमेंट स्टोर की श्रंखलाएं, टेक्सटाइल मिल्स, चमड़ा कंपनियां, बूटीक्स, फैशन शो आयोजनकर्ता, ज्वेलरी संस्थान एवं मीडिया संस्थान फैशन डिजाइनिंग में करियर बनाने के इच्छुक पेशेवरों को नियुक्त करते हैं।

■ **वेतन का पैकेज:** शुरुआती मासिक पैकेज लगभग 10 से 15 हजार के आसपास हो सकता है। अनुभव प्राप्ति के बाद, आप डिजाइनिंग योग्यताओं में परिपक्वता हासिल करेंगे और बाद के कुछ वर्षों में आपका वेतन प्रति माह 30 से 40 हजार के बीच हो जाएगा। निश्चित रूप से, यदि आप एक प्रतिष्ठित डिजाइनर बनते हैं आप दुनिया से मांग कर सकते हैं।

वेतन तथा फैशन डिजाइन नौकरियों की प्रगति, दोनों संदर्भों में बेहतर पाठ्यक्रम जबरदस्त है और यह भारत के बाजारों से परे अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक फैलता है।

भारतीय फैशन डिजाइनर लगभग सभी देशों में बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और इसीलिए फैशन डिजाइनिंग के छात्रों के लिए संभावनाएं विस्तारित हुई हैं। रितु बेरी, ऋतु कुमार, रोहित बल, सत्य पॉल तथा तरुण तहलियानी विश्व विख्यात हैं। फैशन डिजाइन सप्ताह एक अंतर्राष्ट्रीय फैशन आयोजन बन गया है, जिसमें व्यापारिक लेनदेन में उपस्थिति दर्ज करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्टोर्स के खरीदार भाग लेते हैं।

जैसे ही आप कोर्स पूरा करते हैं आप गारमेंट की क्रमिक बनावट के माहिर होते जाएंगे: डिजाइनिंग से लेकर पैटर्न निर्माण, प्रोडक शन, और यहां तक मार्केटिंग तक। देश में फैशन डिजाइन नौकरियों की संभावना अपार है क्योंकि भारतीय धीरे धीरे फैशन सजग हुए हैं और हर रूप में इसमें आगे बढ़ना चाहते हैं।



**अमनदीप सिंह**
एमडी, आईएनएसडी

> “ भारतीय फैशन डिजाइनर लगभग सभी देशों में बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और इसीलिए फैशन डिजाइनिंग के छात्रों के लिए संभावनाएं विस्तारित हुई हैं। रितु बेरी, ऋतु कुमार, रोहित बल, सत्य पॉल तथा तरुण तहलियानी विश्व विख्यात हैं।

# बेहतर लिखना कोई भी सीख सकता है

**साकेत कुमार सिंह कहते हैं कि उत्कृष्ट लेखन योग्यताएं हमेशा एक संपदा रहेंगी भले आप अपना करियर शुरू करना चाहते हों या कार्पोरेट जगत में आगे बढ़ना चाहते हों**

कंटेंट राइटिंग हर किसी को अनंत अवसर प्रस्तावित करती है। उत्कृष्ट लेखन योग्यताएं हमेशा एक संपदा रहेंगी भले आप अपना करियर शुरू करना चाहते हों या कार्पोरेट जगत में आगे बढ़ना चाहते हों या खासी कमाई वाला ऑनलाईन बिजनेस करना चाहते हों। अच्छी बात यह है कि अच्छा लिखना कोई भी सीख सकता है। इस कारण यदि आप अपनी योग्यताओं को निखारने तथा अपनी आय क्षमता को बढ़ाने की योजना बना रहे हैं तो अपने पहले विकल्प के रूप में कंटेंट लेखन पर विचार करें। अपने लेखन के जरिए आप एक व्यापक क्षेत्र में अपने करियर को उन्नत या आगे बढ़ा सकते हैं।

■ **कार्पोरेट जगत में प्रवेश करने में सहायक होगी कंटेंट राइटिंग:**

कंटेंट राइटिंग से आपको कार्पोरेट जगत में दाखिल होने में सहायता मिलेगी। आप कार्पोरेट सीढ़ी चढ़ते हैं। उत्कृष्ट राइटिंग योग्यताएं सार चिंतन की ओर ले जाती हैं। दुनिया में प्रत्येक नौकरी के लिए सुव्यवस्थित एवं विश्लेषणकारी सोच की आवश्यकता होती है। इस कारण, यदि आप एक अच्छे लेखक हैं तो आप अनेक रूपों में अपने सहकर्मियों व बॉस की सहायता कर सकते हैं। प्रेरणादायी इमेल, प्रसार कार्य संभालने, सौदेबाजी करने संबंधी लेखन से लेकर भागीदारीपूर्ण प्रस्तुतियां तैयार करने तक, आप अपने संगठन के शीर्ष बौद्धिक कार्य के लिए एक अपरिहार्य व्यक्ति बन जाते हैं। इस लिए, उत्कृष्ट लेखन योग्यताएं कार्पोरेट सीढ़ी को तेजी से पार करने का त्वरित मार्ग बन सकती हैं और आपको अपने पेशेवर लक्ष्य हासिल करने में सहायता कर सकती हैं।

■ **उच्च आय वाले ऑनलाइन बिजनेस का निर्माण:**

एक लेखक के रूप में, आप घर से काम कर सकते हैं, अपनी खुद की दिनचर्या बना सकते हैं और अपनी मर्जी से बहुत ज्यादा या बहुत कम काम कर सकते हैं। आपको बस एक लेपटाप तथा एक स्थायी इंटरनेट कनेक्शन की जरूरत है। उत्कृष्ट लेखन योग्यताएं , खासे शुरुआती निवेशों के बिना, एक ठोस व हाई प्रोफाइल ऑनलाईन बिजनेस का निर्माण करने में आपकी सहायता कर सकती हैं।

■ **चुन सकते हैं कंटेंट राइटिंग में करियर:** आप कंटेंट राइटिंग में करियर बना सकते हैं। एक फ्रीलांस अनाम लेखक बनें। बतौर फ्रीलांस अनाम लेखक के रूप में, आपका लेखन कार्य आपके ग्राहक के नाम से प्रकाशित होता है। आपको अपने प्रयासों का धन मिलता है। अधिकांश लेखक इस विकल्प का चुनाव करते हैं क्योंकि यह आसान है और इसकी सफलता दरें अधिक हैं। फ्रीलांसर के रूप में, आप तत्काल कमाना शुरू कर सकते हैं। अनेक फ्रीलांस लेख हर महीने दो से तीन लाख रूपए कमाते हैं।

■ **कुछ लेखक निम्न क्षेत्रों में किसी एक में माहिर होने का फैसला करते हैं:**

**कापी राइटर:** कापी राइटर्स छोटा, संक्षिप्त एवं प्रेरणादायी कंटेंट लिखते हैं ताकि पाठक को पहल करने के लिए मनाया जा सके। वे उन सभी विज्ञापनों के पीछे की आवाज हैं जिन्हें आप इंटरनेट या किसी अन्य माध्यम पर देखते हैं। कापीराइटर्स आम तौर पर घंटा दर के अनुसार लेखन शुल्क लेते हैं जो 500 रूपए से लेकर 3000 प्रति घंटा हो सकता है।

■ **टेक्नीकल राइटर्स:** चूंकि विषय–विशेषज्ञ शायद अच्छा लेखक न हो तथा एक अच्छा लेखक विषय विशेषज्ञ न हो, मगर योग्य तकनीकी लेखकों की खासी मांग हमेशा बनी रहती है। तकनीकी लेखक अपनी इस विशेषज्ञता के लिए 1 रूपए से लेकर 5 रूपए प्रति शब्द का लेखन शुल्क लेते हैं।

■ **बिजनेस राइटर्स:** बिजनेस राइटर्स में इमेल लिखना, बिजनेस ब्लॉक या लेख लिखना, वेब कंटेंट, बिजनेस योग्यताएं, केस स्टडीज, प्रेस विज्ञाप्तियां व अन्य कार्य आते हैं। फ्रीलांस बिजनेस लेखक के रूप में, आपको प्रत्यक्ष लेखन शैली विकसित करनी होती है जो कार्य पूरे होने में सहायता करती है। बिजनेस राइटर्स प्रति शब्द पचास पैसे से लेकर तीन रूपए प्रति शब्द मेहनताना लेते हैं।

■ **ऐकेडमिक राइटर्स:** फ्रीलांस ऐकेडमिक लेखन का बाजार ईलर्निंग इंडस्ट्री की उल्लेखनीय प्रगति तथा छात्रों की वैयक्तिक सहायता के कारण फलफूल रहा है। ऐकेडमिक लेखक अपने पेशेवर शुल्क के रूप में पचास पैसे से लेकर चार रूपए प्रति शब्द मेहनताना लेते हैं।

■ **पूर्ण कालिक ब्लॉगर बनें :** यदि आपके पास किसी क्षेत्र विशेष की तकनीकी विशेषज्ञता है, तो यह एक लाभदायक ऑनलाइन बिजनेस खड़ा करने का सर्वोत्तम विकल्प है। ब्लॉग आरंभ करें, उसमें नियमित रूप से बेहतर कंटेंट पोस्ट करें, अपने पाठक बनाए और ब्लॉग का मुद्रीकरण करें। ब्लॉग से उल्लेखनीय आमदनी पैदा करने में लगभग 6 से 9 महीने लगते हैं। जैसे ही आपको पाठक मिल जाते हैं, तो पीछे देखने की कोई संभावना नहीं रहती। अनेक पूर्णकालिक ब्लागर्स सालाना दस से अधिक लाख कमाते हैं।



**साकेत कुमार सिंह**
फाउंडर – एजुकेशन एंड कॅरियर टाइम्स

> “ भारतीय फैशन डिजाइनर लगभग सभी देशों में बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और इसीलिए फैशन डिजाइनिंग के छात्रों के लिए संभावनाएं विस्तारित हुई हैं।